सूर्योदय 6:37 सूर्यास्त 5:33

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,938.71 |
| निफ्टी | 25,722.10 |
| सोना | 1,20,815 |
| चांदी | 1,49,142 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 1 नवंबर 2025 | 17 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 304, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सीएम ने वर्चुअली किया रेणुका मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को नई दिल्ली से वर्चुअली से रेणुका मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए 29.50 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने संगड़ाह तहसील के माइना बाग में 6.47 करोड़ रुपए से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन और नौहराधार में 2.20 करोड़ से निर्मित सब मार्किट यार्ड चरण-1 का उद्घाटन किया। उन्होंने 2 करोड़ रुपए से बनने वाली रेणुका जी-ददाहू बिरला सड़क, जल शक्ति विभाग उपमंडल नौहराधार के तहत रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए 17.89 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया।

### तेलंगाना सरकार में अजहरुद्दीन बने मंत्री

**एजेंसी, हैदराबाद।** पूर्व क्रिकेटर और एमएलसी मोहम्मद अजहरुद्दीन ने



शुक्रवार को तेलंगाना सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में उन्हें तेलंगाना गवर्नर जिष्णु देव वर्मा ने शपथ दिलाई। वे राज्य के 16वें मंत्री होंगे। उधर, भाजपा ने अजहरुद्दीन के मंत्री बनाए जाने का विरोध किया है। भाजपा का कहना है कि जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने से यह आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस तुष्टिकरण की की राजनीति कर रही है। भाजपा ने राज्य चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है। दरअसल, तेलंगाना की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 30% हैं। माना जा रहा है कि अजहरुद्दीन की कैबिनेट में एंट्री से कांग्रेस को फायदा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### विमल केस: एएसआई पंकज को सशर्त जमानत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एचपीपीसीएल अधिकारी विमल नेगी की रहस्यमय मौत से जुड़े मामले में गिरफ्तार पुलिस एएसआई पंकज शर्मा को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश सुनाते हुए कहा कि कानून के तहत मुकदमे से पहले सज़ा देना वर्जित है, क्योंकि दोषी साबित होने तक हर व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। अदालत के इस निर्णय को केंद्रीय जांच ब्यूरो के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जो इस मामले की जांच कर रही है। सीबीआई ने एएसआई पंकज पर आरोप लगाया था कि उसने मृतक अधिकारी के पास से मिली एक महत्वपूर्ण पेन ड्राइव से छेड़छाड़ की थी। एजेंसी का कहना था कि इस पेन ड्राइव में ऐसी जानकारी मौजूद थी, जिससे विमल नेगी की मौत की गुत्थी सुलझाई जा सकती थी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- युवाओं ने अनुराग के साथ लगाई 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ पेज 2
- जल शक्ति और ग्रामीण विकास विभाग के बीच एमओयू -पेज 3
- डीसी के पास पहुंचा फर्जी परिवार रजिस्टर पंजीकरण मामला -पेज 4
- गरीबों को अधिक लाभ दिलवाएं अधिकारी: सन्नी -पेज 9
- बघाट बैंक से आपातकालीन जरूरत के लिए निकाल सकेंगे पैसा -पेज 12

## शिमला में कांपी धरती घरों से बाहर भागे लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में शुक्रवार सुबह धरती एक बार फिर कांपी। सुबह 7 बजकर 2 मिनट पर आए भूकंप के झटकों ने लोगों को नींद से जगा दिया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.2 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से लगभग 10 किलोमीटर नीचे था। अचानक आए झटकों से शहर के कई इलाकों में लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अब तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है, पर लोग सतर्क रहें क्योंकि शिमला भूकंप की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील जोन-5 में आता है। शिमला के साथ-साथ कांगड़ा, चंबा, किन्नौर और मंडी जिले के कई क्षेत्र भी अति संवेदनशील माने जाते हैं। इन इलाकों में अक्सर छोटे-छोटे झटके महसूस किए जाते हैं।

**रिक्टर स्केल पर 3.2 रही भूकंप की तीव्रता**




# देव स्थलों से छेड़छाड़ पर देवता नाराज

## भोलेनाथ के रुष्ट होने को बताया आपदा का कारण, रोपवे और पर्यटन को लेकर दी चेतावनी

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के धरोहर गांव नग्गर के जगती पट्ट में शुक्रवार को देव संसद (जगती) का आयोजन हुआ। इस देव कारज में कुल्लू सहित लाहुल व मंडी के करीब 250 देवी-देवताओं के हजारों कारकूनों व देवलुओं ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान माता हिडिंबा ने नग्गर में जगती करवाने के आदेश दिए थे, जिसके चलते यह शुक्रवार को जगती पट्ट में देव संसद का आयोजन हुआ।

इस देव संसद (जगती) में देवी-देवताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देव स्थलों के साथ छेड़छाड़ व गोमाता की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देवताओं के आदेश का पालन नहीं हुआ, तो इसका खामियाजा भुगतने के लिए भी तैयार रहें। देवताओं ने कहा कि अभी तो केवल एक ही लोटा पानी दिया है। अगर मानव की मनमानी ऐसे ही जारी रही तो भगवान रघुनाथ के चरण छूने को विवश होंगे। भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह के पुत्र टिका दानवेंद्र ने जगती की जानकारी देते हुए कहा कि उनके जीवन काल में यह चौथी जगती हो रही है।

उन्होंने कहा कि देव नीति में राजनीति के दखल से देवी-देवता आहत थे इसलिए जगती बुलाने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि देवता देव स्थलों पर हो रही छेड़छाड़ से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि देवी देवताओं ने नग्गर सहित ढालपुर में भी पूजा पाठ के निर्देश दिए हैं। इस विषय को लेकर जल्द ही सभी से विचार-विमर्श कर तिथि निर्धारित की जाएगी।

**नग्गर के जगती पट्ट में हुई 'जगती' के हजारों लोग बने गवाह**

### नग्गर के जगती पट्ट में हुई 'जगती'



भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह सहित अन्य देवलू व कारकून के साथ।

### भोलेनाथ ने अभी एक ही लोटा छलकाया

**जगती** में देवताओं ने अपनी तपस्या के स्थानों पर हो रही छेड़छाड़ पर गहरी चिंता प्रकट की। लगभग सभी देवी-देवताओं ने भगवान भोलेनाथ के नाराज होने की बात कही। कारदार दानवेंद्र सिंह ने बताया कि घाटी के आराध्य ऋषि जमलू ने सभी से देव आदेशों को गंभीरता से लेने को कहा। मंडी से पराशर ऋषि ने भी उनके स्थानों से हो रही छेड़छाड़ को विपदा का मुख्य कारण बताया। लाहौल-स्पीति से आए देवताओं ने माता हिडिंबा के आदेशों का अक्षरशः पालन करने का आदेश दिया। देवताओं ने हाल की बारिश से हुई तबाही पर यहां तक कहा कि भोलेनाथ ने अभी एक ही लोटा छलकाया है, अगर मनुष्य जाति नहीं मानी तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल बनाने पर नाराजगी

**बिजली** महादेव रोपवे हो या अन्य देवताओं के स्थानों पर लग रहे रोपवे, देवी-देवताओं के स्थलों को पर्यटन स्थल बनाने पर सभी देवताओं ने चेतावनी दी। यह देवताओं की नाराजगी का एक मुख्य कारण रहा। रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार व 18 करडू के कारदार महेश्वर सिंह ने बताया कि कुल्लू ढालपुर मैदान में पिछले कुछ समय से हो रही छेड़छाड़ पर महायज्ञ करवाने के आदेश दिए गए। उससे पहले जगती में के पास भी शुद्धि के लिए पाठ के आदेश दिए गए थे।

### गो माता को बेसहारा छोड़ने पर दी चेतावनी

**कुल्लू** जिले के धरोहर गांव नग्गर में आयोजित जगती में मौजूद देवी-देवताओं ने विशेष रूप से गो माता के विषय पर भी आदेश दिया। देवताओं ने स्पष्ट किया कि गो माता सिर्फ बोलने भर से हमारी माता नहीं हो जाएगी, बल्कि उन्हें अपनाकर और संभालकर रखने में ही उनका सच्चा सम्मान है। उन्होंने मनुष्य जाति को सख्त चेतावनी दी कि गायों को बेसहारा न छोड़ा जाए, अन्यथा इसके परिणाम अत्यंत गंभीर होंगे।

## अब भारत के साथ अपनी एडवांस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा अमेरिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका ने 31 अक्तूबर को एक नया 10 साल का रक्षा (डिफेंस फ्रेमवर्क एग्रीमेंट) समझौता किया है। इसका मतलब है कि आने वाले 10 सालों तक दोनों देश मिलकर अपनी सेनाओं, रक्षा उद्योग और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेंगे। इसके तहत अमेरिका, भारत से एडवांस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा।

यह समझौता कुआलालंपुर (मलेशिया) में हुआ, जहां दोनों देश आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल थे। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस समझौते पर दस्तखत किए। अमेरिका ने 30 अक्तूबर को ही भारत को ईरान के चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंधों से छह महीने के लिए रियायत दी है, जबकि पहले उसने कहा था कि इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा। यह पोर्ट 10 साल के लिए भारत के पास लीज पर है। समझौता साइन होने के बाद हेगसेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शुक्रिया कहा। उन्होंने बताया कि यह रिश्ता दुनिया के सबसे अहम रिश्तों में से एक है। दोनों देश एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं और इंडो-पेसिफिक इलाके में सुरक्षा व खुशहाली चाहते हैं।

वहीं, भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बैठक आसियान देशों और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगी। इससे भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को भी बल मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

**दोनों देशों में 10 साल का डिफेंस फ्रेमवर्क एग्रीमेंट**

### समझौते के 4 फायदे

**सैन्य सहयोग बढ़ेगा:** अब दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सेनाभ्यास करेंगी।

**ज्वाइंट प्रोडक्शन:** दोनों देश मिलकर हथियार, रक्षा उपकरण और नई तकनीक बनाएंगे।

**टेक्नोलॉजी साझाकरण:** अमेरिका भारत संग अपनी कुछ एडवांस डिफेंस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा।

**सूचना और खुफिया जानकारी साझा करना:** दोनों देशों की एजेंसियां एक-दूसरे से सुरक्षा जानकारियां साझा करेंगी।

## वांगचुक टाइम मैगजीन के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोनम वांगचुक को टाइम मैगजीन ने 'द 100 मोस्ट इंफ्लुएंशियल क्लाइमेट लीडर्स ऑफ 2025' की लिस्ट में जगह दी है। मैगजीन ने लिखा- वांगचुक एक इंजीनियर, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। पिछले महीने उन्हें लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के प्रदर्शन के चलते गिरफ्तार किया गया था। वह पिछले एक दशक से प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा, कृत्रिम ग्लेशियर बनाने में नई वैज्ञानिक तकनीकों को शामिल करने का काम कर रहे हैं।



वांगचुक की पत्नी ने एक्स पर लिखा, 'टाइम मैगजीन उन्हें दुनिया के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल कर रही है, वहीं हमारी सरकार उन्हें एंटी-नेशनल करार दे रही है। सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि उनसे यानी सोनम वांगचुक से देश की सुरक्षा को खतरा है। (अनंत ज्ञान)

**पत्नी बोलीं- हमारी सरकार उन्हें एंटी नेशनल बता रही**

### सितंबर में गिरफ्तार हुए थे सोनम वांगचुक

सोनम वांगचुक और उनके समर्थक 10 सितंबर को लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची आदि मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे थे। 24 सितंबर को लेह में बंद का आह्वान भी किया गया। इसके बाद कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के लोगों ने भी इस बंद को समर्थन दिया और यह ऐलान किया कि पूरे लद्दाख में बंद रखा जाएगा। इसके बाद लेह में ये बंद हिंसक हो गया। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई व 60 लोग घायल हुए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया और उन्हें एनएसए के तहत गिरफ्तार कर लिया।

## ब्रिटेन में किंग चार्ल्स ने भाई को घर से निकाला

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने अपने छोटे भाई एंड्रयू से प्रिंस का खिताब और सभी शाही उपाधियां वापस ले ली हैं। उन्हें विंडसर



स्थित उनके आलीशान घर रॉयल लॉज को भी खाली करने का आदेश दिया गया है। पीड़िता वर्जिनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रू ने उनका यौन शोषण किया था। बकिंघम पैलेस ने इस मामले पर एक बयान जारी कर कहा, 'किंग ने आज प्रिंस एंड्रयू की शैली, उपाधियों और सम्मानों को हटाने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।' 65 साल एंड्रयू दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ के दूसरे बेटे हैं। एंड्रयू का नाम लंबे समय से अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा रहा है, जिस पर नाबालिगों के यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। इस महीने की शुरुआत में एंड्रयू को ड्यूक ऑफ यॉर्क का खिताब इस्तेमाल करने से भी रोक दिया गया था। बकिंघम पैलेस ने बताया कि शाही उपाधियां छिन जाने के बाद अब प्रिंस एंड्रयू को एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर के नाम से जाना जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**एंड्रयू से प्रिंस का खिताब भी छीना**

## परमिट रूट से बाहर हादसे पर भी मिलेगा मुआवजा : सर्वोच्च अदालत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बीमा इंश्योरेंस क्लेम के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि बीमा कंपनियां सिर्फ इस आधार पर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा देने से इनकार नहीं कर सकतीं कि दुर्घटना करने वाला वाहन तय रूट से अलग चल रहा था या परमिट की शर्तों का उल्लंघन हुआ था। एससी ने बीमा कंपनी को राशि चुकाने का आदेश दिया है। मामला 2014 का है। तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई थी। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 18.86 लाख रुपए मुआवजे का आदेश दिया था। वाहन मालिक ने इसे कर्नाटक हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।



जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि बीमा पॉलिसी का मकसद यह है कि अगर कभी कोई अचानक हादसा हो जाए, तो वाहन मालिक या चालक को होने वाले आर्थिक नुकसान या जिम्मेदारी से बचाया जा सके। सिर्फ दुर्घटना परमिट की सीमा के बाहर होने के आधार पर पीड़ित या उसके आश्रितों को मुआवजा न देना न्याय की भावना के विपरीत होगा। शीर्ष अदालत ने वाहन मालिक और बीमा कंपनी की अपील खारिज कर दी। (अनंत ज्ञान)

**कर्नाटक की बीमा कंपनी को पीड़ित को पैसा देने के आदेश**

### इंश्योरेंस कंपनी ने कोर्ट में दी यह दलील

**बीमा** कंपनी ने भी कोर्ट में दलील दी थी कि वाहन मालिक ने बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन किया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि पहले मुआवजा अदा करे और बाद में वाहन स्वामी से वसूले। इसके खिलाफ बीमा कंपनी और वाहन मालिक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों पर सरकारों से फिर मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट देने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस नाथ ने कहा, 'जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।' दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले 27 अक्तूबर को कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़ सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट पर एक्शन लेते 28 जुलाई से मामले की सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद सख्त बताया था, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के रिहायशी इलाकों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने कहा था। (अनंत ज्ञान)

**कहा- सभी मुख्य सचिव सो रहे हमारे आदेश का सम्मान नहीं**

# बिहार चुनाव: एनडीए ने जारी किया मेनिफेस्टो, 1 करोड़ जॉब्स का वादा

## गरीबों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, महिलाओं को 2 लाख तक मदद

**एजेंसी, पटना**

एनडीए ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें 1 करोड़ लोगों को नौकरी, महिलाओं को 2 लाख तक की मदद, 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा किया। घोषणापत्र में गरीबों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने की बात कही है। इसमें कहा गया कि 4 शहरों में मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी। घोषणापत्र पटना के होटल मौर्या में नीतीश कुमार, चिराग पासवान और जेपी नड्डा ने जारी किया और कुछ देर बाद प्रचार के लिए निकल गए। भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने ब्रीफ किया। (अनंत ज्ञान)



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते एनडीए के नेता।

### आरजेडी नेता की हत्या पर अनंत सिंह पर एफआईआर

**राज्य** के मोकामा में आरजेडी नेता दुलारचंद यादव हत्या के मामले में अनंत सिंह, उनके दो भतीजे रणवीर और कर्मवीर के अलावा छोटन सिंह और कंजय सिंह समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सीवान मेंएक एएसआई की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या कर दी गई। ये क्या है? आचार संहिता में बंदूक लेकर घूमने को कौन सा राज कहा जाएगा?

## विकास की राह: कहलूर रियासत की राजधानी रहा नगर आज लिख रहा प्रगति की नई कहानी

# अतीत की पहचान के साथ भविष्य की उड़ान भर रहा बिलासपुर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** सतलुज के किनारे बसा बिलासपुर, हिमाचल की आत्मा का वह पन्ना है, जहां इतिहास बोलता है और भविष्य मुस्कुराता है। कभी कहलूर रियासत की राजधानी रहा यह नगर, आज नए बिलासपुर के रूप में प्रगति की नई कहानी लिख रहा है, यहां परंपरा और आधुनिकता का संगम हिमाचल की असली पहचान बन गया है। गोबिंदसागर झील अब पुराने बिलासपुर की यादों को अपने आंचल में समेटे हुए है।

नयना देवी की चोटी यहीं से झांकती है और ये लहरें अब पर्यटकों के लिए रोमांच का केंद्र बन गई हैं। बोटिंग, जिपलाइन और झील उत्सव जैसे आयोजन न केवल मनोरंजन दे रहे हैं, बल्कि पुराने बिलासपुर की आत्मा को भी नया जीवन दे रहे हैं। इसके साथ कहलूर किला, बंदला पहाड़ी, नयना देवी धाम मिलकर बिलासपुर को आस्था, साहस और संस्कृति का अनोखा संगम बना रहे हैं।

### सतलुज की गोद में बसा था पुराना बिलासपुर

**पुराना** बिलासपुर सतलुज की गोद में बसा वह शहर था, जिसकी गलियां संस्कृति से महकती थीं। राजमहल, मंदिर, सराययां और संकरी गलियां सब उस दौर की कहानी कहते थे, जब कहलूर रियासत अपने वैभव पर थी। गोबिंदसागर बनने से पहले की वह धरती, लोकगीतों, मेले-ठमेलों और आपसी अपनत्व से भरी थी। लोग एक-दूसरे को नाम से जानते थे, और हर त्योहार सामूहिक उत्सव बन जाता था। वह शहर अब झील की लहरों के नीचे सोया है, लेकिन उसकी यादें अब भी हर बिलासपुरी के दिल में जिंदा हैं।



### पुराने की आत्मा को सुरक्षित रखे है नया बिलासपुर

**झील** के उस पार उभरा नया बिलासपुर, अब आधुनिक हिमाचल की पहचान बन चुका है। यहां एम्स बिलासपुर स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा दिखा रहा है, एनएच-205 फोरलेन राज्य की रफ्तार बढ़ा रहा है और भाखड़ा-बिलासपुर-हमीरपुर रेल परियोजना भविष्य की मजबूत नींव रख रही है। डीसी बिलासपुर राहुल कुमार कहते हैं कि पुराने बिलासपुर की आत्मा को सुरक्षित रखते हुए, नया बिलासपुर एक आधुनिक प्रशासनिक और औद्योगिक हब के रूप में उभर रहा है।



### संस्कृति है बिलासपुर का असली सौंदर्य

**बिलासपुर** का असली सौंदर्य इसकी संस्कृति में है। गंगी, करियाला और नाटी की धुनें आज भी गांव-गांव गूंजती हैं। जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय लोक उत्सव पुराने और नए बिलासपुर के बीच वह पुल बन गए हैं, जहां विरासत और आधुनिकता साथ थिरकती है। शिक्षिका सुरेंदरा शर्मा कहती हैं कि पुराने बिलासपुर ने हमें पहचान दी, नए बिलासपुर ने हमें अवसर दिए। दोनों मिलकर हमारी जड़ों और पंखों की कहानी, एक हमें जमीन से जोड़ता है, दूसरा हमें आसमान दिखाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'एकता की दौड़'

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस-2025 बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एकता की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें थाना के पुलिस कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों के लिए चिकित्सा, एंबुलेंस और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम सुबह थाना परिसर से शुरू हुआ और क्षेत्र में एकता व सद्भाव का संदेश फैलाया। आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

### टौणी देवी में 7 नवंबर से बास्केटबाल प्रतियोगिता

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बास्केटबाल की नर्सरी के नाम से विख्यात टौणी देवी में 7 से 9 नवंबर तक अंडर-19 ओपन स्टेट ब्वॉयज बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। राज्य स्तरीय इस टूर्नामेंट में प्रदेशभर की 12 आमंत्रित टीमें भाग लेंगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष कैप्टन विजय कुमार ने बताया कि विजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। हर मैच में मैन ऑफ द मैच को 1100 रुपए और मोमेंटो दिया जाएगा, जबकि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का भी चयन होगा। नेशनल गेम्स खेल चुके खिलाड़ियों को विशेष सम्मान मिलेगा। टूर्नामेंट की निष्पक्षता के लिए 6 राष्ट्रीय ग्रेडिंग क्वालिफाइड रेफरी नियुक्त किए गए हैं। सभी टीमों के रहने, खाने और एंट्री की सुविधा निःशुल्क रहेगी। उद्घाटन समारोह 7 नवंबर और समापन समारोह 9 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

### फंड की स्कीमों के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भूतपूर्व सैनिकों की मदद के लिए स्थापित रक्षा मंत्री एक्स सर्विसमैन वेलफेयर फंड (आरएमईडब्ल्यूएफ) की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए 31 मार्च 2026 तक केंद्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट ksb.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस फंड के माध्यम से शिक्षा, वोकेशनल ट्रेनिंग, विवाह, मेडिकल, दिव्यांगता, होम लोन और अनाथ बच्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पात्र भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से समय पर आवेदन करने की अपील की गई है।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 10 नवंबर को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। 19 से 40 वर्ष के पुरुष, दसवीं पास या उससे अधिक योग्यता वाले, लंबाई कम से कम 168 सेमी और वजन 52-95 किग्रा के उम्मीदवार पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ऑफर लैटर, मासिक वेतन 17,500 से 23,000 रुपए और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

### देश की यूनिटी के लिए पुलिस के साथ दौड़े बच्चे

**अनंत ज्ञान, नादौन।** देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नादौन में राष्ट्रीय एकता दिवस और राष्ट्रीय संकल्प दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूली छात्रों, पुलिस और स्थानीय नागरिकों ने एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में नादौन बाजार से पुलिस थाना तक लगभग दो किलोमीटर की रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई। एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके योगदान को याद किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। इस अवसर पर डीएवी भड़ोली, भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी, डीडीएम साई कालेज, विजयवल्लभ कॉलेज नादौन और बाल व कन्या स्कूल नादौन के प्रधानाचार्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने रन फार यूनिटी का आयोजन कर सभी प्रतिभागियों को देश की एकता की शपथ दिलाई।

### आपदा प्रबंधन पर बच्चों ने दिखाई सक्रियता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने स्लोगन लेखन, निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर लोगों को आपदाओं से निपटने के लिए जागरूक किया। स्लोगन लेखन में जूनियर वर्ग में इशानवी प्रथम, पलक द्वितीय और वंशिका तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग में शबनम प्रथम, मन्नत द्वितीय और कार्तिक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। चित्रकला में जूनियर वर्ग में शगुन भाटिया प्रथम, कृति द्वितीय और वंदना तृतीय रहीं, जबकि सीनियर वर्ग में ज्योति प्रथम, साक्षी कुमारी द्वितीय और इशा प्रसाद तीसरे स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य ने बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और उनसे बचाव के महत्त्व पर जोर दिया।

### युक्तिकरण के नए मापदंड बनाए शिक्षा विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा विभाग से शिक्षकों के युक्तिकरण के नए मापदंड शीघ्र तैयार करने की मांग की है। संघ के नेता सुरेश कौशल, विजय हीर और संजय वर्मा ने बताया कि वर्ष 2003 के पुराने नियम अब अप्रासंगिक हो चुके हैं, लेकिन नए नियम अभी तक अधिसूचित नहीं किए गए हैं। संघ ने कहा कि यू-डाइज आधारित नामांकन डेटा के आधार पर शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात तय किया जाए और शिक्षक संगठनों से परामर्श कर नीति लागू की जाए। लंबित भर्तियों, पदोन्नति और बीआरसीसी नियुक्ति के निपटाने के बाद बहुत कम पदों पर युक्तिकरण की आवश्यकता रहेगी।

### सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शुक्रवार को हमीरपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। डीसी कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में इन दोनों महान विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देश के लिए उनके योगदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त के सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा दोनों महान विभूतियों के आदर्शों का अनुसरण करने की शपथ दिलाई।

### प्रधानमंत्री मुफ्त सोलर योजना के लाभों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बिजली उपमंडल टौणी देवी में उपभोक्ता शिकायत निवारण एवं प्रधानमंत्री मुफ्त सोलर बिजली योजना के विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता इंजीनियर दीपक चौहान ने उपभोक्ताओं को विभागीय हेल्पलाइन, शिकायत निवारण प्रक्रिया, बिल भुगतान सुविधाओं और योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र उपभोक्ता घर की छत पर सोलर प्लांट स्थापित कर न केवल अपनी बिजली की आवश्यकता पूरी कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

### तकनीकी विवि में तीन दिसंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने दिसंबर माह में प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा की संभावित तिथियां जारी की हैं। तकनीकी विवि ने स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों के नियमित और री-अपीयर की परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू करने की योजना बनाई है, जो सात जनवरी, 2026 तक चलेंगी। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि परीक्षा की संभावित तिथियां जारी की गई हैं। सभी शिक्षण संस्थानों को परीक्षा तिथि से संबंधित सुरक्षा और त्रुटि सुधार के लिए 15 नवंबर तक का समय दिया है। 20 नवंबर को परीक्षा की फाइनल तिथियां जारी की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि परीक्षा के आयोजन को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा सही ढंग से संचालित हो सके। इस बारे में सभी परीक्षा केंद्र को सूचित कर दिया है।

### रन ऑफ यूनिटी व एकता दिवस पर दौड़ आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'रन ऑफ यूनिटी और एकता दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, स्थानीय युवाओं और स्कूली छात्रों ने भाग लिया। वणी स्कूल से भकरेड़ी पेट्रोल पंप तक दौड़ आयोजित की गई। प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए चिकित्सा सुविधा और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। डीएसपी लालमन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी भाईचारे को बढ़ाते हैं और पुलिस-जन संवाद मजबूत करते हैं।

### हमीरपुर में 250 पदों के लिए साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जुपिटर सोलर टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बद्दी में ट्रेनी के कुल 250 पदों को भरने के लिए 10 नवंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। इनमें से 200 पद आईटीआई डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों के लिए हैं। अभ्यर्थी वर्ष 2023, 2024 या 2025 के पास आउट होने चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

# जूडो प्रतियोगिता में फार्मेसी कॉलेज नगरोटा प्रदेशभर में शीर्ष स्थान पर

## गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर में एचपीटीयू स्पोर्ट्स मीट का शानदार समापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर में आयोजित एचपीटीयू स्पोर्ट्स मीट 2025 का अंतिम दिन खेलों के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार, डीन अकादमिक अफेयर्स एचपीटीयू हमीरपुर रहे। समारोह में गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम, सचिव डॉ. रजनीश गौतम, प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय कुमार, गौतम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. विनय, एवं विभिन्न कॉलेजों के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि खेल युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और धैर्य का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में इस तरह की प्रतियोगिताओं की अहमियत



एचपीटीयू स्पोर्ट्स मीट के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

पर जोर दिया। शतरंज में बालक वर्ग में प्रथम एबीवीजीआईईटी प्रक्षित राणा, द्वितीय एसबीएस पालमपुर प्रणव, तृतीय एमजीजीईसी जेओरी सुमित। बालिका वर्ग में प्रथम ऋतिका जेएनजीईसी सुंदरनगर, द्वितीय अनीशा जीसीपी रोहरू, तृतीय ईशा शर्मा गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी। वॉलीबॉल में बालिका वर्ग विजेता टीम ग्रीन हिल्स सोलन, रनर-अप राजीव गांधी जीईसी नगरोटा बगवां। बालक वर्ग में एचपीटीयू हमीरपुर विजेता, गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी रनर-अप। टेबल टेनिस में बालक डबल्स प्रथम हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर, सिंगल्स प्रथम एमजीजीईसी जेओरी सुमित। बालिका डबल्स प्रथम एमजीईसी जेओरी, सिंगल्स प्रथम राजीव गांधी जीईसी नगरोटा अंचल। पिकलबॉल में बालिका डबल्स स्वर्ण जीपीसी नगरोटा, बालक डबल्स स्वर्ण जीपीसी रोहरू। सिंगल्स में बालिका स्वर्ण जीपीसी रोहरू, बालक स्वर्ण जीपीसी रोहरू। बैडमिंटन में गर्ल्स सिंगल्स प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला, डबल्स प्रथम एमजीजीईसी जेओरी। जूडो में बालक वर्ग में प्रथम गवर्नमेंट फार्मेसी कॉलेज नगरोटा, बालिका वर्ग में प्रथम गवर्नमेंट फार्मेसी कॉलेज नगरोटा। कैरम बोर्ड में बालक प्रथम जीसीपी रोहरू, बालिका प्रथम जीसीपी रोहरू। कबड्डी में बालिका वर्ग में एचपीटीयू हमीरपुर विजेता (40-18), पुरुष वर्ग में जीसी धर्मशाला विजेता (52-33)। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम और सचिव डॉ. रजनीश गौतम ने कहा कि इस तरह की स्पोर्ट्स मीट्स विद्यार्थियों में ऊर्जा, अनुशासन और टीम भावना का संचार करती हैं। सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

# महासंघ ने शिक्षा निदेशालय उच्चतर को हमीरपुर स्थानांतरित करने की रखी मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग महासंघ की बैठक डॉ. ओंकार सिंह भाटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संजीव नागवान, राज कुमार हीर, सफल डोगरा, मीना कुमारी और होशियार सिंह रंगीला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सभी संगठनों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि शिक्षा निदेशालय को शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित किया जाए। महासंघ के अनुसार हमीरपुर प्रदेश के लगभग हर जिले के लिए केंद्रीय स्थान है और यहां से यात्रा सरल व कम खर्चीली होगी। शिमला पर्यटन नगरी होने के कारण वहां आने-जाने में समय और खर्च अधिक होता है। खासकर अध्यापक और कर्मचारी, विशेषकर वृद्ध या दिव्यांग, शिमला के महंगे व भीड़-भाड़ वाले वातावरण में कार्य करना कठिन पाते हैं। महासंघ ने बताया कि हमीरपुर में निदेशालय स्थापित करने से सरकारी यात्रा भत्तों में भी कटौती होगी, क्योंकि कर्मचारी चंबा, कांगड़ा और अन्य जिलों से शिमला आने-जाने में तीन-चार दिन लगाते हैं, जबकि हमीरपुर से यह कार्य एक-दो दिन में संभव होगा। महासंघ ने कहा कि यह मांग पहले भी उठाई जा चुकी है और उन्हें मुख्यमंत्री व कैबिनेट पर पूर्ण विश्वास है कि प्रस्ताव को शीघ्र लागू कर प्रदेश में व्यवस्था सुधार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस कदम से प्रदेश के शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की सुविधाएं बढ़ेंगी और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में योगदान मिलेगा।

## बैंक में पैसे जमा करवाने जा रहे व्यक्ति से गाड़ी छीन कर ले गए युवक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के तहत धमकी व लूट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मेहर सिंह पुत्र रघुनाथ गांव ककरोहल डा.खा. भरेड़ी तहसील भोरंज ने यह शिकायत दर्ज करवाई है। मेहर सिंह ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह उसका बेटा अभिषेक जब घर से बैंक पैसे जमा करवाने जा रहा था, तो रास्ते में ककरोहल के पास कुछ लड़कों ने छीना झपटी की और गाडी नंबर एचपी 95-6900 की चाबी छीनकर कर गाड़ी को ले गए, जिसमें 70,000 रुपए भी थे। इनमें एक अंकु नाम का लड़का भी था तथा भावला में दुकान करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार यह गाड़ी इनके रिश्तेदार सन्धंया देवी पत्नी प्रीतम चन्द गांव कनकरी हमीरपुर की है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## युवाओं ने अनुराग के साथ लगाई 'रन फॉर यूनिटी' दौड़

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा जिला हमीरपुर ने जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार जिला मुख्यालय पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी मैराथन आयोजित की गई। यह दौड़ अनु कॉलेज ग्राउंड के सिंथेटिक ट्रैक से शुरू हुई और हीरा नगर, गांधी चैक और हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार से होते हुए टाउन हॉल में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में युवाओं, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, महिलाओं और सभी उम्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिन्होंने बहुत उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों में भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान और विजय अग्निहोत्री के साथ-साथ जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे।



सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अनुराग ठाकुर ने दी श्रद्धांजलि।

सभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने सरदार वल्लभभाई पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सरदार पटेल ने आधुनिक और एकजुट भारत की नींव रखी।

उन्होंने इस एक से श्रेष्ठ भारत पहल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें याद दिलाया कि एक सच्चे देशभक्त पटेल ने 560 रियासतों को एकजुट करके एक संयुक्त राष्ट्र बनाया। उनके अद्वितीय योगदान के बावजूद, कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया, सिर्फ इसलिए कि वे जवाहरलाल नेहरू के गलत फैसलों और नीतियों से असहमत थे। गुजरात में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने केवड़िया के पास नर्मदा घाटी में 597 फीट ऊंची दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति-स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर सरदार पटेल को सही मायने में श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने सहित कई ऐतिहासिक गलतियों को सुधारा, जिससे सही मायने में एक यूनाइटेड इंडिया का सरदार पटेल का सपना पूरा हुआ। कांग्रेस ने पहली कैबिनेट मीटिंग के तुरंत बाद 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को हर महीने 1500 रूपए देने का वादा किया था।

## मुख्य आरक्षी राजेंद्र कुमार को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से मानक मुख्य आरक्षी राजेंद्र कुमार की सेवानिवृति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में पुलिस लाइन हमीरपुर में एक समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी को जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर राजेश कुमार, उप मंडलीय पुलिस अधिकारी नादौन प्रताप सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक हमीरपुर नितिन चौहान, उप पुलिस अधीक्षक हमीरपुर हरीश गुलेरिया, हमीरपुर पुलिस परिवार के पुलिस कर्मी तथा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारी के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। जिला पुलिस हमीरपुर परिवार सेवानिवृत होने वाले उपरोक्त पुलिस कर्मचारी के स्वस्थ समृद्ध व मंगलमय जीवन की कामना करता है।

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिला हमीरपुर पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी एवं राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसवी एंड़ एसीवी हमीरपुर रेनु शर्मा उप मंडलीय अधिकारी (ना) संजीत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक हमीरपुर नितिन चैहान, उप पुलिस अधीक्षक हमीरपुर हरीश गुलेरिया, पुलिस विभाग के सभी पदों के लगभग 70 कर्मचारियों तथा विभिन्न विद्यालयों के लगभग 56 विद्यार्थी शामिल हुए। उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने थाना सदर हमीरपुर से सभी प्रतिभागियों को फ्लैग ऑफ कर रेस की शुरुआत की। यह दौड़ थाना सदर हमीरपुर से पुलिस लाइन हमीरपुर तक आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश देना था। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प लिया।

## पुलिया के नीचे डेड बॉडी मिली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के मानपुल में राधा स्वामी सत्संग घर के पास नेशनल हाईवे की पुलिया के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात व्यक्ति की डेड बॉडी मिली है। मृतक का नाम दिनेश पाल लिखा हुआ पाया गया, वह नीले रंग की ट्रैकसूट नुमा कमीज और जैकेट पहने था, और उसकी चप्पलें पास ही पाई गईं। डेड बॉडी से बदबू आ रही थी, जिससे लगता है कि मौत कई दिन पहले हुई। दाईं टांग पर पुराना कट का निशान था, लेकिन फिलहाल कोई ताजे घाव नहीं दिखे। बुधवार को कुछ लोग पुलिया के पास से गुजरते समय बदबू महसूस कर शव देखने गए और मझियार पंचायत के उप प्रधान को सूचना दी। उप प्रधान ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। एसएचओ निर्मल सिंह टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मृत्यु के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और घटना के पीछे की सच्चाई पता लगाने में जुटी हुई है।

## हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने योगासन में राज्य स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर हमीरपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने योगासन खेलों में अपनी असाधारण क्षमता, अनुशासन और मेहनत के बल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। हाल ही में आयोजित अंडर-19 योगासन प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए और समग्र विजेता ट्रॉफी हासिल की।

अंडर-19 वर्ग में यशवर्धन अत्री ने अपनी अद्भुत लचीलापन, संतुलन और एकाग्रता का प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक योगासन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया। वहीं, गौरव कुमार सिंह और आयुष चांगरा की जोड़ी ने रिदमिक पेयर इवेंट में अपनी तालमेल और समन्वय से निर्णायकों का दिल जीत लिया तथा रजत पदक प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में भी विद्यालय के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गौरव कुमार सिंह ने अपने संतुलित आसनों और सौंदर्यपूर्ण प्रस्तुति से



निर्णायकों को प्रभावित करते हुए आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। इन उपलब्धियों के बल पर विद्यालय के यशोवर्धन अत्री और गौरव कुमार सिंह एसजीएफआई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं, जहाँ वे हिमाचल प्रदेश और विद्यालय दोनों का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के चेयरपर्सन आरसी लखनपाल एवं वाइस चेयरपर्सन सीपी लखनपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के योग कोच जिम्मी ठाकुर को भी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

## कैंसर हॉस्पिटल को मिली 300 करोड़ की सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आईजीएमसी शिमला समेत हिमाचल के कई स्वास्थ्य संस्थानों के लिए स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद हेतु 650 करोड़ रुपए का समर्थन देने की घोषणा की है। साथ ही हमीरपुर में 300 करोड़ की लागत से एक कैंसर संस्थान खोलने की भी घोषणा की गई। इससे पहले नड्डा ने हमीरपुर के शिशु-मातृ अस्पताल के अपग्रेडेशन का काम भी शुरू किया था। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने बताया कि हमीरपुर, टांडा, शिमला और नेरचौक मेडिकल कॉलेजों को टेस्ला एमआरआई मशीनें प्रदान की जाएंगी। वहीं मंडी और चंबा मेडिकल कॉलेजों के लिए रोबोटिक सर्जरी और हाई एनर्जी लीनियर एक्सीलरेट मशीनें दी जाएंगी। इसके अलावा प्रदेश के 67 स्थानों पर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने का भी एलान किया गया है। नड्डा की यह पहल प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने और लोगों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगी।

## चंबोह स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबोह में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हुआ। यह शिविर 31 अक्तूबर से 6 नवंबर तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ एएसआई फिरोज अख्तर की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना और समाज में सकारात्मक योगदान के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रण सिंह भी उपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 25 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र कुमार गुलेरिया (गणित), सुभाष चंद (अंग्रेजी), मनोज कुमार (भौतिक), नसीब खान (वाणिज्य), देवेंद्र सिंह (प्रवक्ता, राजनीतिक विज्ञान) तथा नरेश कुमार (लेक्चरर, अर्थशास्त्र) उपस्थित रहे।

## सुजानपुर भाजपा मंडल में मोर्चों का गठन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर भाजपा मंडल की बैठक में मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर की अध्यक्षता में विभिन्न मोर्चाओं का गठन किया गया। महिला मोर्चा अध्यक्ष शालू ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष बुद्धि सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष संसार चंद, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष सुभाष चंद्र और अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राकेश कुमार नियुक्त किए गए। प्रत्येक मोर्चे में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, कोषाध्यक्ष और अन्य सदस्य भी मनोनीत किए गए हैं। यह गठन मंडल की मजबूती और संगठनात्मक विस्तार को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर भाजपा की गतिविधियों और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाया जा सके।

## गलोड़ में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** 33,11 केवी बिजली उपकेंद्र गलोड़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शीघ्र शुरू हो रहा है, जिन उपभोक्ताओं के मीटर उनकी दुकानों या परिसर के अंदर हैं, उनसे विभाग ने अपील की है कि वे सुरक्षा, पहुंच और रखरखाव के लिए उन्हें बाहर ले जाएं। उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विभागीय टीम के साथ सहयोग करें ताकि कार्य समय पर और सुचारू रूप से पूरा हो सके। यह जानकारी सहायक अभियंता शिवम डोगरा ने दी।



बड़सर स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में पहुंचे सुभाष ढटवालिया।

## मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास की कुंजी : सुभाष ढटवालिया

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर में वार्षिक पारितोषिक समारोह के दौरान बड़सर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष ढटवलिया ने कहा कि अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है उन्होंने अपनी ओर से 5100 रुपए स्कूल प्रबंधन को दिए। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर फूल मालाएं पहनकर भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई तथा विद्यालय के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम के आखिर में मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां पेश कर खूब प्रशंसा लूटी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, हिमुडा के डायरेक्टर राजेश वन्याल, कांग्रेस नेता पवन कालिया कमल पठानिया नरेश लखनपाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजयशर्मा, कांग्रेस नेता पवन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के पांचवें दिन सेवा कौशल और राष्ट्रीय एकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन सेवा, स्वच्छता, कौशल विकास और राष्ट्रीय एकता के संदेश को समर्पित रहा। दिन की शुरुआत पाठशाला एवं गांव टपरे में स्थित प्राकृतिक जल स्त्रोतों (खात्रियों) की सफाई और पुनर्जीवन गतिविधि से हुई। स्वयंसेवकों ने जल स्त्रोतों से कचरा और गाद हटाकर स्वच्छता कार्य किया और ग्रामीणों को स्वच्छ जल के महत्व, जल प्रदूषण के दुष्परिणाम तथा जल संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूक किया।

इसके बाद स्वयंसेवक गांव टपरे की अचार निर्माण इकाई पहुंचे, जहां स्थानीय महिलाओं ने उन्हें अचार उत्पादन, मसालों की तैयारी, पैकिंग और विपणन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों में ग्रामीण उद्योग, सूक्ष्म उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के प्रति उत्साह बढ़ाया। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली भी आयोजित की गई। स्वयंसेवकों ने स्थानीय बाजार में नारे लगाकर लोगों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एनएसएस के प्रयासों की सराहना की। शाम के सत्र में पंजाब नेशनल बैंक, टौणीदेवी शाखा के प्रबंधक चंद्र कांत चंचल ने वित्तीय साक्षरता पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने जन धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, शिक्षा ऋण, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और सुरक्षित लेनदेन प्रणाली की जानकारी साझा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने पांचवे दिन की गतिविधियों को ज्ञान, कौशल, एकता और समाजसेवा का प्रेरणादायक मिश्रण बताया।

## प्रवासी मतदाताओं के लिए विशेष मतदान सुविधा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर के बडग़ाम विधानसभा उपचुनाव में क्षेत्र से बाहर रहने वाले मतदाताओं को विशेष सुविधा दे रहा है। प्रवासी मतदाता दिल्ली, उधमपुर या जम्मू में मतदान केंद्र जाकर फार्म-एम से या फार्म-12 सी भरकर डाक मतपत्र से वोट कर सकते हैं। आवेदन के साथ प्रवासी प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण आवश्यक है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इस नई प्रणाली से प्रवासी नागरिक अपने स्थान से सुरक्षित और सरल तरीके से मतदान कर सकेंगे।

## नाल्टी में मिलेगी देर रात खेलने की सुविधा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से हमीरपुर सदर विधानसभा का नाल्टी खेल मैदान लाइटों से सज गया है। खेल ज्योति योजना के तहत 14 मैदानों में लाइटें लगने से करीब 1500 खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। इससे युवा रात में भी क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल व बैडमिंटन खेल सकेंगे। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने में मददगार है।

## इंदिरा गांधी व सरदार पटेल की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देश की प्रथम प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी तथा भारत के प्रथम गृह मंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला कांग्रेस की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिलकर स्व. इंदिरा गांधी तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने बताया कि इस दौरान दोनों महान हस्तियों को उनके देश उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए याद किया गया।

## हमीरपुर बाइपास से कॉलेज तक सड़क का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने हमीरपुर बाईपास से कॉलेज तक नई सड़क और पुल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सचिव डॉ. रजनीश गौतम, प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय कुमार और प्रो. डॉ. विनय गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। जगदीश गौतम ने कहा कि गौतम ग्रुप की स्थापना छोटे कदम के रूप में हुई थी, लेकिन अब यह शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत स्तंभ बन चुका है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से संभव हुई। सड़क उद्घाटन के साथ क्षेत्र में सुगम आवागमन और विकास को नई दिशा मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शौर्य ने बॉक्सिंग में जीता सिल्वर मेडल

**अनंत ज्ञान, ठियोग।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज ठियोग के बीए प्रथम वर्ष के छात्र शौर्य मदराडी ने वार्षिक अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीतकर ठियोग का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज नगरोटा बगवा में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश भर से मिडिल वेट (75 किलोग्राम) वर्ग में 31 टीमों ने भाग लिया। शौर्य मदराडी ने पहली बार किसी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और बिना किसी अकादमी प्रशिक्षण के यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले वे डीएवी की ओर से कबड्डी में राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं। शौर्य की इस सफलता पर उनके पिता रामकृष्ण मदराडी और माता मीना मदराडी ने कॉलेज प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह ठाकुर, फिजिकल एजुकेशन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रांत गौतम तथा सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

### रन फॉर यूनिटी दौड़ में चेतन प्रथम

**अनंत ज्ञान, ठियोग।** ठियोग में राष्ट्रीय एकता दिवस और भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिला महासू द्वारा रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौपाल के विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बलवीर वर्मा मुख्यातिथि रहे। पौटेटो ग्राउंड से सुभाष चौक तक आयोजित इस दौड़ में लगभग 350 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण फालटा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को और अधिक सशक्त किया है। रन फॉर यूनिटी में जुब्बल-कोटखाई के भाजपा नेता चेतन बरागटा प्रथम स्थान पर रहे, जबकि रोहड़ू के प्रिंस लूटा और ठियोग के केसर वर्मा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। बलवीर वर्मा ने विजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शशि बाला, कौल नेगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता को सशक्त करने का संकल्प लिया।

### उपप्रधान थप्पड़ मामले में बुजुर्ग को राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंचायत उपप्रधान को थप्पड़ मारने के मामले में दोषी ठहराए गए सुखी राम को बड़ी राहत मिली है। सत्र न्यायाधीश किन्नौर ने निचली अदालत की एक माह की जेल सजा रद्द कर दी, जबकि 500 रुपये का जुर्माना बरकरार रखा गया। अदालत ने कहा कि अभियुक्त की उम्र, लंबी न्यायिक प्रक्रिया और पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड न होने के कारण जेल भेजना उचित नहीं। यह घटना 2015 में किन्नौर के काफनू गांव में हुई थी, जब सुखी राम ने उपप्रधान दिग्विजय सिंह पर धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया और विवाद बढ़ने पर थप्पड़ मार दिया। पुलिस ने इसके बाद विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मार्च 2025 में उन्हें दोषी ठहराते हुए जेल और जुर्माने की सजा सुनाई थी। अपील पर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि गवाहों ने घटना की पुष्टि की, इसलिए दोषसिद्धि बरकरार रहेगी, लेकिन बुजुर्ग अभियुक्त को जेल भेजना जरूरी नहीं।

### 220 केवी मोबाइल जीआईएस सिस्टम लॉन्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारत के विद्युत ट्रांसमिशन क्षेत्र में देश का पहला स्वदेशी 220 केवी मोबाइल गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (एम-जीआईएस) सिस्टम लॉन्च किया गया। यह अत्याधुनिक प्रणाली तोशिबा ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम्स इंडिया द्वारा पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को प्रदान की गई है। इस प्रणाली का शुभारंभ तेलंगाना स्थित टीटीडीआई विनिर्माण संयंत्र में पावरग्रिड निदेशक वामसी राम मोहन बुर्रा, कार्यकारी निदेशक राजिल श्रीवास्तव और मुख्य महाप्रबंधक अभय कुमार की उपस्थिति में किया गया। 220 केवी एम-जीआईएस पूरी तरह पावरग्रिड की परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप देश में ही डिजाइन और निर्मित की गई है। मोबाइल जीआईएस तकनीक सीमित स्थान वाले क्षेत्रों में उच्च वोल्टेज वितरण के लिए कुशल, सघन और विश्वसनीय मानी जाती है। इसकी मॉड्यूलर संरचना किसी भी स्थान पर शीघ्र स्थापित और पुनः तैनात की जा सकती है, जिससे यह आपदा प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति बहाली और अस्थायी कटौती के लिए क्रांतिकारी साबित होगी। तोशिबा के अध्यक्ष हिरोशी ने कहा कि यह उपलब्धि मेक इन इंडिया पहल की भावना को साकार करती है और भारतीय विद्युत ग्रिड के लिए स्वदेशी तकनीकी समाधान के क्षेत्र में मील का पत्थर है।

### सीएम की दूरदृष्टि सोच से स्वास्थ्य सेवाओं में आ रहा सुधार : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की आधुनिक और दूरदृष्टि सोच के अनुरूप प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद हर्ष महाजन द्वारा यह कहना कि जायका परियोजना केंद्र सरकार की ग्रांट से संचालित हो रही है, पूरी तरह भ्रामक और गलत है। यह परियोजना राज्य सरकार द्वारा ऋण लेकर चलाई जा रही है। भाजपा नेताओं का उद्देश्य जनता को गुमराह कर झूठा श्रेय लेना है, जबकि इस परियोजना की नींव वर्तमान सरकार ने रखी थी। डॉ. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसकी फंडिंग जायका से की जा रही है। चमियाणा अस्पताल और टांडा मेडिकल कॉलेज में अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है, जिससे आम नागरिकों को अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं मिल रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार थी, तब स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बेहद दयनीय थी। उस समय बड़े अस्पतालों में भी 20-20 साल पुरानी मशीनें चल रही थीं और मरीजों को इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ता था।

# जल शक्ति विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के बीच एमओयू

## हिमाचल में फीकल स्लज प्रबंधन से स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी ताकत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। जल शक्ति विभाग और ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के बीच फीकल स्लज (मलजल) के सुरक्षित उपचार और प्रबंधन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रदेश में अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली को नई दिशा देने के साथ-साथ जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रदेश सरकार लगातार फीकल स्लज प्रबंधन की चुनौती से निपटने के लिए प्रयासरत है। अधिकांश ग्रामीण घरों में सिंगल पिट शौचालय बनाए गए हैं, जो भर जाने पर पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। पर्यटन राज्य होने के कारण यहां पर्यटकों, श्रमिकों और अस्थायी जनसंख्या के बढ़ते दबाव से शौचालय पिटों में ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे मलजल खुले क्षेत्रों में फेंका जाता है और नदियां, नाले तथा तालाब प्रदूषित हो जाते हैं।

ग्रामीण विकास विभाग ने वॉश इंस्टीट्यूट के सहयोग से इस समस्या के समाधान के लिए सर्वेक्षण, अभियंताओं का प्रशिक्षण और फीकल स्लज के वैज्ञानिक निपटान हेतु योजनाएं तैयार की हैं। इस दिशा में जल शक्ति विभाग की सक्रिय भूमिका रही है, जिसने राज्य के 22 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की पहचान की है। इन संयंत्रों में फीकल स्लज के उपचार के लिए आवश्यक ढांचा विकसित किया जा रहा है।

पायलट परियोजना के तहत कांगड़ा जिले के पालमपुर और मंडी जिले के सुंदरनगर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को क्रियाशील किया गया है, जहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त फीकल स्लज का वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान किया जा रहा है।



शिमला में जल शक्ति विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के बीच फीकल स्लज प्रबंधन को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर करते अधिकारी।

#### हरित, स्वच्छ और स्वस्थ हिमाचल की ओर

**आगामी** वर्षों में जल शक्ति विभाग के सभी उपयुक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को फीकल स्लज उपचार हेतु सक्रिय करने की योजना है। इससे अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित मलजल निपटान सुनिश्चित होगा और प्रदूषण के खतरे पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

# हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ से मौसम बदलने के आसार

## ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम करवट बदल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दो दिन तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। शुक्रवार को राजधानी शिमला सहित अधिकांश हिस्सों में धूप खिली रही, जबकि कुछ निचले इलाकों में हल्का कोहरा दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने बताया कि तीन नवंबर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जो पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसके चलते चार नवंबर को एक-दो स्थानों पर और पांच नवंबर को राज्य के कई भागों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में इस दौरान मौसम में बदलाव की संभावना जताई गई है। वहीं, 31 अक्तूबर से 3 नवंबर और 6 नवंबर को मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

#### तापमान में आएगी गिरावट

**मौसम** विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में राज्य के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। अगले तीन दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। अधिकतम तापमान में भी 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जा सकती है।

#### अक्तूबर में हुई रिकॉर्ड बारिश

**अक्तूबर** महीने में राज्य में 1901 के बाद 14वीं बार सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इस बार प्रदेश में औसत से 173 फीसदी अधिक बारिश हुई। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अक्तूबर में औसतन 25.1 मिलीमीटर वर्षा को सामान्य माना जाता है, जबकि इस साल 68.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्ष 2005 के बाद यह अक्तूबर में हुई सबसे अधिक बारिश है। सिरमौर में सबसे ज्यादा 96.9 मिमी और किन्नौर में सबसे कम 37.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## रामपुर जलविद्युत परियोजना में नुक्कड़ नाटक से दिया ईमानदारी का संदेश

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**



रामपुर जलविद्युत परियोजना 412 मेगावाट में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अवसर पर एक बेहतरीन नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक में परियोजना के कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव एवं दैनिक जीवन में ईमानदारी व सतर्कता के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने प्रस्तुति को खूब सराहा।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख विकास मरवाह ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कता और ईमानदारी सुशासन की आधारशिला हैं। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे इन आदर्शों को अपने जीवन और कार्य शैली में आत्मसात करें।

## राष्ट्रपति निवास शिमला में मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास शिमला में सर्त ता जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नवदीप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिमला ने साझा सतर्कता और जिम्मेदारियों के कानूनी पहलुओं पर प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि सतर्कता का अर्थ भय नहीं, बल्कि नैतिक जागरूकता और आत्म-जवाबदेही है। वहीं, रवि छावल, निदेशक सुरक्षा एवं प्रौद्योगिकी, दूरसंचार विभाग ने नागरिक केंद्रित पहलों पर जानकारी दी और बताया कि संचार साथी जैसी तकनीकी पहलें पारदर्शिता को सुदृढ़ बना रही हैं।

सप्ताह के उपरांत सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर डॉ. मुक्तिकांत मोहंती ने सरदार पटेल और राष्ट्रीय एकता का विचार विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पटेल ने भारत के भूगोल के साथ उसकी आत्मा का भी एकीकरण किया।

# सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान का एमएड परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड प्रशिक्षण संस्थान, बालना (नोगली) का एमएड प्रथम सेमेस्टर परिणाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया, जिसमें संस्थान ने शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की। इस उपलब्धि से संस्थान में उत्साह का माहौल है। संस्थान के छात्र मनीष चौहान और छात्रा प्रीति चौहान ने 77.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा शिल्पा कुमारी ने 77 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए।

प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने छात्रों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान में शिक्षा के स्तर को और उत्कृष्ट बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों एवं अध्यापक वर्ग को सराहना दी। उन्होंने कहा कि एमएड कोर्स न केवल शिक्षक तैयार करता है, बल्कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व और नवाचार करने की दृष्टि भी प्रदान करता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान हिमाचल के छह जिलों का एकमात्र संस्थान है जो एमएड की डिग्री प्रदान करता है, जहां 50 सीटें उपलब्ध हैं।



मनीष और प्रीति प्रथम स्थान पर

# कोटखाई में विकास की गति को किया जा रहा तेज : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को कोटखाई उपमंडल के देवगढ़ में 53 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन पंचायत कार्यों में सुविधा प्रदान करेगा और जनता को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध करवाने में सहायक होगा। उन्होंने पंचायत भवन के फर्नीचर हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।

शिक्षा मंत्री ने इसके साथ ही 3 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ के भवन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई अब एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बन चुका है, जहां मेडिसिन, स्त्री रोग, नेत्र रोग, बाल रोग सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर नियमित सेवाएं दे रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कोटखाई में एक बड़े ट्रॉमा सेंटर का निर्माण शुरू किया जाएगा जिसके लिए भूमि का चयन हो चुका है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, पेयजल और बिजली के क्षेत्र में करोड़ों रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं। अनेक कार्य पूरे कर जनता को समर्पित किए जा चुके हैं जबकि कई योजनाएं शीघ्र ही पूर्ण होकर जनहित में समर्पित की जाएंगी।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर देवगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए।

#### देवगढ़ में 3.17 करोड़ की स्कूल भवन परियोजना का निरीक्षण

#### नई रोशनी देंगी 53 करोड़ की बिजली परियोजनाएं

**शिक्षा** मंत्री ने बताया कि 400 केवी सबस्टेशन प्रगति नगर से 66 केवी सबस्टेशन हुली तक की कड़ी को 7 करोड़ रुपए की लागत से जोड़ा जा रहा है जिससे सर्दियों के मौसम में बिजली आपूर्ति और अधिक सुचारु होगी। इसके साथ ही 5 करोड़ रुपए की लागत से नियंत्रण केंद्र गुम्मा का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

## डिप्टी सीएम ने श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एक और 2 नवंबर को होने जा रहे श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों का शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्थल पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए जिला प्रशासन को सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि एकता, साहस और बलिदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर भी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समारोह को भव्यता और अनुशासन के साथ संपन्न करवाने में कोई कमी न रहे और श्रद्धालुओं के लिए यातायात, पेयजल, सफाई और सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं की जाएं।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह, शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, एपीएमसी अध्यक्ष देवानंद वर्मा, हिमफैड अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# शिमला में स्कूल सड़क सुरक्षा कार्यशाला 23 को



शिमला में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि 23 नवंबर को शहर के स्कूलों के लिए एक विशेष सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें स्कूलों के सिक्योरिटी गार्ड और ट्रैफिक इंचार्ज को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे अपने स्कूलों में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सकें।

उन्होंने कहा कि शिमला की भौगोलिक स्थिति और यातायात व्यवस्था को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में उपमंडल स्तर पर भी ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने होटल, होम स्टे और बीएनबी एसोसिएशन से सड़क सुरक्षा में सहयोग का आग्रह किया। पर्यटन सीजन में ये संस्थान पर्यटकों को सही मार्ग और यात्रा समय की जानकारी दें, ताकि जाम और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने गलत पार्किंग को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुए वाहन निर्धारित स्थान पर खड़े करने की अपील की।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि 21 नवंबर को बाइक रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेश दिया जाएगा। एचआरटीसी के छह डिपो को चालक-परिचालक जागरूकता कार्यक्रमों के लिए 60 हजार रुपए की राशि जारी की गई है।

# राष्ट्रीय संकल्प दिवस पर कांग्रेस ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित राष्ट्रीय संकल्प दिवस कार्यक्रम में शिरकत की और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्रीय संकल्प दिवस की शपथ भी दिलाई।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ साहसपूर्वक आवाज उठाई और देश की एकता-अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इंदिरा गांधी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया और उन्होंने देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने का साहसिक निर्णय लिया। हिमाचलवासी उन्हें इसलिए भी याद करते हैं क्योंकि 1971 में उन्होंने प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भी है। देश की एकता के निर्माता सरदार पटेल को भी नमन करते हुए उन्होंने बताया कि एक से 15 नवंबर तक गुजरात में उनकी स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 4 नवंबर को हिमाचल प्रदेश को भी अपना पक्ष रखने का अवसर मिलेगा। इसके लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है और तैयारियां जारी हैं।

कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने भजन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह, विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, हिमफैड अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

#### देश की एकता और अखंडता के लिए इंदिरा गांधी का योगदान अमूल्य : डिप्टी सीएम

**कार्यशाला** — हिमाचल में डेटा आधारित शासन की दिशा में बड़ा कदम

# डेटा ही नीति निर्माण की नई मिट्टी: मुख्य सचिव

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश प्रशासन ने शासन व्यवस्था में डेटा के अधिकतम और प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश के शासन में डेटा के उपयोग को सुदृढ़ बनाने पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सूचना तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में डेटा शासन की नई मिट्टी बन चुका है, जिसमें जितनी गहराई से हम हल चलाएंगे, उतनी ही बेहतर नीतियां और परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में कोई भी नीति या योजना तभी सफल हो सकती है जब उसके पीछे डेटा का सही विश्लेषण और सटीक उपयोग हो।

मुख्य सचिव ने कहा कि नीति-निर्धारण में डेटा का उपयोग शासन की पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा एकत्र किए गए विविध डेटा का एकीकृत और समन्वित उपयोग राज्य की नीतियों को अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि डेटा की वास्तविक शक्ति तभी सामने आती है जब विभिन्न तथ्यों को एक-दूसरे से जोड़कर उनका गहन विश्लेषण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर से आने वाले डेटा की सटीकता सुनिश्चित करें और उसकी निरंतर निगरानी करें ताकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया सटीक और विश्वसनीय बनी रहे।

मुख्य सचिव ने कहा कि हिमाचल को डेटा आधारित प्रशासनिक मॉडल की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए सुरक्षित और अंतर-संचालित राज्य डेटा एकीकरण प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत डेटा गवर्नेंस अधोसंरचना विकसित की जाएगी, ताकि सभी विभागों के बीच डेटा का आदान-प्रदान और उपयोग सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने डेटा गोपनीयता की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्तर पर डेटा से छेड़छाड़ न हो।



शिमला में डेटा आधारित शासन विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव संजय गुप्ता।

#### प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण पर फोकस

**वित्त** सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि वर्तमान समय में डेटा शासन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब डेटा संग्रहण से आगे बढ़कर डेटा उपयोग की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि डेटा संकलन और विश्लेषण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए भारतीय स्कूल ऑफ बिजनेस के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे, साथ ही जिला स्तर पर भी अधिकारियों की क्षमता निर्माण पर बल दिया जाएगा। डॉ. जैन ने कहा कि आने वाले समय में हिमाचल शासन डेटा को अपनी नीतिगत संरचना का अभिन्न हिस्सा बनाएगा।

#### अब आंकड़ों में दिखेगी राज्य की प्रगति

**मुख्य** सचिव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में पहले से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, अब इन उपलब्धियों को ठोस आंकड़ों के रूप में सामने लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों को यूजर्स फ्रेंडली और जनता के लिए सुलभ बनाया जाएगा, ताकि विकास की कहानी केवल दस्तावेजों तक सीमित न रहे बल्कि जनता भी उसकी साझेदार बने।

## न्यूज ब्रीफ

### पुस्तक वितरण केंद्रों के कर्मी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शुक्रवार को बोर्ड के पुस्तक वितरण केंद्रों के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि पुस्तक वितरण केंद्रों के कर्मचारी बोर्ड की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कर्मचारियों के कठिन परिश्रम, कार्यनिष्ठा एवं योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं बोर्ड के लिए अत्यंत मूल्यवान हैं। इस अवसर पर बोर्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. शर्मा ने कहा कि बोर्ड शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### जालग में मनाई जाएगी गुरु नानक जयंती

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** श्री गुरुनानक जयंती प्रकाशोत्सव के रूप में 5 नवंबर को जालग में धूमधाम से मनाई जा रही है। जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्य दिलबाग सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा टटरोड़ा साहिब जालग में बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी इस वर्ष 2 नवंबर रविवार से श्री अखंडपाठ साहिब, 4 नवंबर सुबह दस बजे भोग श्री अखंडपाठ साहिब शाम छः बजे से रात आठ बजे तक गुरु का लंगर रात आठ बजे से रात दस बजे तक तथा 5 नवंबर बुधवार सुबह नौ से निशान साहिब सेवा तथा दोपहर 12 बजे से गुरु का लंगर प्रसाद होगा। बटाला कीर्तन जत्थे द्वारा गुरु का गुणगान किया जायेगा । गुरुद्वारा टटरोड़ा साहिब प्रबंधक कमेटी जालग द्वारा समस्त इलाकावासी इस धार्मिक उत्सव में आमंत्रित हैं।

### गुप्तगंगा में एबीवीपी का प्रांत अधिवेशन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश का 46वां प्रांत अधिवेशन कांगड़ा जिला के गुप्त गंगा के पावन धरती में किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर में अनेकों महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय इकाइयों में संगठन का काम करने वाले कार्यकर्ता पहुंचे हैं। अधिवेशन का उद्घाटन 31 अक्टूबर को मुख्य अतिथि सुरेश कुमार यादव विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार एवं गरज सिंह, एबीवीपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, प्रांत अध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा एवं प्रांत मंत्री कुमारी नैंसी अटल द्वारा गुप्त गंगा परिसर में किया गया। प्रांत अध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष पूरे देश भर में काफी हर्ष और उल्लास से मनाया जा रहा है। गुप्त गंगा की पवन धरती पर विद्यार्थी परिषद को अपना 46वा प्रांत अधिवेशन मनाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण एवं व्यक्तित्व निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका निभा रही है। प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि पूरे प्रदेश से इस अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद के लगभग 500 कार्यकर्ता पहुंचे हैं। जो आने वाले समय में इस देश की शक्ति को बढ़ाने के लिए भारत मां के चरणों में नतमस्तक हो कर अलग अलग क्षेत्रों में आगे जाकर काम करने वाले हैं। जिसके लिए विद्यार्थी परिषद भी युवाओं के अंदर राष्ट्रीयता की भावना को भरता आया है।

### नशे के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आलमपुर में 14 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यालय में इस अवधि के दौरान नारा लेखन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली गई और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों नागरिकों और अध्यापकों में नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ,जागरूक और सशक्त समाज की दिशा में सामूहिक संकल्प लेना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संजय कुमार ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का शत्रु है। छात्र यदि नशा मुक्त और सकारात्मक सोच से ओतप्रोत होंगे तो निश्चित ही हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। इस प्रदर्शनी में प्रवक्ता सुधीर कुमार , विजय राणा , पूनम , प्रोमिला, नीतिका , प्रभारी नीरज कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के संयुक्त उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रभावना तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 बजे गांधी वाटिका, बस स्टैंड चौक कोतवाली से किया गया। लगभग 4 किलोमीटर की इस रन का मार्ग गांधी वाटिका से शहीद स्मारक होते हुए पुलिस लाइंस धर्मशाला तक निर्धारित रहा। दौड़ में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव का संदेश दिया।

# डीसी कांगड़ा के पास पहुंचा फर्जी परिवार रजिस्टर पंजीकरण मामला

## पंचायत प्रधान ने बीडीओ के 70 मतदाताओं को यथावत रखने पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विकास खंड धर्मशाला की ग्राम पंचायत गगल में फर्जी परिवार रजिस्टर पंजीकरण मामला अब डीसी कांगड़ा के पास पहुंच गया है। गगल पंचायत प्रधान ने विकास खंड अधिकारी के सभी 70 मतदाताओं को मतदाता सूची में यथावत रखने पर आपत्ति दर्ज कराई है। गगल पंचायत की प्रधान रेनु पठानिया ने धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत में फर्जी तरीके से अन्य राज्यों के 21 परिवारों का परिवार रजिस्टर में पंजीकरण हुआ था। ये न केवल मतदाता बन गए थे, बल्कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ ले रहे हैं। इस मामले में मई, 2025 से बीडीओ कार्यालय में चला था। वहीं, जांच के बाद खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत को उपरोक्त परिवारों को परिवार रजिस्टर में पंजीकरण का सत्यापन करने के लिए संशोधन को स्वतंत्र घोषित किया। इसके बाद 11 अक्टूबर को पंचायत में प्रधान रेनु



पठानिया की अध्यक्षता में हुई ग्राम सभा में चर्चा के बाद इन परिवारों को परिवार रजिस्टर से बाहर करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, 27 अक्टूबर को खंड विकास अधिकारी ने उपरोक्त परिवारों से जुड़े 70 मतदाताओं को यथावत रखने का फैसला दिया है। रेनु पठानिया ने कहा कि उन्हें इस बात की हैरानी है कि जब उपरोक्त परिवारों को परिवार रजिस्टर से हटा दिया गया है, तो उन्हें बतौर मतदाता सूची में यथावत क्यों रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इनमें कई वोटर दो निकायों में बतौर

> **स्थायी** निवासियों का परिवार रजिस्टर में अंकित होना उनका अधिकार है, जबकि साधारण निवासियों को भी मतदान का अधिकारी है। इसलिए सभी 70 मतदाताओं को यथावत रखा गया है।
>
> **-अभिनीत कात्यायान**
> **बीडीओ, धर्मशाला**

मतदाता पंजीकृत हैं। एक परिवार ने तो ये भी लिखित में स्वीकार किया है कि उनका पंचायत लैंड में कब्जा है। वहीं कुछेक ने तो स्वयं वोटर सूची से नाम हटाने को कहा था। वहीं, कईयों के पास दस्तावेज ही नहीं हैं। गगल एक बड़ा व्यापारिक कस्बा है और यहां बाहर से लोग व्यवसाय करने आते हैं जबकि उनका निवास स्थान दूसरी जगह है। इसीलिए अब आपत्ति जताई है और न्याय के लिए उपायुक्त से गुहार लगाई है। इस दौरान गगल पंचायत के उपप्रधान भुवनेश चड्ढा भी उनके साथ मौजूद रहे।

# साइबर थाना धर्मशाला की टीम ने 93 लाख की ठगी मामले में राजस्थान से दो दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**आरोपियों से दो लाख से अधिक की राशि भी बरामद**

> **साइबर** ठगी के दो मामलों में राजस्थान से दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है। आरोपियों से 2,08,000 रुपए की राशि बरामद की गई है।
>
> **प्रवीण धीमान, एएसपी, साईबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला**

साइबर थाना धर्मशाला की टीम ने 93 लाख से अधिक की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना की टीम ने दोनों आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है तथा दोनों के कब्जे से 2 लाख से अधिक की राशि भी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की धारा 419, 420 व 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला किया गया था। इस मामले में नगराटा बगवां निवासी से कुल राशि 71,62,850 रूपए निवेश के नाम पर ठगों न ठगी थी। साइबर पुलिस थाना, उत्तरी रेंज धर्मशाला के निरीक्षक कमलेश कुमार, मुख्य आरक्षी अमित कटोच, विशाल पटियाल नंबर व अनीश कुमार की टीम द्वारा राजस्थान में दबिश दे कर मनोज कुमार गुर्जर निवासी गंगापुर शहर, राजस्थान को स्वाई माधोपुर पुलिस स्टेशन राजस्थान के अधिकार क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वहीं अन्य मामले में पालमपुर निवासी की शिकायत के आधार पर एक ठग को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार साइबर पुलिस थाना, उत्तरी खण्ड, धर्मशाला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 419, 420 व 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला किया गया था। इस मामले में पालमपुर निवासी से कुल राशि 22,25,000 रुपए निवेश के नाम पर ठगों न ठगी थी।

इस संबंध में साइबर पुलिस थाना, उत्तरी रेंज धर्मशाला की टीम ने आरोपी चंद्र मोहन शर्मा विजय नगर, मिरजापुर, तहसील गंगानगर शहर जिला स्वाई माधोपुर, राजस्थान को पुलिस स्टेशन बिंदाइका जयपुर, राजस्थान के अधिकार क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इन मामलों में आरोपियों से 2,08,000 रुपए की राशि बरामद की गई।

## एसडीएम ने स्वयंसेवियों से किया समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान



बैजनाथ में एनएसएस विशेष शिविर के समापन समारोह में एसडीएम व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैजनाथ में आयोजित एनएसएस विशेष शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यातिथि एसडीएम बैजनाथ ने स्वयंसेवकों की सराहना की और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई। शिविर में बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वयंसेवकों और शिक्षकों की सराहना की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।

## राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प, डीसी ने दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर धर्मशाला डीसी कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता-अखंडता की शपथ दिलाई। बता दें, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधे रखने के लिए अथक प्रयास किए थे। इस कारण उन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है। डीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्य सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। इस मौके सभी ने अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर एडीएम शिल्पी बेक्टा सहित विभिन्न अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रदेश सरकार का तीन साल का कार्यकाल सिर्फ परिवार और मित्रों के भले के लिए रहा समर्पित: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर बनी यह सरकार जनता को सुख नहीं, बल्कि दुख ही दुख दे रही है। तीन साल का कार्यकाल सिर्फ परिवार और मित्रों के भले के लिए समर्पित रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार, अराजकता और माफियाराज को खुला संरक्षण दिया है। लोग आपदा से जूझ रहे हैं, बेघर हैं, लेकिन मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों की चिंता छोड़ बिहार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जब आपदा पर चर्चा चल रही थी, तब भी मुख्यमंत्री बिहार में वोट चोरी अभियान चला रहे थे, नेता प्रतिपक्ष ने देहरा उपचुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा में झूठ बोलने का सिलसिला जारी रखा। यहां तक कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संबोधन को लेकर भी मुख्यमंत्री ने गलत दावे किए। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने तीन साल में प्रदेश को कर और कर्ज के जाल में फंसा दिया है। हर दिन 33 करोड़ रुपये का कर्ज लिया जा रहा है, जबकि विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। यह सरकार जनता की नहीं, कर और कर्ज की सरकार है।



### खटाई में पड़ता नजर आ रहा सीयू का धर्मशाला कैंपस

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला के लिए हमारी सरकार ने सारी औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं, लेकिन मौजूदा सरकार तीन साल में 30 करोड़ रुपए क जमा नहीं कर पाई। इस तरह से सीयू के धर्मशाला कैंपस का कार्य खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। उल्टा पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की जमीन बेचने का प्रयास किया गया, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन की आयु सीमा 80 से घटाकर 60 वर्ष की थी, लेकिन आज की सरकार उसे भी अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रही है।

# नशा निवारण जागरूकता और शैक्षणिक संस्थानों पर रहेगा विशेष फोकस: एडीसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रहरी क्लबों के माध्यम से युवाओं को किया जाएगा जागरूक**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों स्तर तक के चिकित्सकों को भी किया जाएगा प्रशिक्षित**

जिला कांगड़ा में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने पर विशेष फोक्स किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त ने शुक्रवार को राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नशा निवारण के लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यम से नशा निवारण को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके साथ ही महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लबों को नशा निवारण अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा, तकनीकी संस्थानों में भी युवाओं को अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों नुरपुर इत्यादि में नशा निवारण के लिए पुलिस तथा अन्य विभागों के सहयोग से विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि इन क्षेत्रों के युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि नशे की चपेट में आए लोगों का सही तरीके से उपचार तथा मागदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में नशा मुक्ति को लेकर कार्य कर रहे प्रमुख संस्थानों और विशेषज्ञों की सेवाएं इसके लिए ली जाएंगी।

## सांबा पंचायत में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत सांबा के पंचायत कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। यह सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मनाया जा रहा है। इसमें पंजाब नेशनल बैंक गढ़ जमूला के शाखा प्रबंधक सुरिंद्र सिंह राणा मुख्यातिथि थे, जबकि अधिकारी स्पर्श सूद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुरिंद्र सिंह ने कहा कि सतर्कता हम सबकी सांझा जिम्मेदारी है ना कि किसी एक की। हमें अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि कहीं गलत हो रहा है तो उसका डट कर विरोध करो। खुद भी गलत काम करने से बचें और अन्यों को भी रोकें। उन्होंने कहा कि कहीं भ्रष्टाचार होता दिखे तो उसे रोकने के लिए अपनी आवाज बुलंद करें। आप लोग सोचते हैं कि यह काम सरकार का या पुलिस का है,तो यह गलत सोचते हैं। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भ्रष्टाचार खत्म करने की शपथ ली। उन्होंने लोगों को बैंक में सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को बैंक में खाता खुलवाना चाहिए। साथ ही सभी अपना जीवन बीमा जरूर करवाएं और पेंशन स्कीम में भी खाता खुलवाएं। ताकि भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल में आए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

# हिमाचल की सबसे तेज स्केटर बनी 12 वर्षीय आकासा शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जब** जुनून, मेहनत और हौसले एक साथ दौड़ पड़ें, तो नतीजा कुछ वैसा ही होता है जैसा आकासा शर्मा ने किया। सिर्फ 12 साल की उम्र में इस नन्ही स्पीड स्केटर ने लड़कों को पछाड़ते हुए हिमाचल प्रदेश की सबसे तेज स्केटर बनने का खिताब जीत लिया है। सेक्टर 22, आईटी पार्क, पंचकूला के शानदार इंडिया के बेस्ट बेंड ट्रैक पर आयोजित द्वितीय हिमाचल प्रदेश रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में आकासा ने अपने स्केट्स पर ऐसी रफ्तार दिखाई कि सबकी नजरें थम गई। दो गोल्ड मैडल जीतने के साथ अब आकासा शर्मा बेंगलुरु में दिसंबर में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। आकासा ने जिस आयु वर्ग में हिस्सा लिया (12-15 वर्ष), उसमें वह सबसे छोटी उम्र की खिलाड़ी थी। जहां बाकी प्रतिभागी 13 या 14 वर्ष के थे, वहीं यह 12 वर्षीय चैंपियन सब पर भारी पड़ी। ट्रैक पर जब आकासा उतरी, तो लगा जैसे हवा खुद उसका पीछा कर रही हो। उसकी गति, मोड़ों पर पकड़ और फिनिश लाइन पर




**द्वितीय हिमाचल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में पाई विजय**

विस्फोटक स्पीड देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। कोच चंदर सिंघल ने कहा कि आकासा में अनुशासन, लगन और जुनून का अद्भुत संगम है। वह हर दिन अपने आप को बेहतर बनाने में लगी रहती है, यही उसे सबसे अलग बनाता है। अब आकासा राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी में जुटी है, पूरे हिमाचल की निगाहें उस पर टिकी हैं।

## अच्छी आदतों को जीवन में अपनाने की दी प्रेरणा

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का 31 अक्तूबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरीश भारद्वाज ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 25 अक्तूबर को हुआ था। सात दिनों तक चले इस शिविर में विद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे सफल बनाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जसवंत डढ़वाल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर रहे । जसवंत डढ़वाल ने स्वयंसेवियों को श्रमदान का महत्व बताया तथा नशे और मोबाइल से दूरी बनाकर जीवन में अनुशासन अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि और सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा स्वयंसेवियों को शिविर में सीखी गई अच्छी आदतों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजकुमार ( उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर), सुमित सैनी(कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर) और अभिषेक सूद( प्रधान बाजार कमेटी जयसिंहपुर) व शिविर में भाग लेने वाले प्रमुख स्वयंसेवियों में अमित शाह,तन्मय, रितिक रनौत, सोहनी , आर्यन, पंकज कलसी, कोमल, अक्षय, पलक, स्नेहा, लविशा, शिवम, प्रिंस , रुद्रांश, ईशांत आदि शामिल रहे।

# डॉ. मुनीष वशिष्ठ बने राष्ट्रीय सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. मुनीष वशिष्ठ अखिल भारतीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ फेडरेशन ऑफ सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज स्टाफ के राष्ट्रीय सचिव का नवीन दायित्व संभालेंगे। उन्हें यह दायित्व बीते दिनों दिल्ली में हुई फेडरेशन ऑफ सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज स्टाफ के गठन के बाद सौंपा गया है। इस अवसर पर देश के 47 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से 17 राज्यों से 32 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के गैर-शिक्षक कर्मचारी संगठनों और यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के गैर शिक्षण कर्मचारियों के अधिकारों, हितों की रक्षा और संवर्धन तथा उनके लिए उचित सेवा एवं कल्याणकारी परिस्थितियां सुनिश्चित करने हेतु फेडरेशन ऑफ सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज स्टाफ के नाम से केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मचारियों का एक अखिल भारतीय महासंघ का गठन हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया । इसमें मुख्यत: दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, केन्द्रीय विश्वविद्यालय कर्नाटक, केन्द्रीय विश्वविद्यालय केरल, डॉ हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, गुरू घासी दास विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय आसाम, नोर्थ इस्टर्न हिल विश्वविद्यालय मेघालय, मणिपुर विश्वविद्यालय, मिजोरम विश्वविद्यालय, नागालैंड विश्वविद्यालय, त्रिपुरा विश्वविद्यालय और आसाम विश्वविद्यालय सिलचर ने भागीदारी की। फेडरेशन ऑफ सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज स्टाफ के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से सितम्बर, 2025 से सितम्बर, 2030 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए किया गया है । इस दौरान हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी संघ को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है । जिसमें डॉ मुनीष वशिष्ठ को राष्ट्रीय सचिव का कार्यभार प्रदान किया गया है ।



## एचआरआई फूड कॉस्ट इंटरनेशनल कंपनी में 26 अभ्यर्थियों का चयन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में एचआरआई फूड कॉस्ट इंटरनेशनल जालंधर ने कैंपस इंटरव्यू लिया जिसमे विभिन्न ट्रेड के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि एचआरआई फूड कॉस्ट इंटरनेशनल कंपनी जालंधर ने एक कैंपस का आयोजन किया जिसमें 61 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और जिसमें 26 अभ्यर्थियों का कंपनी के लिए चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थी अगले हफ्ते कंपनी में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे । औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के आईएमसी अध्यक्ष इंजीनियर सुरजीत राणा ने बताया की यह कंपनी टूल मैन्युफैक्चरिंग तथा प्रोडक्शन का कार्य करती है द्य उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की हर साल 8 फीसदी के हिसाब से सैलरी में इजाफा होगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह अनुदेशक मनोज ठाकुर ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को पीएफ और ईएसआई को काटकर 10,500 प्रति माह सैलरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस कैंपस को करने के लिए कंपनी की तरफ से भीबू अरोड़ा जी आए।

# शिक्षा केवल जानकारी का संचार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण संवेदना और नागरिक उत्तरदायित्व का आधार: डॉ. कौंडल

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में आयोजित द्वि-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन फॉर टुमारो : ब्रिजिंग सिविक सेंस नॉलेज कल्चर एंड विजड का भव्य एवं सफल समापन हुआ। आयोजन सचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिवस की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल का स्वागत कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेश चौधरी और आयोजन सचिव डॉ. पवन कुमार ने पुष्पगुच्छ, शॉल और पारंपरिक हिमाचली टोपी भेंट कर किया।

प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी का संचार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, संवेदना और नागरिक उत्तरदायित्व का आधार है। उन्होंने कहा कि परिवर्तनकारी शिक्षा ही वह माध्यम है जो विद्यार्थियों को सृजनशील, उत्तरदायी और जागरूक नागरिक बनाती है। समापन अवसर पर डॉ. पवन कुमार ने दो दिवसीय सम्मेलन




बैजनाथ कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन किया गया।

की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह सम्मेलन शैक्षणिक, सांस्कृतिक और नागरिक मूल्य शिक्षा के समन्वय का एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ। इस आयोजन में देश-विदेश के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया।

उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन शिक्षा को नागरिकता, संस्कृति और संवेदना से जोडने् का एक सशक्त प्रयास रहा, जो भविष्य में शोध और नीति निर्माण की दिशा को नई ऊर्जा देगा इसके पश्चात् आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश चौधरी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों, तकनीकी टीम और आयोजन समिति के सदस्यों का हृदयपूर्वक धन्यवाद किया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने कहा कि इस सम्मेलन की सफलता हमारे सामूहिक परिश्रम, एकता और समर्पण का परिणाम है। महाविद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी इस उपलब्धि के भागीदार हैं। इस प्रकार के आयोजन न केवल संस्थान की शैक्षणिक साख को मजबूत करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ




**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** अंसोली गांव के जोगिंदर कोटिया को एसडीएम ऑफिस नगरोटा बगवां से सीनियर असिस्टेंट पद से सेवानिवृत्ति होने पर हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं।

## सरदार पटेल की जयंती पर एकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को डाडासीबा पुलिस की ओर से आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ ने क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। सुबह साढ़े आठ बजे डीएसपी कार्यालय से शुरू हुई दौड़ पौंग झील सडक़ तक लगभग दो किलोमीटर के सफर के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, आईटीआई विद्यार्थियों, महिलाओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन डीएसपी राजकुमार व थाना प्रभारी मदन मोहन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। दौड़ के अंत में प्रतिभागियों को फल वितरण और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा सहित कई व्यापारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डीएसपी राजकुमार ने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श और एकता के विचार आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और मोबाइल का सदुपयोग करने की अपील की।

## द्रौणाचार्य कॉलेज में मनाई पटेल जयंती




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एनएसएस यूनिट द्वारा द्रौणाचार्य कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में कांगड़ा जिला समन्वयक डॉ. केशव कौंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और एनएसएस के छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पंचरुखी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस थाना पंचरुखी में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों और छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जो एकजुटता और अखंड भारत के प्रति प्रतिबद्धता की सच्ची भावना को दर्शाता है।

## एकजुटता की सीख का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाड़ में शुक्रवार को सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नवीन शर्मा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य नंदिता शर्मा ने स्वयंसेवियों को एकजुटता की सीख का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी विनोद शर्मा एवं सुमन चौधरी द्वारा समस्त स्वयं सेवियो को सात दिनों में एकता, सहभागिता एवं स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। बच्चों द्वारा इन सात दिनों में स्कूल परिसर की सफाई, गांव के रास्तों की सफाई एवं मंदिर की सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर केसी कोंडल, मीना ठाकुर, संजना ,विवेक सूद ,विवेक गुप्ता ,अंबेश, अरविंद, प्रेमलता ,कमलनयन और स्वयं सेवियों में अंकित, अमित ,आर्यन ,अनीश, हर्ष, अंशुल ,तरुण ,मोहित, अविनाश, लड़कियों में सोनिया, कृतिका, रितिका, पलक , मनु ,अक्षरा ,आकांक्षा ,मुस्कान, कृषिका ,शिवानी, कषक , शिवांशु और वंदना उपस्थित रहे।

## खैरा में नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा (कांगड़ा) में नशा मुक्त भारत अभियान स्कूल के मुख्याध्यापक बलविंद्र सिंह कटोच की अध्यक्षता में 14 से लेकर 31 अक्तूबर तक मनाया गया। इस अभियान में सभी अधियापकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियां नारा लेखन, चित्र कला प्रतियोगिता, रंगोली, मैराथन वॉलीबाल प्रतियोगिता, स्किट, रैली,योगासन और मेडिटेशन आदि करवाए गए। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों के माध्यम से नशों से दूर रहने का संदेश दिया। मुख्याध्यापक बलविंद्र सिंह कटोच ने बच्चों को नशे से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वस्थ तथा खुशहाल राष्ट्र का निर्माण करने का संदेश दिया। अंत में सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा नशे को अपने जीवन में कभी न अपनाने व स्वस्थ व नशामुक्त राष्ट्र के निर्माण करने की प्रतिज्ञा ली।

# हरोट में 10 लाख से बनेगा पटवार भवन, जनसेवा केंद्र किया लोकार्पित

### ग्राम पंचायत हरोट में आयोजित कार्यक्रम में बोले मंत्री यादविंद्र गोमा

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरोट में 10 लाख रुपए की लागत से पटवार भवन जल्द बनकर तैयार होगा। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने आज भवन की आधारशीला रखी। इसके अलावा उन्होंने 5 लाख रुपए की लागत से जनसेवा केंद्र का शुभारंभ किया, जोकि ग्राम पंचायत कार्यालय हरोट में स्थापित किया गया है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पटवार भवन तय समय के भीतर बनकर तैयार होगा। इससे स्थानीय लोगों को राजस्व विभाग से संबंधित सेवाओं में आसानी होगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत हरोट में स्थापित किए गए जनसेवा केंद्र से लोगों को ऑनलाइन सेवाओं में मदद मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं। इसके चलते जनसेवा केंद्र लोगों के लिए मददगार साबित होगा। शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात मंत्री ने हरोट में आयोजित जनसभा में कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र का समान विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर उनका परिवार है और वह सभी क्षेत्रों में समान विकास को लेकर प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पंचायत और स्कूल प्रशासन ने मंत्री को सम्मानित किया। मंत्री ने विभिन्न लोगों को इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए। उन्होंने स्थानीय लोगों को जनसेवा केंद्र के शुभारंभ और पटवार भवन की आधारशीला पर शुभकामनाएं देते हुए स्वागत सम्मान के लिए आभार भी जताय। मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों की मोक्षधाम के निर्माण, युवक मंडल भवन निर्माण सहित अन्य मांगो पर सहानुभुति पूर्वक गौर करने का आश्वासन दिया।

#### तीन माह में स्थापित होगा डायलसिस सेंटर

**मंत्री** ने हरोट में आयोजित जनसभा में कहा कि तीन माह के भीतर सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में डायलसिस सेंटर स्थापित होगा। इससे लोगों को किडनी से संबंधित इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा छह माह के भीतर अस्पताल में ब्लड युनिट भी स्थापित होगा। अस्पताल में नवम्बर माह के अंत तक 6 विशेषज्ञ डाक्टर भी तैनात होंगे। उन्होंने बलह में पुलिया लगाने के लिए 1.50 लाख रुपए, शमशान घाट में विभिन्न कार्य के लिए 2 लाख रुपए जारी करने और नागाबाबा सडक़ के कार्य को पूरा करने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व बीसीसी अध्यक्ष जसवंत डढवाल, एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर, तहसीलदार अभिषेक भास्कर, बीडीओ सिकंदर कुमार, पंचायत प्रधान हरोट रागिनी देवी, उप प्रधान कमल जसरोटिया सहित विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शिवनगर कॉलेज में दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश




शिवनगर कॉलेज में स्वयंसेवियों को एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** शिवनगर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले पोस्टर बनाना और नारा लेखन की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें स्वयंसेवियों व अन्य छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इसके बाद व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने एकता दिवस का महत्व बताते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत की अनेकता में एकता को सुदृढ़ करने वाला महनायक बताया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पांडेय ने सभी को एकता दिवस की शपथ दिलाई और आसपास के बाजार और क्षेत्रों में पदयात्रा भी निकाली गई जिसके माध्यम से राष्ट्र की एकता का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रो. राजेश, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. उज्ज्वल सिंह, प्रो. विवेकानंद शर्मा व स्वयंसेवी सोनाक्षी, कृषिका, दीपिका, शुभम, पलक, नेन्सी, कमल आदि उपस्थित रहे।

### धर्मशाला में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन

# वल्लभभाई को याद रखना हर भारतीय का कर्तव्य : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा की ओर से धर्मशाला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला मुख्यालय से सटे शीला चौक से हुई और मैराथन का समापन दाड़ी मेला मैदान में किया गया, जहां जयराम ठाकुर ने जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान शीला चौक से दाड़ी मेला मैदान तक का पूरा मार्ग भाजपा के रंगों में रंगा नजर आया। सडक़ के दोनों ओर भाजपा के झंडे लगाए गए थे, जिससे माहौल में एकता और जोश का संदेश प्रसारित हुआ। पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों को एकजुट कर भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटेल के योगदान को सम्मान देने के लिए गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया, जो आज देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत का स्वरूप हमें दिया, उसे याद रखना और उस एकता को बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य है। आज उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में यूनिटी मार्च आयोजित किए जा रहे हैं और धर्मशाला में भी उसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके साथ ही जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का कार्यकाल अब अपने अंतिम चरण में है और धारा 118 में संशोधन की बात कर रही है, जो हिमाचल के हित में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच अब दुर्भाग्यपूर्ण हो चुकी है। हिमाचल ऑन सेल करने की मंशा प्रदेश के भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है।




भाजपा की ओर से धर्मशाला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

# जैंद पंचायत का तीसरी बार बदला विकास खंड

### विकास कार्य होंगे प्रभावित, लोगों में बढ़ा रोष

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** बार-बार पंचायत का विकास खंड बदलने पर लोगों और जनप्रतिनिधियों में रोष है। क्योंकि इससे विकास कार्यों में रुकावट, योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा और प्रशासनिक अव्यवस्था पैदा होती है। इस तरह के बदलावों से न केवल विकास प्रक्रिया बाधित होती है, बल्कि यह प्रशासनिक और राजनीतिक अस्थिरता को भी बढ़ावा देता है। ऐसे ही एक मामले में जैंद पंचायत वासियों में रोष पनप उठा है। लोगों ने पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर स्थानीय विधायक एवं मंत्री यादवेंद्र गोमा सहित मुख्यमंत्री व जिला उपायुक्त से पत्राचार के माध्यम से अपील की है। पंचायत प्रधान नीलम कुमारी ने ग्रामीणों के आग्रह पर विकास खंड को यथावत रखने की अपील की है। उन्होंने प्रस्ताव में बताया कि पूर्व में जैंद पंचायत का विकास खंड भवारना था, बाद में भेड़ू महादेव विकास खंड बनने पर पंचायत को इससे जोड़ दिया गया। परंतु जुलाई माह में फिर बदलाव करते हुए पंचायत को विकास खंड लंबागांव के अधीन कर दिया गया है। लोगों ने बताया कि बार बार विकास खंड बदलने से पंचायत में प्रस्तावित व संचालित योजनाओं पर विपरीत असर होना लाजिमी है। पंचायत वासियों ने बताया कि जैंद पंचायत विकास खंड लंबागांव के अंतिम छोर में स्थित है तथा विकास खंड की दूरी 20 किलोमीटर है। लोगों की तहसील, बाजार व स्कूल कॉलेज भी भवारना की तरफ हैं, जो काफी निकट है। लोगों ने पंचायत को प्रशासनिक दृष्टि से विकास खंड भवारना से जोडऩे की प्रशासन और सरकार से अपील की है। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि इस संदर्भ में जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार सहित स्थानीय विधायक एवं मंत्री ने भी कोई जबाव नहीं दिया है। गौरतलब है कि विकास खंड बदलने से मौजूदा विकास परियोजनाओं का काम रुक सकता है, क्योंकि नए खंड के नियमों, प्रक्रियाओं और संसाधनों के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है। पंचायत विकास योजना जैसी योजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन में बाधा आती है, क्योंकि नए विकास खंड में संसाधनों का आवंटन और प्राथमिकताएं अलग हो सकती हैं। वहीं बार-बार बदलाव से एक प्रकार की प्रशासनिक अस्थिरता आती है और योजनाओं के दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करना कठिन हो जाता है। यह राजनीतिक उठापटक को भी बढ़ावा दे सकता है। वहीं विकास खंड बदलने से संसाधनों के वितरण में असमानता आ सकती है, इससे कुछ क्षेत्र लाभान्वित होते हैं, जबकि कुछ पिछड़ जाते हैं।

# नशा विरोधी रैली निकालकर नशामुक्त समाज का दिया संदेश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में आज नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को नशे तथा धूम्रपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ, नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस और रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने नगर में नशा विरोधी रैली निकालकर नारों और पोस्टरों के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन से नशे को पूर्णत: त्याग कर स्वस्थ, जिम्मेदार और सशक्त नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। इस अवसर पर डॉ. बोविन्दर कटोच, लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा, डॉ. अनुराधा शर्मा, डॉ. राजीव भूरिया, प्रो. पूनम शर्मा, प्रो. मनीषा शर्मा, प्रो. आदित्य भान ओझा, प्रो. कमलेश तथा सहित अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने धूम्रपान एवं नशे से दूर रहने की शपथ ली। इसके उपरांत डॉ. बोविन्दर कटोच ने नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों पर एक प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।

**विक्रम बत्रा कॉलेज पालमपुर में चलाया नशा विरोधी जागरूकता अभियान**

### इंदौरा की ठाकुरद्वारा पंचायत में 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित करें समाधान : मलेंद्र

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने शुक्रवार को ठाकुरद्वारा ग्राम पंचायत में आयोजित 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का निवारण उनके घर-द्वार पर ही करना है। इसी उद्देश्य से सरकार ने 'आपका विधायक आपके द्वार' जैसे कार्यक्रमों की शुरुआत की है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि इंदौरा विधानसभा में विकास को गति दी जा रही है। मिलवां से बरोट सड़क के उन्नयन का कार्य लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत से प्रगति पर है। ठाकुरद्वारा से मलकाणा सड़क की डीपीआर तैयार कर सरकार को भेज दी गई है और इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा में उप-तहसील कार्यालय भवन तथा पुलिस चौकी निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठाकुरद्वारा को सीबीएसई से संबद्ध करने की प्रक्रिया जारी है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

विधायक मलेंद्र राजन ने ठाकुरद्वारा पंचायत को विकास कार्यों के लिए अपनी विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले विधायक मलेंद्र राजन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बीडीओ सुदर्शन सिंह,नायब तहसीलदार जय चंद, एसडीओ लोक निर्माण विभाग सिकंदर सिंह, पंचायत प्रधान गणेश कुमार, उपप्रधान राणा प्रताप, बीडीसी सदस्य कौशल्या देवी, ठाकुर अनूप सिंह, किसान कांग्रेस के सदस्य विजय शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्षा उर्मिला देवी, पोंग बांध के निदेशक डॉ. विशाल ठाकुर, प्रधान बकराडवां रानी देवी, प्रधान बसंतपुर कुलदीप सिंह, उपप्रधान जोगिंदर सिंह, पूर्व प्रधान लाल हुसैन, कांग्रेस कार्यकर्ता तारा चंद, वीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



ठाकुरद्वारा ग्राम पंचायत में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान विधायक मलेंद्र राजन को सम्मानित करते हुए।

# विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ली राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ



गाहलियां में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में 31 अक्तूबर, 2025 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर, छात्रों और शिक्षकों ने भारत को एक एकीकृत राष्ट्र बनाने के सरदार पटेल के दृष्टिकोण को याद किया। छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। 11वीं कक्षा की छात्रा आरुषि ने मलयालम भाषा में और दसवीं कक्षा की छात्रा वंशिका संधू ने हिंदी भाषा में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी को शपथ दिलवाई। छात्रों ने पोस्टर और शपथ लिखकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। शपथ लिखने में जूनियर वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर क्रमश: अंशिका, गुंजन कोटी और सुनिशिका, सीनियर वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आरुषि,मन्नत रंधावा और दिव्याना,पोस्टर बनाने में जूनियर वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर क्रमश: अनामिका कुमारी, रिशेक रंधावा और आन्य संधू और सीनियर वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर सुप्रिया, सुजैन, अशिका और रितिक रहें। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी रैली का भी भव्य आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य सरदार पटेल के आदर्शों और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था।

### कार्यक्रम | नूरपुर में भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का जागरूकता शिविर संपन्न

# प्रदेश सरकार कर रही श्रमिकों के उत्थान का प्रयास : कंवर

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सौजन्य से आज नगर परिषद हॉल, नूरपुर में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने की, जबकि पूर्व विधायक अजय महाजन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से पंजीकृत श्रमिकों के लिए 14 कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में मनरेगा कर्मियों, विधवा महिलाओं, एकल नारियों, दिव्यांगजनों तथा मंदबुद्धि बच्चों वाले पात्र परिवारों को बोर्ड की योजनाओं से जोड़ना आवश्यक है ताकि वे इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि मनरेगा श्रमिकों के साथ-साथ प्लंबर, बढ़ई, फिटर,राजमिस्त्री, पेंटर आदि कार्यों में लगे श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। कंवर ने कहा कि बोर्ड के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को विवाह, चिकित्सा, शिक्षा, पेंशन, दिव्यांग सहायता, अंतिम संस्कार, मृत्यु पर आश्रित को सहायता, बेटी के जन्म, मानसिक रूप से मंद बच्चों की देखभाल, विधवा पेंशन तथा आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार पंचायत स्तर तक सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र श्रमिक अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर विशेष अतिथि अजय महाजन ने कहा कि श्रमिक साथी कामगार बोर्ड में अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के गरीब एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है।

उन्होंने बताया कि सुखाश्रय योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा प्रदान किया गया है तथा उनकी शिक्षा, विवाह एवं आवास निर्माण का समस्त व्यय सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुख शिक्षा योजना के माध्यम से विधवा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यक खर्चों का वहन भी सरकार द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला श्रम कल्याण अधिकारी लोकेश शर्मा ने मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का शॉल और टोपी पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर वन विकास निगम के निदेशक योगेश महाजन, बीडीओ सुभाष अत्रि, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिंटू, कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष बलदेव, नगर परिषद के पार्षद गौरव महाजन, हरनाम सिंह, पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्षा रोजी जामवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।




नूरपुर में भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के जागरूकता शिविर में अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर संबोधित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### लड़कों के अंडर-18 खो-खो ट्रायल कल

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** बिलासपुर अंडर 18 ब्वॉयज खो-खो टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 2 नवंबर को जुखाला में होंगे। चयनित खिलाड़ी 8 व 9 नवंबर को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला एमच्योर खो-खो एसोसिएशन बिलासपुर जिलाध्यक्ष पवन ठाकुर ने बताया कि यह ट्रायल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुखाला के खेल मैदान में होंगे। इन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 4 जनवरी 2008 के बाद हुआ हो। साथ ही खिलाड़ियों को बजन, ऊंचाई तथा आयु के कुल निर्धारित इंडेक्स 250 को भी पूरा करना होगा। उन्होंने जिला भर के खिलाड़ियों से आग्रह किया कि सभी सुबह 9 बजे खेल प्रांगण में पहुंच जाएं। अपना आधार कार्ड भी साथ लाएं। बिना आधार कार्ड कोई भी खिलाड़ी ट्रायल में भाग नहीं ले सकेगा।

### गोपाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 3 से

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शहर के साथ लगते दनोह-कुनाला में स्थित गोपाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह 3 नवंबर से शुरू होगा। गोपाल मंदिर निर्माण एवं विकास समिति के महासचिव सुनील पवार शिल्हा ने बताया कि कथा सप्ताह में कथा व्यास पंडित पंकज शर्मा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से प्रवचनों के माध्यम से भक्तिरस की गंगा बहाएंगे। धार्मिक कार्यक्रम के तहत 9 नवंबर को अंतिम दिन जनसहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़ कर कथा सप्ताह में प्रवचनों का रसपान करने और भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया है।

### सरदार पटेल के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में थाना कोट कहलूर पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोबा के छात्रों, थाना कोट कहलूर के पुलिस कर्मियों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर देश में एकता, अखंडता और सद्भाव का संदेश दिया। पुलिस प्रशासन ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के प्रति प्रेरित किया। पुलिस कर्मियों ने युवाओं से समाज में भाईचारे और अनुशासन की भावना को बनाए रखने का आह्वान किया।

### जेओरा स्कूल में स्टूडेंट्स ने दिया एकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उच्च विद्यालय जेओरा में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय मुख्याध्यापक मदन लाल शर्मा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालकर किया गया। इस अवसर पर छात्रों को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से अवगत कराया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता, राज्यों की विशेषताएं, लोक भाषाएं, पारंपरिक वेशभूषा एवं व्यंजनों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने पोस्टर, भाषण और देशभक्ति गीतों के माध्यम से देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया।

### बिलासपुर स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित कर की। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत और कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा की गई। एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा सरदार पटेल के जीवन और भारत के एकीकरण में उनके योगदान पर विचार प्रस्तुत किए गए। मीनाक्षी, तृप्ता और साक्षिया ने भाषण के माध्यम से तथा आशा और चित्ररेखा ने कविता के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्वयंसेवियों के मध्य साझा किया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने सभी वॉलंटियर्स और छात्रों को वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वयंसेवियों को वल्लभ भाई पटेल के वृहद व्यक्तित्व, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका और भारत निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की।

### स्लोआ को जाने वाले रास्ते की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत स्लोआ के लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति भारी रोष देखने को मिला है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्लोआ पंचायत को जाने वाले रास्ते की हालत बेहद खराब है, लेकिन आज तक किसी ने भी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न तो किसी सरकार ने और न ही किसी विधायक ने अब तक उनकी सुध ली है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो इसका असर आगामी चुनावों में साफ दिखाई देगा।

### बल्हसीणा-झबोला सड़क चार महीने से बंद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल के बल्हसीणा से गुजरेहडा, गोचर, ताबड़ी होते हुए झबोला तक जाने वाली सड़क पिछले चार महीनों से बंद पड़ी है। इस कारण बस सुविधा पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज गोचर गांव के ग्रामीण लोकनिर्माण विभाग के कार्यालय झंडूता पहुंचे और अपनी समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत देकर सड़क खोलने और बस सेवा बहाल करने की मांग की। अधिकक्ष ग्रेड वन सुनील कुमार ने बताया कि आज गोचर के लोग कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्या को लिखित रूप में विभाग को सौंपा। मैं इस पत्र को उच्च अधिकारियों को आगे भेजूंगा, ताकि जल्द समाधान हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बंद होने से स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज और दैनिक यात्री सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वे पैदल या वैकल्पिक रास्तों से लंबी दूरी तय करने को मजबूर हैं। विभाग से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

### तरसुह स्कूल के छात्रों ने देखा छतबीड़ जू

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** पीएम रावमा पा तरसुह के 150 छात्रों ने पहले दो चरणों में चंडीगढ़ और छतबीड़ जू का भ्रमण किया, जहां उन्होंने वन्य जीवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य तजेंद्र सिंह ने कहा कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नई चीजें सिखाना और उन्हें अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पहले दो चरणों में 150 छात्रों ने चंडीगढ़ और छतबीड़ जू का भ्रमण किया, जहां उन्होंने वन्य जीवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि अब तीसरे चरण में 80 छात्रों को फिर से चंडीगढ़ और छतबीड़ जू के लिए भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। भ्रमण के दौरान छात्रों की खुशी और उत्साह को देखकर यह स्पष्ट होता है कि यह अनुभव उनके लिए कितने मूल्यवान है। प्रधानाचार्य ने प्रध्यापकों और अध्यापकों के योगदान की भी सराहना की, जिन्होंने इस भ्रमण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### धनतर स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनतर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में झंडूता कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि विवेक कुमार का स्कूल प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। वहीं, स्कूल प्रशासन द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने उत्कृष्ट स्कूली बच्चों को सम्मानित भी किया। समारोह में मुख्यातिथि ने कहा कि स्कूली बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों को संजोये रखने में सभी लोगों को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को अपनी शिक्षा के साथ-साथ बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। विवेक कुमार ने स्कूली बच्चे देश के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाएं। इसके अलावा युवा नशे की दलदल में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी नशे की दलदल में फंसती जा रही है, जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने नशे पर चोट के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### मैथेमेटिक्स विजार्ड में राधिका और प्राची प्रथम

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** भारतीय एयरटेल फाउंडेशन के सौजन्य से जिला स्तरीय मैथेमेटिक्स विजार्ड प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुखाला में हुई। प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय लुहारड़ा की कक्षा आठवीं की छात्राओं राधिका और प्राची ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि से हर्ष की लहर है। मुख्याध्यापक मनोज कुमार ने दोनों प्रतिभागियों सहित सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की निरंतर मेहनत, विषय के प्रति रुचि और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमारा विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार एवं प्रतियोगी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। ऐसे मंच न केवल बच्चों में आत्मविश्वास जगाते हैं बल्कि उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने अभिभावकों को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इंदिरा गांधी ने देश की अखंडता के लिए दिया बलिदान : धर्माणी

## घुमारवीं में राष्ट्रीय संकल्प दिवस पर पूर्व पीएम संग लौह पुरुष पटेल को किया नमन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राष्ट्रीय संकल्प दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने दोनों राष्ट्रीय नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को स्मरण किया।



लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, घुमारवीं में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और सशक्त नेतृत्व के बल पर देश को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिनका प्रभाव आज भी देश की विकास यात्रा में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, निष्ठा और कर्मठता का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के योगदान के कारण आज भारत एकजुट और मजबूत राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित है। राजेश धर्माणी ने कहा कि राष्ट्रीय संकल्प दिवस हमें यह संकल्प दोहराने का अवसर देता है कि हम देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे निष्ठा, ईमानदारी और देशभक्ति के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय एकता और अखंडता की ली शपथ

**बिलासपुर।** उपायुक्त कार्यालय परिसर बिलासपुर स्थित बचत भवन में शुक्रवार को राष्ट्रीय संकल्प दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ली। एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वह राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे तथा अपने देशवासियों में यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयास करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को भी याद करते हुए एसडीएम राजदीप सिंह ने उनके जीवन, संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

# सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर दिया जाए विशेष बल : राजेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में घुमारवीं में लोक निर्माण विभाग मंडल घुमारवीं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण एवं रखरखाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों को लेकर कई अवरोध हैं, जिन्हें दूर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में फील्ड से अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त की गई हैं तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सरकार की नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन बड़ी बसों के आवागमन के लिए यह सड़कें पास नहीं हो पा रही हैं, ऐसी सड़कों को एम्बुलेंस रोड के रूप में पास किया जाएगा ताकि लोगों को इन सड़कों का लाभ मिल सके। उन्होंने कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा नाबार्ड के तहत निर्मित सड़कों की मेंटेनेंस अवधि में रखरखाव कार्य संबंधित ठेकेदारों द्वारा ही किया जाएगा।

**▶ मंत्री ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा**

उन्होंने दधोल-चरोड़ा, करलोटी-गालियां तथा बरठीं-निहारी सड़कों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि इन मार्गों की मरम्मत एवं सुधार कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि लोगों को सुचारू यातायात सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, यह सरकार की प्राथमिकता है। राजेश धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई सड़कों के निर्माण में भूमि संबंधी अवरोध सामने आ रहे हैं, जिसके कारण सड़कों को निर्धारित चैड़ाई प्राप्त नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि ऐसी सड़कों को ट्रैक्टर योग्य सड़क के रूप में विकसित किया जा सके।

# लघु उद्योग संघ के व्हाट्सऐप समूह में होंगी केवल सकारात्मक चर्चाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला लघु उद्योग संघ बिलासपुर की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष प्रेम डोगरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महामंत्री इंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, संरक्षक डॉ. तेज प्रताप पांडेय, तथा सदस्य संजीव, शंकर दास, जसजीत वालिया, अरुण डोगरा, दीप चंद नड्डा, अंशुल जैन, वी एल शर्मा, जयदीप कुमार और हर्ष दबड़ा सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की जानकारी देते हुए प्रेस सचिव अरुण डोगरा ने बताया कि बैठक में जिला लघु उद्योग संघ के व्हाट्सऐप समूह में बढ़ती अनावश्यक चर्चाओं पर चिंता व्यक्त की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समूह में केवल सुझावात्मक और सकारात्मक चर्चाएं होंगी, नकारात्मक टिप्पणियों की अनुमति नहीं होगी। बैठक में संघ के मुख्य संरक्षक सुंदर लाल डोगरा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उनके स्थान पर डॉ. तेज प्रताप पांडेय को संघ का नया मुख्य संरक्षक मनोनीत किया जाए। औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की दयनीय स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा हुई और यह तय किया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त बिलासपुर से मिलकर सड़क मरम्मत हेतु शीघ्र कार्रवाई की मांग करेगा। बैठक में स्ट्रीट लाइटों की लगातार खराब स्थिति पर भी चिंता जताई गई। यह निर्णय लिया गया कि उद्योग विभाग बिलासपुर के माध्यम से विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर हर माह का बिल सीधे जिला लघु उद्योग संघ द्वारा भुगतान किया जाए, ताकि लाइटों की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

# पटेल का देश की अखंडता में अहम योगदान : भाजपा

## लौह पुरुष की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला मुख्यालय में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला भाजपा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा की जिला प्रभारी पायल वैद्य, जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल, पूर्व अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला समेत बड़ी संख्या में पार्टी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने भाजपा के जिला कार्यालय में सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद वहीं से शुरू की गई रन फॉर यूनिटी के तहत मैराथन में दौड़ लगाकर एकता का संदेश भी दिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार पटेल स्वतंत्रता संग्राम के एक महान नेता थे। देश की एकता और अखंडता में उनका अहम योगदान रहा है। राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के साथ ही उन्हें सशक्त नेतृत्व के लिए भी जाना जाता है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत उनका प्रमुख नारा था। देश की आजादी के बाद विभाजन और असहमति के हालात थे। उस समय सैकड़ों रियासतों का भारत में विलय करना एक बड़ी चुनौती थी। सरदार पटेल के प्रयासों से ही सभी 565 रियासतों का भारत में विलय संभव हो पाया। वर्ष 1950 में उनका निधन हो गया था। उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में बेहद कम समय में ही उन्होंने बड़ी उपलब्धियां हासिल की।



बिलासपुर में आयोजित रन फॉर यूनिटी में भाग लेते भाजपा के विधायक एवं अन्य।

### कांग्रेस ने पटेल को प्रथम प्रधानमंत्री बनने से रोका

**वक्ताओं** ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी सरदार पटेल को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वह हकदार थे। यहां तक कि उन्हें देश का प्रथम प्रधानमंत्री बनने से भी रोका गया। उन्हें भारत रत्न की उपाधि वर्ष 1991-92 में देश में गैर कांग्रेसी सरकार के समय मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। देश की एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# मधुमक्खी पालन कर सशक्त बनेंगी महिलाएं

## अल्ट्राटेक सीमेंट बागा ने पंचायत सहनाली में 10 बी बॉक्स किए वितरित

**अनंत ज्ञान, नमहोल**

सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में अल्ट्राटेक सीमेंट बागा द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक नई पहल की गई है। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के यूनिट हेड नितेश निराला की अगुवाई में कंपनी ने सहनाली गांव में मधुमक्खी पालन (एपिकल्चर) पर आधारित एक पायलट परियोजना शुरू की है। इस परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की चयनित महिलाओं को 10 बी बॉक्स वितरित किए गए हैं तथा उन्हें मधुमक्खी पालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा शहद उत्पादन, छत्तों की देखभाल, मोम और अन्य उपउत्पादों के विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। नितेश निराला ने बताया कि यह पहल महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी। साथ ही, मधुमक्खी पालन से फसलों के परागण में सुधार होगा, जिससे कृषि उत्पादन भी बढ़ेगा।



यह परियोजना न केवल महिलाओं की आजीविका का साधन बनेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है। अल्ट्राटेक की यह पहल भविष्य में अन्य गांवों के लिए भी एक प्रेरक मॉडल साबित होगी।

### डॉ. ऋतिक ने सांसद अनुराग ठाकुर का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा में सह मीडिया प्रभारी नियुक्त होने के उपरांत डॉ. ऋतिक शर्मा ने सांसद अनुराग ठाकुर से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है, तथा वे संगठन की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में कार्य करना सम्मान की बात है। उन्होंने राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल, जेआर कटवाल, राजेंद्र गर्ग और सुरेश चंदेल का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने उन पर विश्वास जताया है।

# भाषण स्पर्धा में ग्लोरी स्कूल बिलासपुर की असिमा प्रथम

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान**

**दधोल।** घुमारवीं उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन पर सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक जेएस राव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृति हमारी धरोहर है। ऐसी प्रतियोगिताओं से हमारी सांस्कृति से आने वाली पीढ़ी रू-ब-रू होती है। मुख्यातिथि द्वारा विजेताओं को मोमेंटो व प्रस्तुति पत्र देकर समानित किया गया। छात्रा वर्ग भाषण प्रतियोगिता में ग्लोरी पब्लिक स्कूल बिलासपुर की असिमा प्रथम, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठी की शबनम द्वितीय व राधा कृष्ण स्कूल घंडालवीं की रिद्धिमा व गर्ल स्कूल घुमारवीं की रेखा तृतया रही। छात्र वर्ग में बंदला स्कूल का अग्रीम प्रथम, झणुता का नमन द्वितीय व दधोल स्कूल का गोपाल तृतया स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग वाद्य संगीत में सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर स्कूल प्रथम रहा, जबकि छात्र बर्ग वाद्य संगीत में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंदरौर प्रथम व सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठीपुरा द्वितीय रहा। छात्रा वर्ग सांस्कृतिक श्लोक में प्रथम भपराल, द्वितीय दधोल व तृतया झणुता स्कूल के प्रतिभागी रहे, जबकि छात्र वर्ग में बरमाणा प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, व दधोल स्कूल तृतया रहा। सांस्कृतिक गीतिका प्रतियोगिता में तकरेड़ा स्कूल प्रथम, कठलग स्कूल दूसरे व पंजगाई स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम बरमाणा स्कूल, दूसरे पर समूह तथा तीसरे स्थान पर धनेतर स्कूल रहा। एकल प्रतियोगिता की छात्रा वर्ग में बरमाणा प्रथम, राधा कृष्ण स्कूल घनडालवीं द्वितीय रहा। छात्र वर्ग एकल प्रतियोगिता में राधा कृष्णा घनदालवीं प्रथम रहा। सुगम संगीत छात्रा बर्ग में झणुता प्रथम, घुमारवीं गर्ल स्कूल द्वितीय तथा बेहल स्कूल तृतया स्थान पर रहा। इस श्रेणी प्रतियोगिता छात्र बर्ग में अमरपुर स्कूल प्रथम, कंदरौर द्वितीय व कोठीपुरा तृतीय स्थान पर रहा। शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के छात्रा बर्ग में एबीपीएस स्कूल बाघा प्रथम, झणुता स्कूल द्वितीय रहा। शास्त्रीय संगीत के छात्र वर्ग में झणुता स्कूल प्रथम व नमहोल स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। ग्रुप सांग में छात्रा बर्ग में ग्लोरी स्कूल बिलासपुर प्रथम व एबीपीएस बाघा द्वितीय रहा, जबकि छात्र वर्ग के ग्रुप सांग प्रतियोगिता में छात्र स्कूल घुमारवीं प्रथम व एबीपीएस बाघा द्वितीय रहा।

**▶ दधोल स्कूल में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन**

# डीएवी स्कूल बिलासपुर के नौसेना एनसीसी कैडेट्स ने किया गोबिंदसागर झील का भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के नौसेना एनसीसी कैडेट्स के लिए शुक्रवार को जल-आधारित गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में बोट रिगिंग, बोट पुलिंग तथा सेलिंग जैसी उच्च कौशल वाली प्रशिक्षण प्रक्रियाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, टीम वर्क, साहस और समुद्री कौशल का विकास करना था। इस अवसर पर 1 एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने स्वयं प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और कैडेट्स को दिशा-निर्देश प्रदान करना था। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कहा कि जल आधारित गतिविधियां केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि कैडेट्स के व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, धैर्य, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। हमें गर्व है कि डीएवी स्कूल बिलासपुर के कैडेट्स ने अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कैडेट्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# डीएवी झबोला में बैग फ्री डे पर मिनी ओलंपिक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई ।** डीएवी पब्लिक स्कूल झबोला में शुक्रवार को बैग फ्री डे पर मिनी ओलंपिक का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मिनी ओलंपिक बैग फ्री डे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि पुलिस थाना प्रभारी तलाई राकेश कुमार थे। मुख्यातिथि राकेश कुमार व डीएवी पब्लिक स्कूल झबोला प्रधानाचार्य रवि कुमार ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनमोल धन है क्योंकि शिक्षा एक ऐसा खजाना है जिसे कोई चुरा नहीं सकता, जो कभी खत्म नहीं होता, और शिक्षा को जितना बांटो उतना ही बढ़ता है। उन्होंने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहें नशा जीवन को तहस-नहस कर देता है।

# राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार थे सरदार पटेल : सुरजीत ठाकुर

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी 150वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विद्यालय विद्यार्थियों, अध्यापकों ने देश के महान सपूत के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि प्रदान कर उनकी शिक्षाओं को याद किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने बताया कि देश की 562 रियासतों को इकट्ठा करने के अकल्पनीय कार्य को साकार करते हुए एक शसक्त भारत की नींव रखी, भारत में खान पान, भाषा, भेष भूसा, सांस्कृतिक परंपराओं, मत, पंथ संप्रदाय में भले ही विविधताएं पाई जाती हैं पर सरदार पटेल के बौद्धिक गुरुत्वाकर्षण ने भारत की एकता वह अखंडता सुनिश्चित करने का असंभव कार्य पूरा कर दिया, देश की ऐसी महान विभूतियां कभी मरती नहीं बल्कि वह वैचारिक रूप से युगों युगों तक देश का मार्गदर्शन करती रहती हैं। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापकों, बच्चों के अभिभावकों, विद्यार्थियों ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर अपने अपने हाथ में देश का तिरंगा झंडा लेकर राष्ट्रीय एकता वह अखंडता का संदेश दिया।

**▶ राष्ट्रीय एकता दिवस पर मजारी स्कूल में दी लौह पुरुष को श्रद्धांजलि**

**सुविधा** वोटर्स के लिए 1950 वोटर हेल्पलाइन और बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा शुरू

# मतदाताओं को दी जा रहीं सर्वोत्तम सुविधाएं : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने और निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं नागरिक हितैषी बनाने के उद्देश्य से 1950 वोटर हेल्पलाइन एवं बुक-ए-कॉल विद बीएलओ जैसी अभिनव सेवाएं प्रारंभ की हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों सेवाओं का उद्देश्य मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी सभी जानकारी, सुझाव और शिकायतों का त्वरित समाधान एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन (नंबर 1800-11-1950) प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक संचालित रहेगी, जहां प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा मतदाता सूची, पहचान पत्र, मतदान केंद्र और अन्य निर्वाचन सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने देशभर में राज्य संपर्क केंद्र (एससीसी) और जिला संपर्क केंद्र (डीसीसी) स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मतदाताओं को स्थानीय भाषा में शीघ्र और प्रभावी सहायता मिल सके। सभी शिकायतें एवं प्रश्न राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एनजीएसपी 2.0) पर दर्ज और ट्रैक किए जाएंगे, जिससे पारदर्शी एवं समयबद्ध निवारण सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा शुरू की गई बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) से सीधे संपर्क कर सकेंगे।

यह सुविधा ईसीआईएनईटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसका उद्देश्य मतदाताओं को व्यक्तिगत स्तर पर सहायता उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने जिला बिलासपुर के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वह 1950 वोटर हेल्पलाइन एवं बुक-ए-कॉल विद बीएलओ जैसी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाया जा सके।

### मानसून के दौरान जिले में 101 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त : डीसी

**बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि मानसून मौसम के दौरान गत 20 जून से 26 सितंबर तक हुई भारी वर्षा के कारण जिला बिलासपुर में 101 कच्चे व पक्के घर पूरी तरह जबकि 313 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए मकानों के पुनर्निर्माण के लिए 7 लाख की राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी, जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए एक लाख की राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मां शिव शक्ति मंदिर व भटवाड़ा मार्ग किया चकाचक

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का विद्यालय गुआं में तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न जगहों पर जाकर जैसे की मां शिव शक्ति मंदिर के आसपास लगी कांटेदार झाड़ियां को काटा। वह मंदिर के आसपास पड़ा कूड़ा कचरा उठाकर एक सुरक्षित स्थान पर ले जाकर जलाया गया। तथा मां शिव शक्ति मंदिर से लेकर गांव भटवाड़ा को जोड़ता एकमात्र रास्ता जो बरसात के दिनों से लेकर बंद पड़ा था। उसकी भी साफ सफाई बच्चों द्वारा की गई। इस दौरान कार्यक्रम के अधिकारी अनीश कुमार वह दर्शना कुमारी भी बच्चों के साथ मौजूद रहे। विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा ने बताया कि यह एक सात दिवसीय स्वैच्छिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से उनका व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### चर्च, मेन बाजार में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-1 तेजू ठाकुर ने बताया कि 1 नवंबर, शनिवार को न्यू हॉस्पिटल के अधीन 250 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का कार्य भी किया जाएगा। इस कारण प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक या कार्य समाप्ति तक मोहल्ला चरपट, चर्च, मेन बाजार और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। तेजू ठाकुर ने कहा कि कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा और सभी उपभोक्ताओं से सहयोग का अनुरोध किया गया है। उपभोक्ताओं से यह अपेक्षा की गई है कि वे असुविधा के दौरान सावधानी बरतें और अपने उपकरण सुरक्षित रखें।

### इंदिरा गांधी व सरदार पटेल को किया याद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी द्वारा पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर सिंह भरमौरी, सदर विधायक नीरज नैय्यर, ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर और उपाध्यक्ष जगदीश हांडा ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर इंदिरा गांधी को नमन किया। सभा की शुरुआत वंदे मातरम और रामधुन से हुई। ठाकुर सिंह भरमौरी ने इंदिरा गांधी को स्वतंत्र भारत की 'लौह महिला' बताते हुए उनके सशक्त नेतृत्व की सराहना की। विधायक नीरज नैय्यर ने उनके दूरदर्शी निर्णय-हरित क्रांति, बैंकों के राष्ट्रीयकरण और भूमि सुधार-की उपलब्धियों का वर्णन किया। इसी अवसर पर कांग्रेस ने भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भी उन्हें नमन किया। पटेल के योगदान और भारत के एकीकरण में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मन्नत मिस और राहुल बने मिस्टर फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के अंग्रेजी विभाग ने 29 अक्टूबर को शिव शक्ति पैलेस में एक रंगारंग और यादगार फ्रेशर्स पार्टी 'दि लिटरेरी लॉन्च' का आयोजन किया। इस समारोह का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना और उनकी छिपी प्रतिभाओं को उभारना था। कार्यक्रम में प्राचार्य और विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों के उत्साह और मेहनत की सराहना की। मंच पर नृत्य, गीत और खेल प्रतियोगिताओं ने माहौल को जीवंत बना दिया। मेजबानी इरशाद और गीतांजलि ने बखूबी निभाई, जबकि हर्षिता, आरव, साहिल, अर्पित और अनिशा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में मन्नत को मिस फ्रेशर, राहुल को मिस्टर फ्रेशर, अंतरिक्ष को मिस्टर डैशिंग और कमाक्षी को मिस चार्मिंग का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और वरिष्ठ विद्यार्थियों के वादे के साथ हुआ, जिससे विभाग में भाईचारे और रचनात्मकता की भावना को और मजबूती मिली।

### ककीरा में लगाया क्षय रोग जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, ककीरा।** चंबा के ककीरा में स्वास्थ्य विभाग ने स्वामी श्री हरिगिरी नरसिंग संस्थान में एक दिवसीय क्षय रोग (टीबी) जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 34 लोगों की जांच की गई, जिसमें 13 लोगों का एक्स-रे और 21 लोगों के सैंपल ट्रूनाट मशीन से लिए गए। शिविर का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम लाल शर्मा के निर्देशानुसार और संस्थान की प्राचार्या के सहयोग से किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल समेत स्वास्थ्य कार्यकर्ता और तकनीकी टीम ने लोगों को टीबी की गंभीरता और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। डॉ. राहुल ने समय पर जांच व इलाज की अहमियत बताई और लोगों से टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की अपील की ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

### जोगिंद्रनगर में एकता व अखंडता की शपथ ली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल कार्यालय जोगिंद्रनगर में आज राष्ट्रीय संकल्प दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसडीएम जोगिंदर नगर मनीष चौधरी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की सत्यनिष्ठा से शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे तथा अपने देशवासियों में यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयास करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान स्व. इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। एसडीएम मनीष चौधरी ने कहा कि यह दिवस हमें देश की एकता और सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी का बोध कराता है और हर नागरिक को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### नव-निर्वाचित सदस्यों ने ग्रहण की शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को केंद्रीय छात्र परिषद के नव-निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने की। छात्र परिषद की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा रीना कुमारी, उपाध्यक्ष के पद पर बीएससी तृतीय वर्ष की सोनम शर्मा, सचिव के रूप में बीएससी द्वितीय वर्ष की अवनी ठाकुर तथा संयुक्त सचिव के रूप में बीए प्रथम वर्ष की अनामिका ठाकुर ने शपथ ली। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स-रेंजर्स एवं इको क्लब जैसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 27 अन्य छात्र-छात्राओं ने भी परिषद सदस्य के रूप में शपथ ली। सभी सदस्यों ने महाविद्यालय की उन्नति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

### झगड़े और मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तहसील जोगिंद्रनगर निवासी सुखदेव पुत्र आत्मा राम ने पुलिस चौकी घट्टा में शिकायत दर्ज करवाई कि 25 अक्तूबर को सुबह करीब 9 बजे जब वह अपने पुराने मकान से नए मकान की ओर जा रहा था, तो नए मकान के पास रुको देवी, सीता देवी और हरि सिंह से उसका झगड़ा हो गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उक्त लोगों ने उसके साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की। पुलिस ने इस संबंध में अभियोग संख्या 181/25 धारा 117(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच पुलिस थाना जोगिंदर नगर में जारी है।

### रन फॉर यूनिटी में दौड़ा सरकाघाट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह पुलिस थाना सरकाघाट की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का आयोजन धर्मपुर मैदान से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी संजीव गौतम ने की, जबकि थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि थाना प्रभारी ने स्वयं बच्चों के साथ दौड़ में भाग लेकर उन्हें प्रोत्साहित किया।इस प्रतियोगिता में सरकाघाट क्षेत्र की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दौड़ की शुरुआत धर्मपुर मैदान से हुई और यह बाईपास से होते हुए बाईपास चौक तक संपन्न हुई।

### इंदिरा गांधी व सरदार पटेल की जयंती मनाई


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और भारत रत्न पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि एवं जन्म जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र पठानिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कौल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. इंदिरा गांधी और सरदार पटेल के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की अखंडता और एकता के लिए जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, चेतन शर्मा, अनिल पराशर, सुमन ठाकुर, अशोक कुमार, हेमंत कुमार, रजनीश वर्मा, विवेक शर्मा, संतोष कुमार, रमेश ठाकुर, नीलमणि, संजीव ठाकुर, अजय शर्मा, अजीत लाल, महेश शर्मा, यश सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खटारा बस बनी पहाड़ों की मुसीबत

## एचआरटीसी की बस में चंबा-बतोट-बेलज रूट पर जोखिम में यात्रियों की जान

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**चंबा।** चंबा-बतोट-बेलज रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की जर्जर बस यात्रियों के लिए लगातार खतरे का कारण बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार, यह बस लगभग हर दिन रास्ते में खराब हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और बीमार मरीज 13 किलोमीटर लंबा पैदल सफर तय करने के लिए मजबूर होते हैं। ग्राम पंचायत बलोठ के प्रधान देवराज ने शुक्रवार को उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर इस रूट पर चल रही पुरानी बस को बदलकर नई और सुरक्षित बस भेजने की मांग की। उन्होंने बताया कि लगातार खराब होने वाली बस से ग्रामीणों का सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और अदालतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।



- **प्रधान देवराज ने समस्या को लेकर डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन**
- **पुरानी बस को बदलकर नई और सुरक्षित बस भेजने की उठाई मांग**

स्थानीय लोगों ने कहा कि रोज़ाना बस रास्ते में बंद पड़ जाती है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को लंबा पैदल सफर तय करना पड़ता है और बीमार मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते। लोगों ने बताया कि अब डर लगने लगा है कि कहीं किसी दिन बड़ा हादसा न हो जाए। बच्चों के स्कूल से लौटते समय घंटों रास्ते में फंसे रहने की शिकायत भी दर्ज की गई है। देवराज ने स्पष्ट कहा कि उनकी मांग सिर्फ इतनी है कि इस रूट पर नई और सुरक्षित बस लगाई जाए ताकि ग्रामीण चैन से सफर कर सकें।

स्थानीय लोगों की आवाज़ स्पष्ट है -चंबा-बतोट-बेलज रूट अब केवल एक परिवहन मार्ग नहीं, बल्कि लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई यह आवाज़ यह संकेत देती है कि लोग अब सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि सुरक्षा चाहते हैं। इस रूट पर नई और सुरक्षित बस की तत्काल व्यवस्था करने की आवश्यकता बन गई है।

### जनप्रतिनिधियों की चिंता व प्रशासन को ज्ञापन

**बस** की खराब स्थिति को लेकर दो दिन पहले ही ललित ठाकुर, अध्यक्ष एपीएमसी चंबा एवं निदेशक हिमाचल राज्य सहकारी बैंक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि चंबा डिपो की कई बसें इतनी जर्जर स्थिति में हैं कि किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन बसों को तुरंत बदला जाना चाहिए।



# कुलदीप पठानिया ने हटली में 5 विभिन्न विभागों के भवनों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंबा**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात विधान सभा क्षेत्र के तहत जिला कांगड़ा की सीमावर्ती ग्राम पंचायत हटली में 54 लाख की धनराशि से नवनिर्मित पांच विभिन्न विभागीय भवनों का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान नवनिर्मित सामुदायिक भवन बल्ला, आंगनवाड़ी केंद्र भवन हटली, पंचायत भवन हटली के अपवर्धन कार्य ,पटवार वृत भवन हटली तथा आंगनवाड़ी केंद्र भवन चंगरेटा का विधिवत उद्घाटन किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत हटली के तहत सामुदायिक भवन बल्ला के परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भटियात विधान सभा क्षेत्र के तीन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध करने को लेकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि चंबा जिला की भौगोलिक परिस्थितियाँ विकासात्मक परियोजनाओं के कार्यान्वयन की दृष्टि से प्रदेश के अन्य जिलों से भिन्न हैं राज्य सरकार प्राथमिकता के आधार पर जिला में विकास योजनाओं को गति प्रदान कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित करते हुए संपूर्ण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बहाव सिंचाई योजना हटली के निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 50 लाख रुपये तथा आपदा से प्रभावित बग्गी-चडियारा पेयजल योजना के उन्नयन कार्य के लिए 2 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# बाल अधिकार, नशे व सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग से बच्चों को किया आगाह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- **भडीयांकोठी स्कूल में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जागरूकता कार्यक्रम**

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा की ओर से राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भडीयांकोठी में छात्रों को बाल-अधिकारों, नशे की बुराई, सोशल मीडिया में बढ़ती ब्लैकमेलिंग और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रविंदर चंद्रा ने की। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के जिला समन्वयक कपिल शर्मा ने विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 1098 के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं और उसकी कार्यप्रणाली की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशे की लत, बाल तस्करी, यौन शोषण, घरेलू हिंसा, बाल दुर्व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना जैसी समस्याओं से बचाव के उपाय बताए। कपिल शर्मा ने बताया कि बाल अधिकारों से जुड़ी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन 1098 एक निशुल्क सेवा है, जो चौबीसों घंटे उपलब्ध रहती है। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर या वास्तविक जीवन में उन्हें बहलाने-फुसलाने, पीछा करने या गलत व्यवहार करने की कोशिश करे तो तुरंत 1098 पर संपर्क करें। विशेष रूप से लड़कियों को सावधानी बरतने और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। केस वर्कर काजू राम ने विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व पर प्रेरक सन्देश दिया और बताया कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।

कार्यक्रम के अंत में उप प्रधानाचार्य रविंदर चंद्रा ने चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा की टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने निकट भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया और बाल अधिकारों के प्रति अपनी समझ को और सुदृढ़ किया।

# एकता के मार्ग पर चलने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ चंबा विधानसभा क्षेत्र में हुआ, जिसमें पूर्व विधायक पवन नैय्यर, 2022 विधानसभा चुनाव की प्रत्याशी नीलम नैय्यर, तीनों मण्डलों के अध्यक्ष, जिला व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान गूंजे नारों जय भाजपा, तय भाजपा ने पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साह और देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए राष्ट्रीय एकता के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना रहा। इस मौके पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया।

# 'ए डिकेड ऑफ ड्रीम्स' ने रचा नया इतिहास

## आरबीएस स्कूल चंबा ने 10 वर्ष पूरे होने पर मनाया वार्षिक उत्सव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आरबीएस स्कूल, चंबा ने अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वार्षिक उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस वर्ष समारोह का विषय ए डिकेड ऑफ ड्रीम्स रहा, जिसने विद्यालय की अब तक की प्रेरणादायक यात्रा—सपनों, समर्पण व उपलब्धियों—को खूबसूरती से उजागर किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में चंबा रियासत के वर्तमान राजा प्रेम सिंह, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में कैप्टन जी.एस. ढिल्लों, चेयरमैन, डालहौज़ी पब्लिक स्कूल, तथा आशा कुमारी, हिमाचल प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं संस्थान की संस्थापक, ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का आरंभ उत्साह और उमंग के बीच हुआ। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता से ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। हर प्रस्तुति ने विद्यालय की दस वर्ष की मेहनत, अनुशासन और उत्कर्ष की कहानी को सजीव किया।



आरबीएस स्कूल चंबा में 10 वर्ष पूरे होने पर वार्षिक उत्सव मनाते हुए।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शिव नुआला ने अपने भक्ति भाव और ऊर्जा से सबका मन मोह लिया, जबकि शाम का आकर्षण बना सैफायर एक भव्य समूह प्रस्तुति जिसने एकता, समरसता और टीम भावना का अद्भुत संदेश दिया। प्रधानाचार्य श्वेता सेहगल ने कि इन्हीं के संयुक्त प्रयासों से आज आरबीएस विद्यालय उत्कृष्टता की मिसाल बन चुका है। यह उत्सव केवल दस वर्षों की उपलब्धियों का नहीं, बल्कि उन अनगिनत सपनों का प्रतीक रहा जो साकार हुए और जो आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

## राज्यस्तरीय स्नूकर व पूल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल्स 9 नबंवर को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डॉ. अनूप कुमार शर्मा, सचिव जिला स्नूकर एंड पूल एसोसिएशन, चम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन द्वारा आगामी राज्य स्तरीय स्नूकर एवं पूल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह ट्रायल्स 9 नवंबर को प्रातः 11 बजे शक्ति स्नूकर क्लब सुरडा में आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

# वोल्टेज समस्या से मिली राहत विधायक नीरज नैय्यर ने दी ग्रामीणों को रोशनी की सौगात

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधायक नीरज नैय्यर ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों को बिजली वोल्टेज की समस्या से राहत प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत बाट के गांव काली में 25 केवीए तथा गांव न्याँन में 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि गांव काली और न्याँन में नये ट्रांसफॉर्म स्थापित करने से ग्राम पंचायत बाट के गांव सरा, काली, कलहुणि, लैरा और धुनैराह व अन्य गांव को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से ग्रामीणों को कम वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिससे घरेलू उपकरणों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ छात्रों की पढ़ाई और छोटे व्यवसायों पर भी असर पड़ रहा था। इन दोनों ट्रांसफार्मरों की स्थापना से अब ग्रामीणों को निर्बाध और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रत्येक गांव तक उचित विद्युत, सड़क और जल आपूर्ति नेटवर्क पहुंचाना है तथा बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि गांव-गांव में बिजली, सड़क और पानी जैसी सेवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है ताकि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। ग्रामीणों ने विधायक नीरज नैय्यर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य से उन्हें वर्षों पुरानी बिजली समस्या से राहत मिलेगी।



# स्थानीय लोगों की मेहनत रंग लाई

## 110 दिनों बाद माता बगलामुखी तक पहुंचाए छोटे वाहन

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** आखिर 110 दिनों के बाद अपने रिस्क पर ही सही छोटे वाहन माता बगलामुखी मंदिर प्रांगण तक पहुंच ही गए।स्थानीय लोगों की थकान उनकी खुशी में गायब हो गई। गांव में बहुत अर्से के बाद खुशी की लहर दिखाई दी। बता दें कि 30 जून 2025 को हुई भारी बारिश के कारण कुकलाह खड्ड ने जबरदस्त कहर मचाया था। जिसकी चपेट में कुकलाह पुल बह गया था और बाखली पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इतना ही नहीं बाखली से कुकलाह तक सड़क मार्ग का नामोनिशान मिट गया था जो अभी तक बंद ही है।

लोक निर्माण विभाग इस सड़क मार्ग को खुलवाने में पुरी तरह से नाकाम रहा है। बार बार लोगों के आग्रह पर भी लोक निर्माण विभाग सड़क तो दूर की बात है कुकलाह तक पैदल चलने योग्य रास्ता तक नहीं बना सका है, जिससे रुष्ट लोगों ने मिलकर अपने पैसे और श्रम से बाखली पुल के निचे खड्ड से सड़क निकालने में सफलता प्राप्त की। वीरवार को कार-जीप इस सड़क से माता बगलामुखी मंदिर तक पहुंच भी गई। इतना ही नहीं इस अस्थाई सड़क मार्ग से सराची सड़क भी लिंक हो गई है। लोग कुकलाह तक छोटी गाड़ियों में आ जा सकेंगे। यानी अब पंडोह सराची सड़क मार्ग अस्थाई रूप से सुचारू हो चुका है। 110 दिनों के बाद अपने रिस्क पर गाडियां बाखली खड्ड से कुकलाह और माता बगलामुखी मंदिर तक पहुंच पाई है। अस्थाई इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि यह सड़क बाखली पुल के निचे पानी में से गुजरती है। जैसे ही नदी में पानी का बहाव बढ़ जायेगा वाहनो की आवाजाही थम जायेगी। मगर बरसात तक तो ऐसा नहीं होगा यह अनुमान लगाया गया है। तब तक हजारों लोगों को सड़क सुविधा का लाभ स्थानीय लोगों की मेहनत से मिलने लगा है।

बता दें कि इस वैकल्पिक सड़क मार्ग निर्माण में लोक निर्माण विभाग का कोई सहयोग नहीं रहा है। सब स्थानीय लोगों की एकता परिश्रम का परिणाम है। स्थानीय निवासी हेम राज, कमल, टेक चंद, दुनी चंद, राम सिंह, भूपेंद्र सिंह और राम लाल ने खुशी जताते हुए सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया है। माता बगलामुखी मंदिर कमेटी के प्रधान टेक चंद ने सड़क निर्माण पर खुशी जताते हुए सभी श्रमदान करने वाले माता के भगतों का धन्यवाद किया है। पंचायत प्रधान तादी अमरावती ठाकुर ने लोगों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत की सराहना की है।

## 289 चालान कर वसूला 6200 रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था और यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुल 289 चालान किए गए। इनमें मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 227 चालान, कोटपा (तंबाकू नियंत्रण अधिनियम) के अंतर्गत 62 चालान जिनसे 6200 का जुर्माना वसूला गया, तथा माइनिंग अधिनियम के अंतर्गत 2 चालान शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं,** देवकू देवी पत्नी हिम सिंह, निवासी ग्राम रुभडी, डाकघर बागा चनोगी, तहसील थुनाग, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरी नाबालिग बेटी का नाम सभी सरकारी दस्तावेजों में बवली देवी (Bavli Devi) सही दर्ज है, लेकिन उसके आधार कार्ड में बबली देवी (Babli Devi) गलत दर्ज है। इसे दुरूस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

# एचपी शिवा परियोजना से धर्मपुर में बागवानों की किस्मत चमकी, अमरूद की फसल से बढ़ी आय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा परियोजना अब किसानों और बागवानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। धर्मपुर उपमंडल के ग्राम पंचायत बांग (बरोटा क्लस्टर) क्षेत्र के किसानों को परियोजना के अंतर्गत उगाई गई अमरूद की खेती से अच्छा मुनाफा मिल रहा है। जीवन कुमार धर्मपुर उपमंडल के ग्राम पंचायत बांग के रहने वाले किसान हैं। जीवन कुमार बताते हैं कि अभी तक वह 30 हजार रुपए तक की अमरूद की फसल भेज चुके हैं। जैसे-जैसे फसल पक रही है वह उन फलों को बेच रहे हैं। इन अमरूदों में ललित श्वेता और वीएनआर अलग-अलग किस्मों के फल शामिल हैं। जीवन कुमार का कहना है कि एचपी शिवा परियोजना ने पारंपरिक खेती से हटकर उन्हें व्यावसायिक फल उत्पादन की दिशा में प्रेरित किया है। इससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है और बाजार से सीधा जुड़ाव बना है। उनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों ने उनका उचित मार्गदर्शन किया और उनके कहे अनुसार खाद्य सामग्री फ्रूट बैग का उपयोग किया। साथ ही परियोजना के फील्ड इंजीनियर व फैसिलिटेटर का भी भरपूर सहयोग मिला। बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि परियोजना के तहत किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर सिंचाई व्यवस्था और उच्च गुणवत्ता वाले पौधों की सुविधा दी जा रही है। इसका सीधा असर उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा पर पड़ रहा है।



धर्मपुर क्षेत्र के किसानों की यह सफलता अब अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है। एचपी शिवा परियोजना ने यह सिद्ध किया है कि अगर खेती को वैज्ञानिक ढंग से की जाए तो पहाड़ी क्षेत्र के किसान भी आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर सकते हैं और हिमाचल को फल राज्य के रूप में और सुदृढ़ कर सकते हैं।

# किशोरियों को स्वास्थ्य पोषण व महामारी से हो रही समस्याओं के निदान पर दी जानकारी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** महिला एवं बाल विकास वृत्त टिक्कन के द्वारा राजकीय वरिष्ठ पाठशाला थल्टूखोड़ में शुक्रवार को किशोरी मेले का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में स्थानीय पाठशाला के स्कूल प्रबन्धन कमेटी के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ने शिरकत की, वहीं स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य तिलक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय किशोरी मेला के कार्यक्रम के दौरान वृत सुपरवाइजर जगदेव के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्यातिथि सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। उसके उपरांत बाल विकास परियोजना द्रंग के ब्लॉक समन्वयक सुनील ने खासकर किशोरियों को स्वास्थ्य पोषण और महामारी से हो रही समस्याओं और उनके निदान पर विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रदान करवाई। उसके उपरांत स्थानीय प्रधानाचार्य तिलक के द्वारा भी आज के समय की किशोरियों को आने वाली नई चुनौतियों को किशोरियों के समक्ष रखा। वहीं मुख्याध्यापक प्रेम ने भी लैंगिक समानता के बारे में बताया। इस एक दिवसीय किशोरी मेला में किशोरियों के बीच चित्रकला, नारा लेखन और भाषण की प्रतियोगिता भी करवाई गई। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान की किशोरियों को मुख्यातिथि द्वारा पाठशाला की और से इनाम भी बांटे गए। सभी उपस्थित किशोरियों को रिफ्रेशमेंट का भी इंतजाम किया गया था।

No. 624 Dtd. 27.10.2025

**कार्यालय नगर पंचायत शाहपुर**
**जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

**सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण** को नगर पंचायत शाहपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शाहपुर में निम्नलिखित उपनियमों का प्रारूप तैयार किया है। Door to Door Garbage Collection & Disposal Bye-Laws 2025, Trade Licenses Bye-Laws 2025, Pet Dog Bye-Laws 2025, Advertisement and Hoardings Bye-Laws 2025

**उपरोक्त** उपनियमों को नगर पंचायत की साधारण बैठक में प्रस्ताव संख्या 425, दिनांक 08.08.2025 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है।

**इन** प्रस्तावित उपनियमों के प्रारुपों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान, इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर नगर पंचायत शाहपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

**इस** सार्वजनिक सूचना के माध्यम से प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अवधि के भीतर आम नागरिकों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं।

**निर्धारित** अवधि के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सचिव**
**नगर पंचायत शाहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

No. 962 Dtd. 28.10.2025

**कार्यालय नगर पंचायत ज्वाली**
**जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

**सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण** को नगर पंचायत ज्वाली की ओर से सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ज्वाली में निम्नलिखित उपनियमों का प्रारूप तैयार किया है। Door to Door Garbage Collection & Disposal Bye-Laws 2025, Trade Licenses Bye-Laws 2025, Pet Dog Bye-Laws 2025, Advertisement and Hoardings Bye-Laws 2025

**उपरोक्त** उपनियमों को नगर पंचायत की साधारण बैठक में प्रस्ताव संख्या 479, दिनांक 30.09.2025 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है।

**इन** प्रस्तावित उपनियमों के प्रारुपों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान, इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर नगर पंचायत ज्वाली के कार्यालय में किया जा सकता है।

**इस** सार्वजनिक सूचना के माध्यम से प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अवधि के भीतर आम नागरिकों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं।

**निर्धारित** अवधि के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सचिव**
**नगर पंचायत ज्वाली जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**दया** धर्म का मूल है, पाप-मूल अभिमान। तुलसी दया न छोड़िए, जब लगि घट में प्रान ।

तुलसीदास

संपादकीय

# शिक्षक की मर्यादा और जिम्मेदारी

शिक्षक समाज का दर्पण होता है। उसके आचरण, विचार और व्यवहार से ही नई पीढ़ी अपना मार्ग तय करती है, लेकिन जब वही शिक्षक अपने कर्तव्य पथ से भटक जाए, तो समाज में गिरावट की शुरुआत यहीं से होती है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नालागढ़ क्षेत्र से आया एक मामला इस दृष्टि से गंभीर और विचारणीय है। यहां एक सरकारी स्कूल की विज्ञान शिक्षिका पर आरोप लगा है कि वह शराब के नशे में स्कूल पहुंची। तीन दिन से अनुपस्थित रहने के बाद जब वह स्कूल आई, तो कमरे में खुद को बंद करके सो गई। इस घटना ने न केवल विद्यालय का वातावरण दूषित किया, बल्कि शिक्षण पेशे की गरिमा पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, वह बच्चों के जीवन का मार्गदर्शक भी होता है। बच्चे अपने अध्यापकों के हावभाव, बोलचाल और आचरण से गहराई से प्रभावित होते हैं। शिक्षक के शब्द ही नहीं, उसके कर्म भी शिक्षा देते हैं। ऐसे में यदि अध्यापक अनुशासनहीनता या नशे जैसी बुराई की ओर झुके, तो यह न केवल उसकी व्यक्तिगत असफलता है, बल्कि शिक्षा तंत्र की भी बड़ी विफलता मानी जाएगी। बच्चों के सामने इस तरह की हरकतें उन्हें गलत दिशा में ले जा सकती हैं। यह सत्य है कि बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते हैं। शिक्षक का दायित्व केवल किताबों तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह समाज के लिए आदर्श स्थापित करता है। इस घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन समिति ने संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई है। शिक्षिका का तर्क है कि वह लंबे समय से बीमार है और अवसाद (डिप्रेशन) की शिकार है। उसने सफाई दी है कि वह होम्योपैथिक दवाएं ले रही है, जिनसे शराब जैसी गंध आती है। अब असलियत क्या है, यह तो मेडिकल रिपोर्ट के आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, लेकिन यह सवाल फिर भी कायम है कि यदि शिक्षिका बीमार थी, तो उसे पहले ही छुट्टी लेकर घर पर आराम करना चाहिए था। स्कूल में आकर इस तरह का माहौल बनाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।

दरअसल, हिमाचल में इससे पहले भी कई बार शिक्षक शराब या नशे की हालत में स्कूल आते हुए पकड़े गए हैं। कई मामलों में जांच के बाद सस्पेंशन जैसी औपचारिक कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ दिनों में मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है और वही अध्यापक दोबारा उसी स्कूल या किसी अन्य स्कूल में बहाल कर दिया जाता है। यही सरकारी ढर्रा शिक्षा व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जब अनुशासनहीनता पर कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है, तो गलत करने वालों का मनोबल बढ़ता है।

निजी स्कूलों में ऐसा संभव नहीं होता। वहां नियम सख्त हैं, जवाबदेही तय है। यदि कोई शिक्षक इस तरह की हरकत करे, तो तुरंत बर्खास्तगी या गंभीर दंड का प्रावधान होता है। वहीं सरकारी स्कूलों में सरकारी सुरक्षा कवच के चलते कई शिक्षक मनमानी करते हैं। जांच, नोटिस, माफी और फिर सब कुछ सामान्य। यही कारण है कि आम जनता का भरोसा धीरे-धीरे सरकारी स्कूलों से उठता जा रहा है। लोग अधिक पैसे खर्चकर अपने बच्चों को निजी संस्थानों में भेजना पसंद करते हैं, क्योंकि उन्हें वहां अनुशासन, नियमितता और गुणवत्ता की गारंटी दिखाई देती है।

शिक्षक केवल वेतनभोगी कर्मचारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता होता है। उसके कंधों पर अगली पीढ़ी की जिम्मेदारी होती है, लेकिन दुखद है कि आज कुछ शिक्षक अपने इस पवित्र दायित्व को भूलकर राजनीति, दिखावे और व्यक्तिगत लाभ की ओर झुकते जा रहे हैं। कई शिक्षक राजनीतिक नेताओं के संरक्षण में रहते हैं और जब उन पर कोई आरोप लगता है, तो राजनीतिक दबाव के चलते मामला दबा दिया जाता है। इस तरह की प्रवृत्तियां समाज और शिक्षा दोनों के लिए विनाशकारी हैं।

शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री दिलाना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक बनाना है, लेकिन जब शिक्षा देने वाले ही अनुशासन खो दें, तो बच्चों में नैतिकता और संस्कार कैसे आएंगे? शिक्षक यदि नशे में हो या उदासीन हो, तो वह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा होता है। यही कारण है कि समाज में शिक्षक को गुरु कहा गया है, जो केवल पढ़ाता नहीं, बल्कि जीवन का अर्थ समझाता है प्रदेश सरकार ने हाल के वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में कई सुधार किए हैं। स्कूलों का ढांचा बेहतर हुआ है, शिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है, असर रिपोर्ट में भी हिमाचल की स्थिति सुधरी है, लेकिन जब किसी एक शिक्षक की अनुशासनहीनता पूरे तंत्र की छवि धूमिल कर दे, तो सरकार को ऐसे मामलों पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

## सौंदर्य, प्रतिभा और प्रेरणा की जीवंत मिसाल

**ऐश्वर्या** राय बच्चन (जन्म 1 नवंबर 1973, मंगलोर, कर्नाटक) बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपने सौंदर्य, प्रतिभा और आत्मविश्वास से न केवल भारतीय सिनेमा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी पहचान बनाई। 1994 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में उपविजेता रहने के बाद उन्होंने उसी वर्ष विश्व सुंदरी का खिताब जीतकर अपनी अलग पहचान बनाई। बचपन हैदराबाद में बीता और कुछ वर्षों बाद उनका परिवार मुंबई आ गया। प्रारंभ में वे वास्तुकार बनने का सपना देखती थीं, लेकिन समय के साथ उनका रुझान मॉडलिंग की ओर हुआ। नवीं कक्षा में ही कैमलिन कंपनी के विज्ञापन से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कोक, फूजी और पेप्सी जैसे कई प्रसिद्ध विज्ञापनों में काम किया।



ऐश्वर्या राय बच्चन
जन्म : 1 नवंबर,1973

सिनेमाई यात्रा की शुरुआत 1997 में तमिल फिल्म 'इरुवर' से हुई। हालांकि फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल नहीं हुई, पर ऐश्वर्या के अभिनय ने दर्शकों और आलोचकों का दिल जीत लिया। बॉलीवुड में उन्होंने 'और प्यार हो गया' (1997) से पदार्पण किया। इसके बाद 1998 में तमिल फिल्म 'जीन्स' में काम करके उन्होंने अपने अभिनय की पहचान मजबूत की।

2009 में भारत सरकार ने उन्हें फिल्म क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया। वहीं, उन्हीं वर्षों में उन्होंने 'आर्डर ऑफ फ्रांस' का सम्मान मिलने से इनकार किया, क्योंकि उनका परिवार पहले स्थान पर था। 2003 में वे कान्स फिल्म फेस्टिवल की जूरी में शामिल होने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन से विवाह के बाद ऐश्वर्या ने पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण फिल्मों में काम कम कर दिया। उनका जीवन प्रतिभा और मेहनत का प्रतीक है। ■



कविता

## हो जीवन उद्धार

शिव सन्याल, मकड़ाहन ज्वाली, कांगड़ा हि.प्र)

**पांच** तत्व भू,अग्नि, जल,वायु और आकाश।
जीवन का आधार हैं, पावन इन के पाश।।
अंत समय जब मौत का, काल करे जब कोप।
जीवन के आधार यह, होते तब हैं लोप।।
प्रेम भाव से सींचकर, मधुर बनें यह प्यार।
भाईचारा प्रेम का, जीवन का आधार।।
नाते रिश्ते हैं बनें, सुख-दुख की बुनियाद।
जीवन का आधार ही, इनसे है आबाद।।
मर्यादा में जो रहे, वही सुखी परिवार।
मंगलमय होता तभी, जीवन का आधार।।
घृणा द्वेष अभिमान यह, काम, क्रोध प्रतिकार।
त्याग करो सुखी बनें, जीवन का आधार।।
माया ममता लोभ की, टपक रही है लार।
इनसे मुख तुम मोड़ लो, हो जीवन उद्धार।।

# स्वरोजगार और उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी

स्वरोजगार और उद्यमिता किसी भी समाज के विकास और आर्थिक प्रगति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें महिलाओं की भागीदारी केवल एक सामाजिक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि एक आर्थिक अनिवार्यता भी है। महिलाएं न केवल परिवार और समाज का संचालन करती हैं, बल्कि ये आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर देश की समृद्धि में भी योगदान करती हैं। यह उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता, आत्म सम्मान, सशक्तिकरण और समाज में पहचान दिलाने का अवसर भी प्रदान करता है। स्वरोजगार एवं उद्यमिता महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करते हैं।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

दो दशक पहले भारत में स्वरोजगार की दिशा में महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। घरेलू कार्यों में अधिक समय देने के कारण महिलाएं अपने शौक, शिक्षा या व्यक्तिगत विकास के लिए समय ही नहीं निकाल पाती थीं। इसके कई कारण थे जैसे-शैक्षणिक अवसरों की कमी, वित्तीय संकट, पारिवारिक सहयोग का अभाव, तकनीकी पहुंच की कमी और सामाजिक मान्यताएं अर्थात् महिलाओं के काम करने या व्यवसाय शुरू करने को लेकर समाज में संकीर्ण सोच व्याप्त थी। वर्तमान समय में धीरे-धीरे स्वरोजगार के विभिन्न क्षेत्रों जैसे गृह उद्योग, हस्तशिल्प, ब्यूटी पार्लर, सिलाई कढ़ाई, फूड प्रोडक्शन, फूलों की बागवानी और ऑनलाइन व्यापार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देखी गई है। डिजिटल युग में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म जैसे अमेजॉन, फ्लिपकार्ट और मीशो जैसी साइट्स में महिलाओं के लिए अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने के नए अवसर खोले हैं। उद्यमिता में महिलाएं नई सोच और रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ रही हैं। वे स्टार्टअप्स, छोटे और मध्यम उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। विशेषकर स्वयं सहायता समूह, हेल्थ केयर, हस्तशिल्प, फैशन और तकनीकी क्षेत्र में भी महिलाओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

अगर हिमाचल की बात की जाए तो हिमाचली महिलाएं कढ़ाई बुनाई और ऊनी वस्त्र बनाने में सक्रिय हैं। फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) में भी महिलाएं स्वरोजगार कर रही हैं। बिलासपुर की मीना चंदेल इस क्षेत्र में काफी धन अर्जित कर कई लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। इस क्षेत्र में कई पुरस्कार हासिल कर चुकी मीना स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित कर चुकी हैं। हस्तशिल्प में कुशाघास से बनने वाले उत्पादों में सोलन (कंडाघाट )की मंजू देवी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रही हैं, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम



और लगन से यह मुकाम हासिल किया है और अपने परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर एक अच्छी जिंदगी जी रही हैं। हिमाचल की महिलाएं दुग्ध उत्पादन, बकरी पालन और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों में भी स्वरोजगार अपना रही हैं। किन्नौर और लाहौल-स्पीति की महिलाओं ने स्थानीय जड़ी- बूटियों से आयुर्वेदिक तेल और सौंदर्य उत्पाद बनाना शुरू किए हैं जो अब ऑनलाइन बिक रहे हैं। अपनी सामूहिक ताकत के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी बाजार से छोटी-मोटी जरूरत के लिए पति की जेब टटोलती महिलाएं आज बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी उठा रही हैं।

इस प्रगति का श्रेय नाबार्ड द्वारा 1992 में स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने को दिया जाता है। इस प्रयास ने मार्च 2022 तक लगभग 118.3 लाख समूहों और 14.2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। कांगड़ा की मंजू देवी ने स्वयं सहायता समूह की मदद से पारंपरिक चंबा रूमाल बनाने का कार्य शुरू किया, जो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है। हिमाचल को 'फलों का राज्य' कहा जाता है। यहां की महिलाएं सेब, खुमानी और प्लम के उत्पादन व प्रसंस्करण में योगदान दे रही हैं। ऊपरी क्षेत्रों में महिलाएं मटर, आलू और हर्बल उत्पादों की खेती में भी अग्रणी हैं। कई महिलाएं सब्जी उत्पादन और जैविक खेती से भी धन अर्जित कर रही हैं।

हिमाचल की महिलाएं अपने परिश्रम और नवीनता से स्वरोजगार में मिसाल बन रही हैं। उनके प्रयास राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने हेतु केंद्र और राज्य सरकारों ने कई योजनाएं शुरू की हैं। 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के अंतर्गत 5 से 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाता है। 'लखपति दीदी योजना' के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण और पंचायती राज संस्थाओं की भागीदारी को बढ़ाया जा रहा है। 'स्टैंड अप इंडिया योजना' में 10 लाख से 1 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाती है। 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन', 'सखी योजना' और 'मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना' जैसी योजनाएं कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और कृषि आधारित व्यवसायों को प्रोत्साहित करती हैं। 'मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना' के तहत महिलाओं को 30 से 35 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। नाबार्ड की स्वयं सहायता समूह योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबन की राह पर अग्रसर कर रही हैं, वहीं 'महिला ई-हाट' ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उन्हें अपने उत्पाद बेचने का अवसर देता है। हालांकि स्वरोजगार और उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, फिर भी यह अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। भारत में केवल 13.76 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं, जबकि वैश्विक औसत 37 प्रतिशत है। डिजिटल रूप से केवल 35 प्रतिशत महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करती हैं और मात्र 3 प्रतिशत को ही बाह्य निधि उपलब्ध होती है। पितृसत्तात्मक सोच उनकी व्यावसायिक प्रगति में बाधा बनती है।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल साक्षरता, सामाजिक जागरूकता और रूढ़ियों को तोड़ना आवश्यक है। उद्यमिता के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा और 'महिला उद्यमिता पुरस्कार' जैसी पहल से प्रेरणादायक उदाहरण सामने लाने होंगे। आधी आबादी की सशक्त भागीदारी ही सुदृढ़ अर्थव्यवस्था और देश के सतत विकास की आधारशिला बनेगी।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर: चमकती लोकप्रियता या मानवता की त्रासदी?

मानव सभ्यता ने पाषाण युग से डिजिटल युग तक लंबी यात्रा की है। हर युग ने मनुष्य को नई दिशा और चुनौतियां दीं। आज का समय, जिसे तकनीक का स्वर्णयुग कहा जाता है, भीतर से एक गहरे संकट को भी समेटे हुए है-यह संकट बाहरी नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक है। इंसान ने पूरी दुनिया को स्क्रीन पर समेट लिया है, पर स्वयं से दूर होता जा रहा है। इसी विडंबना का सबसे बड़ा प्रतीक है सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर संस्कृति।



हितेन्द्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

भारतीय परंपरा में प्रभाव का अर्थ सदैव प्रेरणा और सेवा से रहा है। हमारे ग्रंथों में प्रभावशाली वह कहलाया, जो सत्य, सदाचार और लोकमंगल की दिशा में समाज को अग्रसर करे। व्यास, कबीर, विवेकानंद और गांधी जैसे व्यक्तित्वों ने जीवन को अभिनय नहीं, अभिव्यक्ति बनाया, परंतु आज प्रभाव की परिभाषा बदल गई है। अब व्यक्ति की प्रभावशीलता उसके विचारों से नहीं, बल्कि उसके फॉलोअर्स और व्यूज से आंकी जाती है। यह केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पतन का संकेत है।

गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' आज का सोशल मीडिया संसार इस सिद्धांत के ठीक विपरीत है, जहां हर कर्म का उद्देश्य फल है-प्रसिद्धि, ट्रेंड और मान्यता। यह प्रवृत्ति व्यक्ति को आत्मा से काटकर अहंकार की गिरफ्त में ले आती है। जो समाज को प्रेरित करने का माध्यम बन सकता था, वही प्रदर्शन का पात्र बन गया है। यही इस युग की सबसे बड़ी त्रासदी है।

सोशल मीडिया ने संवाद को लोकतांत्रिक बनाया है, पर जब संवाद सच्चाई के स्थान पर दिखावे और प्रतिस्पर्धा में बदल जाए, तो यह अभिव्यक्ति नहीं, मनोरंजन का बाजार बन जाता है। अनेक युवा बिना गहराई के केवल वायरल होने के लिए वीडियो बनाते हैं। किसी दुर्घटना में मदद करने से पहले कैमरा चालू होता है, किसी उत्सव में भाग




लेने से पहले 'रील' बनती है। जीवन अब जीने से अधिक दिखाने का साधन बन गया है। फिर भी, इस माध्यम के सकारात्मक पहलू भी हैं। अनेक शिक्षक, कलाकार, पर्यावरण कार्यकर्ता और समाजसेवी सोशल मीडिया का उपयोग जनजागरण और संस्कृति संरक्षण के लिए कर रहे हैं। लोककला, ग्रामीण कहानियां और क्षेत्रीय भाषाएं अब विश्व तक पहुंच रही हैं। जब उद्देश्य आत्म-प्रचार नहीं, बल्कि समाज-सेवा हो, तभी यह साधन वरदान बनता है। भारतीय संस्कृति में प्रभाव का सर्वोत्तम उदाहरण भगवान राम हैं, जिन्होंने शक्ति नहीं, मर्यादा से प्रभाव डाला। श्रीकृष्ण ने नीति और प्रेम से, बुद्ध ने करुणा से और कबीर ने सत्य से। इन सबमें अहंकार का अभाव और जीवन की प्रामाणिकता समान थी। यदि आज का कोई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इन गुणों को अपनाए, तो वह भी समाज को दिशा दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी के सामने चुनौती पहचान की नहीं, बल्कि पहचान की सच्चाई की है। जब हर कोई दूसरों की स्वीकृति से स्वयं को परिभाषित करने लगे, तो आत्म-साक्षात्कार कठिन हो जाता है। आवश्यकता है आत्मचिंतन और विवेक की। सोशल मीडिया तब तक उपयोगी है, जब तक वह सत्य, संवेदना और संस्कृति का माध्यम बना रहे। पर यदि यह स्वार्थ, दिखावे और प्रतिस्पर्धा का साधन बन जाए, तो यह मानसिक और सांस्कृतिक असंतुलन का कारण बनेगा।

समय की पुकार है कि हम अपनी डिजिटल जीवनशैली में भी भारतीयता जीवित रखें जिसका अर्थ है संतुलन, संयम और संवेदना। युवाओं को समझना होगा कि लोकप्रियता सफलता नहीं और प्रसिद्धि सम्मान नहीं। सच्चा प्रभाव वही है जो समाज को जागृत करे।

सोशल मीडिया साधन है, साध्य नहीं। यह तभी शुभ है जब वह मनुष्य की आत्मा को प्रकट करे, न कि उसे ढंके। भारत की सभ्यता उन लोगों की देन है जिन्होंने फॉलोअर्स नहीं गिने, पर सत्य की मशाल जलाए रखी। यदि हम उसी मशाल को डिजिटल युग में थाम सकें, तो यह युग मानवता का पुनर्जागरण बनेगा

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# एक ईमानदार शख्स की नेकदिली ने जगाया इंसानियत का भरोसा

जीवन में कई बार बुरे अनुभव हमें यह सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि दुनिया बुरे लोगों से भरी पड़ी है, लेकिन मेरा मानना है कि आज भी इस दुनिया में अच्छे, ईमानदार और नेकदिल लोग मौजूद हैं। बस कभी-कभी हम उनसे मिलने का सौभाग्य नहीं पा पाते, इसलिए पूरी दुनिया को दोष देने लगते हैं। मैं खुद ऐसे एक इंसान से मिली हूं, जिसने मेरे विश्वास को और मजबूत किया।



बिशना गाजटा
चौपाल, शिमला

यह घटना लगभग डेढ़ साल पुरानी है। मैं और मेरी बेटी जयपुर से चंडीगढ़ ट्रेन से सफर कर रहे थे। ट्रेन रात आठ बजे जयपुर से रवाना हुई और सुबह पौने आठ बजे चंडीगढ़ पहुंची। स्टेशन से बाहर निकलते ही टैक्सी और ऑटो चालकों की भीड़ थी। हम भीड़ को पार करते हुए एक साइड में खड़े ऑटो वाले के पास पहुंचे और अपने गंतव्य तक जाने का किराया पूछा। उसने 120 रुपए कहा, और हमने बिना मोलभाव किए हामी भर दी। हमारे पास दो बैग थे-एक उसने पीछे रख दिया और एक हमने अपने पास सीट पर रख लिया। लगभग 15-20 मिनट में हम वहां पहुंच गए जहां से हमें बस पकड़नी थी।

हमने जल्दी में उसे पैसे दिए और सामने खड़ी बस में बैठ गए। सौभाग्य से बस तुरंत चल पड़ी और हमें अच्छी सीटें मिल गईं, लेकिन कुछ ही देर बाद हमारी खुशी चिंता में बदल गई-हम एक बैग ऑटो में भूल आए थे। उस बैग में कपड़ों के अलावा कुछ जरूरी सामान भी था। हमने तुरंत कंडक्टर से बस रुकवाने को कहा और नीचे उतर गए।

अब सबसे बड़ी समस्या थी कि उस ऑटो वाले को कैसे ढूंढा जाए? न उसका नाम पता, न नंबर। हम निराश मन से वापस उसी दिशा में पैदल चलने लगे जहां से आए थे। मुश्किल से पांच मिनट हुए होंगे कि सामने सिग्नल पर एक ऑटो




हमारी ओर आता दिखा। जैसे ही वह पास पहुंचा, अंदर बैठे व्यक्ति ने हाथ हिलाया-वह वही ऑटो चालक था। उसे देखकर मेरी आंखों में खुशी और आश्चर्य दोनों थे। उसने सिग्नल तोड़कर हमें ढूंढ निकाला था, सिर्फ इसलिए कि हमारा सामान सुरक्षित लौटाया जा सके।

उसने हमें अपने ऑटो में बैठाया और अगले बस स्टॉप तक छोड़ने आया। रास्ते में उसने बताया, 'मैडम, जब मैं दूसरी सवारी बैठा रहा था, तब मेरी नजर पीछे पड़े बैग पर गई। मैंने तुरंत सवारी उतारी और सोचा कि शायद इसमें आपके जरूरी कागज या पैसे हों। पुलिस स्टेशन जाकर देने से आपको परेशानी होती, इसलिए मैंने कोशिश की कि आपकी बस तक पहुंच सकूं। किस्मत अच्छी थी कि मैं आपको ढूंढ पाया।

उसकी बातें सुनकर मेरे भीतर विश्वास की एक नई रोशनी जल उठी। दुनिया में ईमानदारी और इंसानियत अभी भी जिंदा है-यह सोचकर मन गद्गद् हो उठा। बस स्टॉप आने पर हमने उतरकर उसका धन्यवाद किया और कुछ पैसे दिए। मैंने कहा, 'ये पैसे आपकी मेहनत के हैं, आपकी ईमानदारी की कीमत नहीं लगाई जा सकती।' वह मुस्कराया और चला गया, लेकिन उसके कर्मों की छाप मेरे मन पर हमेशा के लिए अंकित हो गई। आज जब लोग हर तरफ धोखाधड़ी और स्वार्थ की बातें करते हैं, तो मुझे वही ऑटोवाला याद आता है, जिसने बिना किसी लालच के एक अजनबी का सामान लौटाया। ऐसे लोगों की वजह से ही यह दुनिया अभी भी सुंदर है।

मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करती हूं कि ऐसे ईमानदार और नि:स्वार्थ लोगों को सदैव उसका आशीर्वाद मिले, क्योंकि इन्हीं की वजह से हम आज भी किसी अजनबी पर भरोसा करने का साहस रखते हैं। वरना इस दौर में जब अपनों पर भी विश्वास करना कठिन होता जा रहा है, ऐसे सच्चे इंसान हमारी मानवता की सबसे बड़ी उम्मीद हैं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# सामानुभूति और 'माइंडफुल्नेस' रोक सकती है किशोर हिंसा

एक दिन अखबार में पढ़ा कि तीन युवकों में बर्गर खाने के विवाद को लेकर आपस में गोली चली और एक नवयुवक की मृत्यु हो गई। उधर, एक मां ने अपने बेटे को फोन पर कम समय रहने को कहा, और धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ा कि बेटे ने मां के ऊपर कुल्हाड़ी से वार कर अपनी ही मां के टुकड़े टुकड़े कर दिए। तीसरी स्थिति में अपनी क्लासमेट द्वारा प्रेम प्रोपोजल मना किए जाने पर किशोर ने अपनी साथी किशोरी को चाकू मार कर उसकी जीवन लीला ही समाप्त कर दी।



डॉ. दमन आहूजा
राष्ट्रीय प्रशिक्षक, किशोर स्वास्थ्य

आप भी अपने आसपास या टीवी, सोशल मीडिया अथवा अखबारों में इस किस्म की खबरें पढ़ते ही होंगे। क्या वजह है कि किशोरों में अथवा 15 से 29 साल के नवयुवकों में हिंसा की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं? क्यूं हम अपने ही बच्चों के हाथों मरने की त्रासदी झेल रहे हैं? क्या वजह है कि ये बढ़े होते किशोर जरा से अतिरेक भाव में खुद को फांसी पर लटका लेते हैं ? किशोरों में ये बढ़ती प्रवृत्ति न सिर्फ समाज के लिए, बल्कि उनके खुद के लिए भी घातक है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक पूरे विश्व में 193000 किशोर (15-29 वर्ष) में हिंसा में संलिप्त अथवा प्रभावित पाए गए हैं। भारत में 'द हिंदू अखबार के मुताबिक ये 2016 में 32.5% से बढ़ कर 2022 में 49.5% हो गया है।

जैसे जैसे विषय की गहराई में जाएंगे तो समझ में आता है, की बढ़ोतरी के कई कारण हैं।

मुख्य रूप से माता पिता, परिवार एवं अध्यापकों का किशोरों के साथ संवेदनशील संबंधों में कमी आई है, ज्यादातर किशोर अपना समय अब मोबाइल पर लगा रहे हैं, इस लेख के लेखक ने हिमाचल प्रदेश के 10 स्कूलों में जब ग्यारहवीं व बाहरवी में पढ़ने वाले किशोरों से बात की तो 90% प्रतिशत किशोरों ने माना कि वे मोबाइल एडिक्शन के शिकार हैं एवं पढ़ने में इससे दिक्कत आ रही है। किशोर हिंसा के अन्य कारणों में पढ़ाई में असफलता, बेरोजगारी, ग़लत संगत, एवं



समाज में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृति भी इसके कारण पाए गए हैं। मिडिल क्लास एवं हाई इनकम ग्रप में अपने बच्चों के बारहवीं कक्षा या स्नातक होने पर जश्न मनाने के दौर में शराब पीने के चलन अब आम होने लगा है। अपने घरों में किसी भी शादी अथवा फंक्शन में हम शराब पीना अपना स्टेट्स सिंबल मानने लगे हैं, क्या ये प्रवृत्तियां किशोरों से छिपी हुई हैं, क्या वे भी अपने जन्मदिन की पार्टी में अथवा किसी और सफलता को सेलिब्रेट करने के लिए यही तरीका नहीं अपनाएंगे ?

**क्या किया जाए?**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम को देश के हर जिले और गांव तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इसके तहत एडोलसेंट फ्रेंडली हेल्थ क्लिनिक किशोरों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाए गए हैं, लेकिन इन्हें आम जनता में लोकप्रिय बनाना भी जरूरी है। माता-पिता और शिक्षकों को किशोरों के साथ आत्मीय संवाद बनाए रखना चाहिए और उनका स्क्रीन टाइम जानकर क्वालिटी टाइम बिताना चाहिए। समाज में सफलता और सार्थकता की नई परिभाषा बनानी होगी। हर किशोर प्रसिद्धि या सरकारी नौकरी में नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के अनुसार जीवन में योगदान दे सकता है। नशे से दूर रहने के लिए माइंडफुलनेस के सत्रों को किशोर क्लब, युवा मंडल और समुदाय स्तर पर बढ़ावा देना चाहिए। उम्र के इस पड़ाव में जागरूकता और आत्म-प्रतिबिंब की आदत डालने से किशोर भविष्य में जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनेंगे। विश्वास और सहानुभूति की डोर से अपराध और हिंसा की दलदल से किशोरों को बचाया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गरीबों को अधिक लाभ दिलवाएं अधिकारी : सन्नी

## कहा–जनकल्याणकारी योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाला तो सीएम से होगी शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बल्ह उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोयरा के गांव डोलंगी में नवदुर्गा वैष्णवी धर्म कल्याण समिति के तत्वावधान में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंडी द्वारा आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहीदी दिवस पर उनकी याद में तंबाकू निषेध जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस मौके पर अल्पसंख्यक विभाग के राज्य संयोजक सन्नी ईपन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कर्नल हरभजन भाटिया व नवदुर्गा वैष्णवी मंदिर पुजारिन हंसा देवी, पदाधिकारी होशियार सिंह, ब्यासा देवी, उर्मिला देवी, राजू, अमन, नागराम ने मुख्यातिथि व गणमान्यों व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने सुक्खू सरकार ने सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों का कमजोर तबके के लोगों को लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल रहे हैं, जिसकी रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। गौर हो कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 27 दिसंबर तक आयोजित होगा। इसी कड़ी में डोलंगी गांव में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान चमन राही ने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और भूमिहीन को भूमि दी और 20 सूत्रीय कार्यक्रम शुरू किए। इस मौके पर इंदिरा गांधी अमर रहे के नारे लगाकर उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली इस मौके पर डॉ. वैशाली परसीरा एमएमयू टी प्रभारी, डॉ. ने चौहान कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा वैज्ञानिक, डॉ. प्रितिका उद्यान प्रसार अधिकारी बल्ह, कार्तिक शर्मा फार्मेसी अधिकारी, डॉ. आरती सिंह आत्मा प्रोजेक्ट सहायक तकनीकी प्रबंधक, पूनम एबीटीम आत्मा, हेल्थ स्वास्थ्य शिक्षक सुरेश चंदेल, देशराज पर्यवेक्षक, अरुण कुमारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, चंद्रकांता, अरुणा, चंचल देवी, गोवर्धन सिंह सुपरवाइजर, प्रविंद्र ठाकुर, दिनेश भारती, दुनी चंद शर्मा, लालचंद, यशवंत गुलेरिया पूर्व प्रदेश सचिव सेवा दल आदि ने तंबाकू के दुष्परिणामों और उसके निदान बारे बताया। इसके साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।


आयरन लेडी इंदिरा गांधी के शहीदी दिवस पर इंदिरा गांधी अमर रहे के नारे लगाते हुए कांग्रेसी।

**चमन राही ने इंदिरा गांधी के सामाजिक कार्यों को याद किया**

# विधायक राकेश जम्वाल ने वार्ड नंबर 6 बाहोट में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास


विधायक राकेश जम्वाल ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर 6 बाहोट में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय जनता, महिला मंडल, युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं नगर परिषद प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राकेश जम्वाल ने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करेगा। अब स्थानीय लोग विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों तथा जन कल्याण की गतिविधियों के लिए एक सुसज्जित स्थल का उपयोग कर सकेंगे। बीते वर्षों में सुंदरनगर में सड़कों, पेयजल, नालियों, सामुदायिक भवनों एवं पार्कों के निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

इस मौके पर जितेंद्र शर्मा नगर परिषद अध्यक्ष, ओमप्रकाश नायक जिला महामंत्री, कल्पना वर्मा, नरेश वर्मा पार्षद, जोगिंदर शर्मा प्रधान ग्राम समिति बाहोट, प्यारे लाल, दिनेश शर्मा, अमित शर्मा पूर्व पार्षद, धर्मपाल अवस्थी जिला कोषाध्यक्ष, देशराज किसान मोर्चा अध्यक्ष जिला आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं सरदार पटेल : राकेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा पूरे देश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल मुख्यातिथि के तौर पर और नाचन से विधायक विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं, छात्र-छात्राओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सुंदरनगर में यह दौड़ महाराजा लक्ष्मण सेन महाविद्यालय से प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि यह एकता दौड़ केवल एक खेल आयोजन नहीं,बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और राजनीतिक कुशलता से आजादी के बाद सैकड़ों रियासतों को एकजुट किया,वह भारत के इतिहास का सबसे बड़ा एकीकरण अभियान था।

## न्यूज ब्रीफ

### सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज यहां राष्ट्रीय एकता दिवस तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। उपायुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र निर्माण में इन दोनों विभूतियों के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने व देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने की भी शपथ ली। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय स्टाफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता और जागरूकता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी (सजाओपीपलू) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप ने की। उन्होंने स्वयंसेवियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए ग्राम गदोहल में रास्तों के निर्माण, जल स्रोतों की सफाई, पर्यावरण संरक्षण और नशा निवारण पर जनजागरण अभियान चलाया। इस दौरान डॉ. वीना राठौर, एडवोकेट सुरेश शर्मा, डॉ. अश्वनी राठौर, सतपाल सिंह चौहान, उमेश शर्मा और संजय शर्मा ने स्वयंसेवियों को समाजसेवा, अनुशासन, समय प्रबंधन और आत्मनिर्भरता पर प्रेरक विचार साझा किए। प्रधानाचार्य बी.डी. कश्यप ने सभी स्रोत व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसएस का मूलमंत्र 'नॉट मी, बट यू' तभी सार्थक होगा जब युवा निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

### ढेलू में किशोरियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के ढेलू में शुक्रवार को वृत्त स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरियों को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', एनीमिया नियंत्रण और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के विषयों पर जानकारी दी गई। शिविर की अध्यक्षता वृत पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने की। उन्होंने किशोरियों और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था एक संवेदनशील दौर है, जिसमें संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक हैं। संतोष कुमारी ने एनीमिया रोकथाम के लिए आयरन युक्त आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़, चना और अनाज का सेवन करने पर जोर दिया। उन्होंने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत बालिकाओं की शिक्षा और समान अधिकारों की जानकारी भी दी। शिविर में उपस्थित महिलाओं और किशोरियों ने अपने प्रश्न पूछे और जागरूकता संबंधी पुस्तिकाएं प्राप्त की। स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### सूरज व अदिति बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊटपुर में शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन समारोह और वार्षिक पारितोषिक वितरण बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान कल्याण सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीपक सिंह ठाकुर ने उनका स्वागत किया। शिविर में कुल 26 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिनमें 17 छात्राएं और 9 छात्र थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सूरज और अदिति को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी घोषित किया गया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र सिंह चौहान, किरण देवी, स्कूल स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और एनएसएस गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा में निरंतर योगदान देने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सांसद इंदु गोस्वामी ने वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि


रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता दौड़ में भाग लेते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

देश की एकता, अखंडता और सशक्त भारत के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मंडी के पड्डुल मैदान से लेकर सेरी मंच तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, वर्ष 2014 से सरदार पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सरदार पटेल जी ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया और आधुनिक भारत की नींव रखी। इस अवसर पर सेरी मंच के पास पूर्व मंत्री सदर के विधायक अनिल शर्मा और बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी एवं अध्यक्ष निहाल शर्मा, भीम सेन ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला सह प्रभारी भीमसेन, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, नगर निगम पार्षद वीरेंद्र भट्ट, मांचली ठाकुर, करण ठाकुर, राकेश वालिया, गोविंद ठाकुर, डॉ. वंदना जग्गी, सुमन सहित कई उपस्थित रहे।

# धर्मपुर के भाजपा नेता रजत ठाकुर का दावा, बिहार में फिर बनेगी एनडीए सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा नेता रजत ठाकुर ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। ठाकुर ने कहा कि इस बार भी बिहार की जनता एनडीए पर भरोसा जताएगी और राज्य में एक बार फिर एनडीए की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन केवल झूठे वादों और भ्रामक प्रचार में लगी है, लेकिन बिहार की जनता अब विकास और स्थिरता चाहती है। ठाकुर ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा की गरीबों के लिए कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा कायम है और यही एनडीए की जीत की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री जो एक कुशल संगठन शिल्पी हैं, उनको बिहार का प्रभारी बना कर भेजा है। जिन्होंने पहले हरियाणा में पार्टी की जीत का सेहरा पहनाया था और इस बार भी बिहार में जीत का परचम लहराएंगे। रजत ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताएं और बिहार को विकास की राह पर आगे बढ़ाने में योगदान दें।



# हिमाचल किसान सभा ने आपदा प्रभावितों की अनदेखी करने पर सरकारों को घेरा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**5 नवंबर को मंडी में होगा राज्य स्तरीय अधिवेशन, 600 प्रभावितों के शामिल होने की संभावना**

हिमाचल किसान सभा की राज्य कमेटी ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर आपदा प्रभावितों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया है। सभा के राज्य उपाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज ने कहा कि भारी बारिश, बादल फटने, बाढ़, जमीन धंसने और भूस्खलन से प्रदेश भर में, विशेषकर मंडी जिले में, जान–माल का भारी नुकसान हुआ है। पिछले चार वर्षों में हर बरसात के दौरान हजारों करोड़ रुपये की क्षति हुई है।उन्होंने बताया कि न केवल मकान, दुकानें, गौशालाएं, खेत–बागीचे तबाह हुए हैं बल्कि सैकड़ों लोगों की मौत, हजारों पशुओं की मृत्यु और लाखों पेड़ों के गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा सड़कों, पुलों, शिक्षण संस्थानों, पेयजल व सिंचाई योजनाओं और बिजली लाइनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

कुशाल भारद्वाज ने केंद्र सरकार पर हिमाचल के प्रति सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने प्रदेश के लिए कोई विशेष आर्थिक सहायता नहीं दी है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार विदेशी सरकारों को तो मदद भेजती है, लेकिन हिमाचल के आपदा प्रभावितों के लिए फूटी कौड़ी भी देना उचित नहीं समझती। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा घोषित राहत पैकेज पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मकानों, पशुओं और खेती–बागवानी की क्षति पर राहत राशि की घोषणा तो की गई है, लेकिन अधिकतर प्रभावितों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। केवल कुछ लोगों को ही फौरी राहत के रूप में सहायता दी गई है।

कुशाल भारद्वाज ने बताया कि 5 नवंबर को सुबह 11 बजे मंडी के विश्वकर्मा हॉल में राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 600 आपदा प्रभावित भाग लेंगे और सरकार की घोषणाओं को अमल में लाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर माह में 1500 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा पर भी कोई अमल नहीं हुआ है। किसान सभा की मांग है कि इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए और हिमाचल प्रदेश को कम से कम 5000 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज दिया जाए। साथ ही, आपदा प्रभावितों को जमीन के बदले जमीन देने के लिए वन संरक्षण कानून, 1980 में संशोधन करने की भी मांग की गई है।हिमाचल किसान सभा ने सभी आपदा प्रभावित परिवारों से मंडी में होने वाले अधिवेशन में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि राहत और पुनर्वास कार्यों की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

# विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया एकता का संदेश उजागर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा नेतृत्व संवाद कार्यक्रम का आयोजन**

**वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता व विकसित भारत पर हुआ मंथन**

रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, इसका आयोजन राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के रूप मे किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य नागरिकों के बीच एकता, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और राष्ट्रीय विकास को मज़बूत करना, शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए चर्चाओं, रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक आयोजन किया जाना है।

डॉ. कौंडल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की विविधता में निहित एकता का सशक्त प्रतीक है, जो युवाओं को देश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक धरोहर से जोड़ता है। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत की एकता और विविधता ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सभी छात्र–छात्राएं राष्ट्र एकता प्रति जन–जागरूकता फैलाएं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नाटक,भाषा संवाद, पीपीटी प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वेदिका शर्मा एवं पूजा, हर्षा कुमारी एवं वेदिका शर्मा, तथा खुशबू एवं कृतिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। तुलनात्मक विश्लेषण प्रतियोगिता में नेहा–शिवानी, पलवी–साहिल तथा शिवांश–समिक्षा विजेता रहे। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने हिमाचल और केरल के पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति एवम विद्यार्थियों ने दोनों राज्यों की राजनीतिक व्यवस्था, आर्थिक संरचना, भाषा, भौगोलिक स्थिति एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर रोचक जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अशोक पठानिया एवं प्रो. अंजू कुमारी रहे, मंच संचालन डॉ. अरुण शर्मा एवं प्रो. रीता देवी ने किया।

# गांव नौलखा के पास बंद फोरलेन पर चेतावनी बोर्ड न होने से चालक परेशान

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** कीरतपुर–मनाली फोरलेन का एक बड़ा भाग लंबे समय से अधूरा और अवरुद्ध पड़ा है, जिससे लोगों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। गांव नौलखा से कीरतपुर की ओर जाने वाले फोरलेन मार्ग का एक हिस्सा बहुत आगे से बंद है, लेकिन इसके आरंभ में कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया गया है। इसके चलते वाहन चालक भ्रमित होकर काफी आगे निकल जाते हैं और जब मार्ग बंद मिलता है, तो उन्हें उलटे लौटना पड़ता है। इससे सड़क पर अव्यवस्था और जाम जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। मंडी और सुंदरनगर की ओर जाने वाले चालकों को विशेष रूप से कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा डीसी मंडी से आग्रह किया है कि नौलखा से कीरतपुर की दिशा में बंद पड़े फोरलेन पर तुरंत चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। लोगों का कहना है कि अधूरे सर्विस रोड और नालियों के अभाव में क्षेत्र में गंदा पानी भर रहा है, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है और आवागमन में कठिनाई हो रही है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मार्ग पर सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सके।

# विद्यार्थियों व पुलिस कर्मियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का दिया संदेश


पधर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रतिभागी छात्रों को जूस देते पुलिस के कर्मी।

**अनंत ज्ञान, कविता**

**पधर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर पधर थाना के तत्वावधान में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के तीन स्कूलों एवं एक एकेडमी के विद्यार्थियों के साथ–साथ थाना पधर के सभी पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर, पधर पब्लिक स्कूल, एसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तथा विवेक फिजिकल एकेडमी के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ किया गया। जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने एक भारत–श्रेष्ठ भारत का नारा लगाते हुए दौड़ में भाग लिया। करीब 100 से 120 प्रतिभागियों ने इस दौड़ में हिस्सा लिया और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एकता, सद्भावना एवं राष्ट्र की अखंडता का संदेश दिया।

एसडीपीओ पधर देवराज शर्मा ने जानकारी दी कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश के युवाओं में एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित कार्यक्रम में उमड़ी देशभक्ति की भावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी (हि.प्र.) के इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रीय चेतना के वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन भारत की अखंडता, एकता और संगठन के उस आदर्श का पुनर्स्मरण था, जिसे लौहपुरुष सरदार पटेल ने अपने जीवन से साकार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद उपस्थित जनों ने राष्ट्रीय एकता शपथ ली। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य (डॉ.) ललित कुमार अवस्थी ने आभासी माध्यम से अपने संदेश में सरदार पटेल को भारतीय एकता का शिल्पी बताते हुए कहा कि उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और संगठन–शक्ति ने भारत को एक सूत्र में बांध दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि विभाग द्वारा वर्षभर सरदार पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित अनेक शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार पटेल के उस जीवन–दर्शन की स्मृति है, जिसने भारत को राज्य नहीं बल्कि राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया।

इस अवसर पर अनेक शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, नेतृत्व और प्रशासनिक दृष्टि की समकालीन प्रासंगिकता पर विचार रखे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और सौहार्द की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रामपाल ने प्रस्तुत किया।


सरदार पटेल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष आयोजन किया गया।

**सरदार पटेल भारतीय एकता के शिल्पी, युवा अपनाएं उनके आदर्श: कुलपति**

**जानकारी** तीसरे चरण का नदीय मत्स्य पालन पूरा, जागरूकता शिविर में दी जानकारी

# ब्यास नदी में डाले 2.20 लाख मछली के बीज

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मत्स्य पालन विभाग के मत्स्य मंडल मंडी की उपनिदेशक नीतू सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत नदीय मत्स्य पालन कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरा कर लिया गया है। इस दौरान ब्यास व इसकी सहायक नदियों में लगभग 2.20 लाख मछली बीज डाले गए। उन्होंने बताया कि मंडी जिला में 15 अक्तूबर, 2025 से शुरू हुए इस कार्यक्रम के तीसरे चरण में 30 अक्तूबर, 2025 को मंडी के गुरुद्वारा श्री गोविंद सिंह जी के समीप ब्यास नदी में 45 हजार तथा बाखली बाजार के निकट बाखली खड्ड में एक लाख और सियांज क्षेत्र के समीप ज्यूणी खड्ड में 75 हजार भारतीय मेजर कार्प प्रजाति जैसे की कतला, रोहू और मृगल मछलियों का बड़े आकार का बीज (अंगुलिकाएं) डाला गया। नीतू सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय मछुआरों का विशेष योगदान रहा, जिसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने, जैव विविधता के संरक्षण तथा सामाजिक–आर्थिक लाभों की प्राप्ति के उद्देश्य से नदीय मत्स्य पालन कार्यक्रम की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर जागरूकता शिविर भी आयोजित किए गए, जिनमें जिले के आम नागरिकों एवं मछुआरों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न मत्स्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नदीय मत्स्य पालन कार्यक्रम के महत्व के बारे में विशेष जानकारी दी गई। विभाग की ओर से यह अपील भी की गई कि मछुआरे छोटी मछलियों का शिकार न करें, क्योंकि यह अवैध मत्स्य शिकार की श्रेणी में आता है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश मत्स्य अधिनियम, 1976 एवं नियम 2020 के अंतर्गत अभियुक्त से हरजाना वसूल कर दंडित किया जाता है। इस अवसर पर मत्स्य निदेशालय बिलासपुर द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं सहायक निदेशक मत्स्य, बिलासपुर पंकज ठाकुर तथा मंडी में सहायक निदेशक मत्स्य नीतू सिंह, विभागीय कर्मचारी तथा जिले के स्थानीय मछुआरे उपस्थित रहे।


ब्यास व सहायक नदियों में 2.20 लाख मछली के बीज डाले गए।

**अवैध मत्स्य शिकार रोकने के लिए की अपील**

# संस्कृत भाषण स्पर्धा में वुशाली रही तृतीय

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिप्र संस्कृत अकादमी द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी में आयोजित प्रतियोगिताओं में रावमापा झीड़ी के छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाग लेने वाले छात्रों में रूवी कक्षा 9वीं, भूमिका चौहान कक्षा 8वीं, देवांश शर्मा कक्षा 8वीं, निकिता जमा दो की छात्रा ने भाग लिया जिसमें वुशाली ठाकुर जमा दो की छात्रा ने संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अजय संस्कृत जो कि इस विद्यालय में संस्कृत शिक्षक के रूप मे तैनात हैं, वे संस्कृत भारती से जुड़े हुए हैं, देववाणी संस्कृत के कार्यों में सदैव तत्पर रहते हैं उनके अथक परिश्रम का यह परिणाम है। प्रिंसिपल दिलीप कुमार ने इस उपलब्धि पर बेटी को बधाई दी व सभी बच्चों को संदेश देते हुए इसकी मिसाल दी कि सभी छात्र इसी तरह मेहनत करे और आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लें और विद्यालय का नाम रोशन करें।

# पंजावर के समाजसेवी रणजीत राणा ने सड़क निर्माण के लिए दान की 2 कनाल भूमि

**अनंत ज्ञान, हरोली**

विधानसभा क्षेत्र के गांव पंजावर में वार्ड नंबर दो में सड़क निर्माण के लिए वर्षों से निजी भूमि के कारण ग्रामीणों को सड़क सुविधा नसीब नहींहो पा रही थी। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण करने का मामला पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया के पास उठाया । ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रधान नीलम मनकोटिया व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा ने अपनी 2 कनाल निजी भूमि दान देकर दरियादिली दिखाई। अपनी निजी भूमि रास्ता निर्माण के लिए दान देकर पुण्य का कार्य किया है । करोड़ों की कीमत की करीब 2 कनाल भूमि सड़क निर्माण के लिए डोनेट करके आमजन का दिल जीत लिया है। सड़क निर्माण को लेकर पंचायत के प्रयास भी रंग लाए। पक्की सड़क को गुरवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा ने सड़क कार्य का शुभारंभ किया। इसी के साथ ग्रामीणों की चिरलम्बित मांग पूरी भी हो गई । सर्वजीत कौर ने कहा कि निजी भूमि के पचड़े के चलते इस रास्ता निर्माण को लेकर उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि सड़क बन जाएगी । लेकिन सड़क बनने का सपना हकीकत में पूरा हो गया है।जिससे वे पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया का हमेशा के लिए आभारी रहेंगे। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया ने कहा कि जनसहयोग से गांव का विकास संभव है। विकास की गति ओर तेज करने वायदा किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा ने रास्ता पक्का निर्माण के लिए पंचायत पंजावर, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का बजट उपलब्ध करवाने के लिए आभार जताया । उन्होंने कहा कि पंचायत में सड़क का कायाकल्प करना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहा।ओर सरकार के आशीर्वाद से गांव में विकास को चार चांद लग रहे हैं। उल्लेखीय है कि ग्राम पंचायत पंजावर के अथक प्रयासों से पक्का रास्ता निर्माण के लिए पांच सड़क निर्माण कार्यों के लिए निजी भूमि मालिकों को राजी किया गया । भूमि मालिकों ने प्रधान की बात मान ली ।ओर प्रधान बदले में सड़क निर्माण के लिए बजट का प्रावधान करने का वायदा किया । जिसके चलते मालिकों ने पांच सड़क निर्माण के लिए भी अपनी भूमि दान की। सरकार की ओर से पक्का रास्ता निर्माण के लिए पहली किश्त सात लाख की राशि जारी कर दी प्रधान ने औपचारिकताओं को पूरा कर वार्ड नंबर 2 में पडोगा से पंजावर लिंक रोड पूर्व पेंच सुभद्रा देवी के घर तक 400 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

# अपग्रेड होगी संतोषगढ़-जैजों सड़क

## उपमुख्यमंत्री ने किया पंचायत कार्यालय व सामुदायिक केंद्र छेत्रां का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं और योजनाओं का उद्घाटन किया और उन्हें जनता के समक्ष पेश किया। उन्होंने बताया कि संतोषगढ़-जैजों सड़क का स्तरोन्नयन 500 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस परियोजना के तहत पीएम शक्ति योजना के अंतर्गत डीपीआर तैयार की जा रही है और बल्क ड्रग पार्क तक फोरलेन सुविधा विकसित की जाएगी, जिससे क्षेत्र में आवागमन और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

ग्राम पंचायत छेत्रां में नव निर्मित पंचायत घर और सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण भी किया गया। यह दो मंजिला भवन पंचायत द्वारा स्वयं निर्मित किया गया है और इसे 70 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया। उपमुख्यमंत्री ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह किफायती निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने छेत्रां पंचायत के सामुदायिक भवन के लिए अतिरिक्त 1 करोड़ रुपए देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, सड़क सुधार और नालियों के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, ताकि स्थानीय लोगों को सुगम आवागमन और बेहतर जीवन सुविधा मिल सके। अमराली में 25 मीटर ऊंचाई पर 25 लाख लीटर क्षमता वाला जल भंडारण टैंक बनाया जा रहा है। इस टैंक के नीचे लोगों के लिए एक कॉफी हाउस जैसी सुविधा विकसित की जाएगी। बीत क्षेत्र में जल प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। कभी पानी की कमी से जूझने वाला यह क्षेत्र अब हर घर और खेत तक जल सुविधा प्रदान करता है। 75 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना फेज-2 पर तेजी से कार्य जारी है। इसके तहत स्वां नदी से पानी पालकवाह में 11 लाख लीटर क्षमता वाले टैंक तक पहुंचाया जाएगा। इस योजना के माध्यम से 28 गांवों की लगभग 50 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। फेज-1 में 44 करोड़ रुपये की लागत से 18 नलकूपों द्वारा किसानों तक पानी पहुंचाया गया। हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ रुपए की नई सिंचाई योजना स्वीकृत की गई है। इसे तीन क्लस्टर - टाहलीवाल, हरोली और खड्ड में विभाजित कर आधुनिक तकनीक से सिंचाई तंत्र सशक्त बनाया जाएगा। भभौर साहिब से पोलियां बीत तक 175 करोड़ रुपए की नई पेयजल योजना भी तैयार की जा रही है। क्षेत्र के लगभग हर गांव में अब तक 218 ट्यूबवेल लगाए जा चुके हैं और शेष आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा किया जाएगा। तालाबों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। हीरां और बीटन पंचायतों में 2-2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल, पानी और बिजली के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों ने हरोली को विकास का मॉडल क्षेत्र बना दिया है। छेत्रां पंचायत के प्रधान विकास सिंह ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और पंचायत के विकास के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पंचायत प्रधान, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पंचायत कार्यालय का लोकार्पण करते हुए।

# डीसी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ



डीसी ऊना जतिन लाल अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मिनी सचिवालय ऊना परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

उपायुक्त ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि हमें सदैव राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री
लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने राष्ट्र निर्माण में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया और विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता को साकार किया। वहीं, इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ निश्चय और राष्ट्र सेवा का अनुपम उदाहरण है। उनकी दूरदर्शी सोच और निर्णायक नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपायुक्त ने कहा कि सरदार पटेल और श्रीमती इंदिरा गांधी के आदर्श हमें देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ऊना वरिंदर शर्मा, नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार, एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल, सीपीओ ऊना संजय संख्यान सहित मिनी सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 और 9 को होगी कुश्ती चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 और 9 नवंबर को हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ द्वारा सीनियर पुरुष, महिला, ग्रीको-रोमन व फ्री-स्टाइल राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बाबा फकीर चंद स्पोर्ट्स अकादमी (प्लाहघाट), गांव इंदपुर, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होगी। राजेंद्र ने बताया कि इस चैंपियनशिप में केवल हिमाचल प्रदेश के मूल निवासी खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही वैध दस्तावेज माना जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी अन्य राज्य के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खिलाड़ियों के रहने और खाने की संपूर्ण व्यवस्था जिला कांगड़ा कुश्ती संघ द्वारा की गई है।

### ऊना में बढ़ते अपराध पर सरकार लगाएं लगाम

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा जिला ऊना के अध्यक्ष इशांत तुग्गा ने जारी ब्यान में कहा कि जिला ऊना व हिमाचल प्रदेश एक शांतिपूर्ण राज्य है लेकिन धीरे धीरे हिमाचल व जिला ऊना में अपराध होने लगे है, जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। इशांत ने कहा कि जिले में क्या बाहरी राज्यों से हथियार आ रहे हैं, वह किसकी शह से हो रहा है और प्रशासन ने इस पर चुपी क्यों साधी है उन्होंने कहा यदि ऐसे ही होता रहा तो आने वाले समय में लोगों के मन में कानून का कोई डर नहीं रहेगा पिछले कुछ समय पहले ऊना में गोली कांड हुआ ओर ऊना में एक नौजवान को मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने कहा कि ऊना में दहशत का माहौल है। इशांत ने पुलिस प्रशासन से मांग कि है इस मुद्दे पर उचित कदम उठाया जाए।

### नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली के तहत पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ में सात दिवसीय एनएसएस शिवर शुक्रवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में सेवानिवृत हिंदी प्रवक्ता रजनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की । प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा व एनएसएस प्रभारी संदीप कुमार और सह प्रभारी गुरप्रीत कौर और स्टाफ के अन्य सदस्यों ने उनको एनएसएस टोपी और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। उन्होंने स्वयंसेवियों द्वारा किए गए 7 दिनों के कार्यों को सराहा और उन्होंने बच्चों को एनएसएस का महत्व और उद्देश्य, नैतिक मूल्य, अनुशासन और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी । स्कूल के प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा ने बताया कि शिवर के दौरान शिवर के स्वयंसेवियों ने लोगों को न केवल साफ सफाई, बल्कि नशे सहित अन्य सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूक किया और स्वयंसेवी शिवर के दौरान मिले अनुभव को अपने जीवन में एक महत्वपूर्ण चरण के रूप में देखेगे।

### स्कूली बच्चों की सड़क सुरक्षा पर सख्त निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने स्कूली बच्चों द्वारा स्कूटी या बाइक चलाकर स्कूल आने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षा विभाग को स्कूलों को स्पष्ट हिदायतें जारी करने और रैंडम निरीक्षण मेंपाए जाने पर प्रिंसिपल की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को स्कूलों के आसपास निगरानी बढ़ाने, नाबालिगों पर तुरंत कार्रवाई करने और अभिभावकों को शामिल करने के निर्देश दिए। 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए माहवार गतिविधियां आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर सुधार करने, सड़क संकेतक व रंबल स्ट्रिप लगाने और स्कूलों के पास बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क हादसों में मदद करने वाले नागरिकों को 25 हजार रुपए नकद सम्मान दिया जाएगा।

# बैंकिंग की बारीकियां जानी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने सामाजिक सेवा और सीखने की भावना का परिचय दिया। प्रात:कालीन सत्र में स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर और खेल मैदान की सफाई कर स्वच्छ विद्यालय, सुंदर विद्यालय का संदेश दिया। दूसरे सत्र में स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ एजुकेटर राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, संतुलित आहार, स्वच्छता और नशामुक्त जीवन के महत्व पर जानकारी दी। तीसरे सत्र में यूको बैंक ठठल शाखा प्रबंधक विवेक धीमान ने बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल बैंकिंग, बचत की आदत और साइबर सुरक्षा पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल बख्शी, एनएसएस अधिकारी जसविंदर कुमार, सह प्रभारी अंजू वाला तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में आधुनिक फैसले लेकर कर रही शिक्षा स्तर को ऊंचा: विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक और दूरदर्शी फैसले लेकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना रही है। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियानी में आयोजित वार्षिक वरिष्ठ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है।

विवेक शर्मा ने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में सभी सरकारी स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ किया जा रहा है। स्कूल भवनों के निर्माण, मरम्मत, फर्नीचर, खेल सामग्री और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं के विस्तार पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है और जब नींव मजबूत होती है तो भविष्य भी उज्ज्वल बनता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में अपार क्षमता है, बस उन्हें सही दिशा और अवसर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लैब और नई तकनीक आधारित शिक्षा पद्धतियों के माध्यम से अब हिमाचल के स्कूल किसी बड़े संस्थान से कम नहीं हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका शिक्षा सुधार की रीढ़ है, इसलिए सरकार उनके प्रशिक्षण और सुविधाओं में लगातार सुधार कर रही है। उन्होंने विद्यालय की सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता की मांग पर कहा कि इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

# देशभक्ति नारों व पोस्टरों से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सहयोग की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि सरदार पटेल केवल भारत के लौह पुरुष ही नहीं, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रनिर्माता थे, जिन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति के नारे और स्लोगन लिखकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए।





वीपीएस स्कूल ऊना में सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का किया आयोजन।

विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित चार्ट और पोस्टर प्रदर्शित किए, जिनमें सरदार पटेल के प्रेरक उद्धरणों और चित्रों को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। 'रन फॉर यूनिटी' में विद्यालय के सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रात: 8:30 बजे सभी विद्यार्थी, शिक्षकगण और खेल प्रशिक्षक विद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित हुए। प्रधानाचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की गई। दौड़ के दौरान बच्चों ने एकता जिंदाबाद, भारत माता की जय जैसे नारे लगाकर पूरे वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने इस अवसर पर कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने और सदैव एकता एवं समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के संकल्प के साथ विद्यार्थियों ने लिखा निबंध

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

डाक विभाग, ऊना मंडल की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आज आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता जैसे मूल्यों को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना रहा। इस दौरान भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र के विकास के लिए ईमानदारी ही सबसे बड़ा अस्त्र है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने कार्य क्षेत्र में ईमानदारी बरते, तो भारत को



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी छात्र और आयोजक।

भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाना कोई कठिन कार्य नहीं रहेगा। डाक विभाग, ऊना मंडल के अधीक्षक भूपिंदर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2025 तक मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन-जन में चेतना जगाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जीवन के हर क्षेत्र में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को अपनाएं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की अंजलि ने प्रथम, गरिमा शर्मा ने द्वितीय तथा कक्षा नवमीं की धैरवी सोनी तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजेता विद्यार्थियों को डाक विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में न केवल रचनात्मक सोच का विकास करते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस मौके पर निरीक्षक डाक ऊना रजनीश कुमार, डाक पर्यवेक्षक जोगिंदर सिंह, डाक पर्यवेक्षक ऊना उपस्थित रहे।

# एकता के संदेश के साथ दौड़ी युवा शक्ति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन एनएसएस इकाई द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया और विद्यार्थियों को एकता, अनुशासन और देशभक्ति का संदेश दिया। मैराथन में विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। परिणामस्वरूप वंश ठाकुर ने प्रथम स्थान, उपदेश राणा ने द्वितीय स्थान, तथा भगत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा।

# एकता, सहिष्णुता और समरसता का संदेश लेकर दौड़ी चिंतपूर्णी की जनता





चिंतपूर्णी थाना में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी व अन्य ।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर चिंतपूर्णी थाना में एकता के लिए दौड़ (रन फॉर यूनिटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शुक्रवार सुबह नौ बजे इस उत्साहपूर्ण दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें समाज को एकता, सहिष्णुता और समरसता का संदेश देने का उद्देश्य रखा गया। थाना प्रभारी जयराम शर्मा तथा थाने के पूरे स्टॉफ ने कार्यक्रम में सक्रियता दिखाई। स्थानीय टैक्सी चालक, भरवाईं सीनियर सेकंडरी स्कूल और आर्यन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों सहित क्षेत्र के नागरिकों ने भी इस दौड़ में भागीदारी निभाई। नागरिकों की सहभागिता ने सरदार पटेल के एकता और अखंडता के संदेश को जीवंत बना दिया।

चिंतपूर्णी थाना प्रशासन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस आयोजन के उद्देश्य को आगे बढ़ाएं और सामाजिक एकता को मजबूती दें। इस अवसर पर चिंतपूर्णी थाना पुलिस ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए समाज के सभी वर्गों को एकजुट रखने का संकल्प लिया। एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करता है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश भी देता है।

**आयोजन** एसडीएम बोले, एनएसएस यूनिट मतलब समाज के लिए समर्पण, अच्छे संस्कार के साथ देश प्रेम जगाता है एनएसएस शिविर

# हटली स्कूल में छात्रों को दी कानून व्यवस्था की जानकारी

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने समाज सेवा और अनुशासन की नई सीख ली।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में थाना बंगाणा के प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित चौधरी पहुंचे, जहां एनएसएस यूनिट के कैडेट्स ने उन्हें सलामी देकर स्वागत किया। शिविर स्थल पर पहुंचने के बाद इंस्पेक्टर चौधरी ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें कानून व्यवस्था, सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस का वास्तविक अर्थ समर्पण है, समाज और देश के प्रति निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही इसका उद्देश्य है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में छात्र न केवल पढ़ाई में बल्कि समाज के उत्थान में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को कानून के प्रति जागरूक रहने, नशे से दूर रहने और





हटली में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने समाज सेवा व अनुशासन की नई सीख ली।

अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इंस्पेक्टर रोहित चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए नियमों का पालन करना, दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना और समाज में सकारात्मक सोच रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि पुलिस सिर्फ कानून तोड़ने वालों को सज़ा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती है।विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल सरोही ने एनएसएस यूनिट के प्रभारी सुशील रिंकू और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यूनिट के कैडेट्स ने अपनी मेहनत, अनुशासन और सामाजिक समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रश्नोत्तर सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया और थाना प्रभारी से अनेक सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर सवाल पूछे। देर तक चली इस रोचक वार्तालाप में विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्य प्रणाली, अपराध निवारण और साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां भी प्राप्त कीं। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने विद्यालय प्रशासन, एनएसएस यूनिट और छात्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाते हैं।

## स्वयंसेवियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुरूडू में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का शुक्रवार विधिवत समापन हुआ।

समापन समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रजनी वाला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उत्साह एवं सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को अनुशासन में रहकर कार्य करने और एनएसएस के सिद्धांत नॉट मी बट यू को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी पूनम शर्मा एवं विशाल चौधरी ने बताया कि सात दिवसीय इस विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर की सफाई, रास्तों की सफाई तथा साथ लगते मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया।

शिविर के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, समूह चर्चा और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अल मोहम्मद ने एनएसएस स्वयंसेवियों के अनुशासन एवं सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व, टीम भावना और समाज सेवा की भावना को सशक्त करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य इंदु वाला, रविंदर, मीनाक्षी, गरिमा, रमन, सुरजीत, सरिता, सोनिया, सुमन, मोनम, चरणजीत, संजीव, कमलेश, संतोष और रिशा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुशील कुमार बेहतर सेवा के लिए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा विकास खंड के खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार शर्मा शुक्रवार को 34 वर्ष 9 माह 18 दिन की सफल सरकारी सेवा पूरी करने के उपरांत बेहतर सेवा के लिए सम्मानित हुए। इस अवसर पर बंगाणा में आयोजित विदाई समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की और सुशील कुमार शर्मा को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सुशील कुमार शर्मा जैसे अधिकारी प्रशासनिक सेवाओं की गरिमा को बढ़ाते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विकास खंड बंगाणा ही नहीं, बल्कि जिन भी स्थानों पर कार्य किया, वहां अपनी ईमानदारी, कार्यकुशलता और जनहित के प्रति समर्पण से एक अलग पहचान बनाई। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सुशील कुमार शर्मा ने अपने पूरे सेवाकाल में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया, जिससे जनता और विभाग दोनों का विश्वास उन पर कायम रहा। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारी



विधायक विवेक शर्मा शाल टोपी देकर सुशील कुमार को सम्मानित करते हुए।

सुशील कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवा के दौरान जनता की सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से किया।

उन्होंने सहयोगी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान हर समय सहयोग दिया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भी सुशील कुमार शर्मा के योगदान को याद किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान माहौल भावुक हो गया जब सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए पलों को साझा किया। सुशील कुमार शर्मा ने वर्ष 1989 में सरकारी सेवा में प्रवेश किया था और अपने तीन दशक से अधिक लंबे कार्यकाल में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए लोगों की भलाई के लिए कई योजनाओं को सफलता पूर्वक धरातल पर उतारा। उनकी सेवानिवृत्ति पर पूरे क्षेत्र में एक आदर्श अधिकारी को विदाई देने की भावना झलकी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार और जनता ऐसे ईमानदार अधिकारियों से प्रेरणा लेती है। उन्होंने कहा कि सुशील शर्मा ने अपने कार्यकाल में यह सिद्ध किया कि समर्पण और सादगी से प्रशासनिक सेवा भी जनसेवा का सर्वोत्तम माध्यम बन सकती है। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य कांग्रेस नेता सुदेश शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# देश के सबसे ऊंचे व लंबे रूट लेह-दिल्ली पर बस सेवा बंद

## अब सैलानी मई-जून 2026 में ही कर सकेंगे सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

देश के सबसे ऊंचे और लंबे रूट पर चलने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम की दिल्ली-केलांग-लेह रूट पर चलने वाली बस सेवा को हिमाचल पथ परिवहन निगम ने बंद कर दिया है।

निगम ने इस बार यह सेवा 11 जून को शुरू की थी, लेकिन बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण सिर्फ डेढ़ महीने बाद ही बस इस रूट पर दौड़ी। अब यात्री इस रूट पर अगले सीजन यानी मई-जून 2026 में ही सफर कर सकेंगे। सनद रहे कि सैलानियों की सुविधा के लिए एचआरटीसी केलांग डिपो ने इस बस सेवा की शुरूआत वर्ष 2008 में की थी। दिल्ली से लेह तक चलने वाली इस बस सेवा का नाम लिम्का बुक आफ रिकार्ड्स में दर्ज है। 1026 किलोमीटर लंबे इस सफर के लिए सैलानियों को प्रति यात्री 1850 रुपये खर्च आता है। इस सफर को पूरा करने में 36 घंटों का समय लगता है।लिहाजा, दिल्ली-मनाली-केलांग-लेह बस सेवा बंद हो गई हैं और अब अगले साल ही इस रूट पर सैलानी सफर कर पाएंगे लेह से दिल्ली के रोमांचक सफर में यह बस बारालाचा दर्रा (16 हजार 500 फीट ऊंचाई पर स्थित), तांगलांग ला दर्रा (17 हजार 480 फीट ऊंचाई पर स्थित), नकीला दर्रा (16 हजार फीट ऊंचाई पर स्थित) और ला चुगला दर्रा (16 हजार 620 फीट ऊंचाई पर स्थित) से होकर हिमाचल से लेह पहुंचती है। यह बस केलांग, पटसेउ, सुरजताल, होते हुए कई रमणीय स्थानों से गुजरती है। दिल्ली-मनाली-लेह रूट की दूरी 1026 किलोमीटर है। एचआरटीसी की ओर से 1850 रुपये किराया तय किया गया है। दिल्ली से लेह पहुंचने के लिए यात्रियों को करीब 36 घंटे का समय लगता है। सफर के दौरान तीन ड्राइवर और दो कंडक्टर सेवाएं देते हैं।

### बस सेवा 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' की स्थिति में रही

**केलांग** बस अड्डा प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस बार लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण न केवल यह रूट प्रभावित हुआ, बल्कि हिमाचल और लद्दाख का पर्यटन कारोबार भी काफी प्रभावित रहा। उन्होंने कहा इस बार लेह-दिल्ली बस सेवा नो प्रॉफिट-नो लॉस की स्थिति में रही। उन्होंने कहा कि अब इस रूट पर अगले साल मई या जून में बस सेवा शुरू होगी।

# प्रदेश सरकार पांच माह में भी नहीं जोड़ सकी बाजार के दोनों छोर

## सैंज भाजपा हुई मुखर, काम शुरू नहीं हुआ, तो सरकार का होगा घेराव

**अनंत ज्ञान, सैंज**

प्रदेश सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा सैंज बाजार में कितना सार्थक सिद्ध हो रहा है, इसका उदाहरण कुल्लू जिले के सैंज बाजार में देखने को मिल रहा है, जहां सरकार की पावर का सहयोग निरर्थक साबित हो रहा है।

सरकारी पावर की मार झेल रहे सैंज बाजार के कारोबारियों के अतिरिक्त घाटी के प्रभावित लोगों का जीवन पटरी पर नहीं आ रहा है। सैंज बाजार के बीचों-बीच 2 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से जहां यातायात पुल का निर्माण किया है लेकिन सड़क न होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैंज बाजार के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने के लिए काफी समय बर्बाद करना पड़ रहा है। फिलहाल घाटी की पंद्रह पंचायतों के केंद्र बिंदु सैंज बाजार में सरकारी हिम्मत के मरहम से जख्म नहीं भर पाए हैं। जून माह का वह अभागा दिन, जब सैंज नदी में आई बाढ़ ने सैंज बाजार को आपस में ही डिस्कनेक्ट कर दिया था। सड़क के साथ स्थानीय लोगों के आवासीय मकान समेत करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान किया था। बाढ़ अपने साथ पिन पार्वती नदी के आसपास उपजाऊ भूमि के अलावा सड़क मार्ग बहा ले गई थी। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित सैंज कस्बा हुआ था। नदी किनारे बसा सैंज कस्बा पंद्रह पंचायतों का व्यापारिक केंद्र है। दुख की बात यह है कि बाढ़ ने इस कस्बे का भूगोल ही बदल दिया है। आपदा की घड़ी में एनएचपीसी ने मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए एक बार फिर 22 लाख 50 हजार रुपए की धन वर्षा की। आलम यह है कि प्रदेश सरकार की अनदेखी के चलते आज सैंज बाजार आपस में कनेक्ट होने के ही लिए जद्दोजहद कर रहा है। सरकार व लोक निर्माण विभाग की लेट लतीफी के चलते सैंज भाजपा अब मुखर हुई है।

पार्टी के अध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सैंज बाजार को आपस में जोड़ने के लिए कदम नहीं उठाए तो सरकार व लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैंज में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। पिछले पांच महीनों से अभी तक बस स्टैंड तक भी बस नहीं पहुंच पाई है। जबकि आपदा में अभी तक एक भी मंत्री घाटी का दौरा नहीं कर पाया है। तमाम निर्माण कार्य ठप पड़े हुए हैं। उधर, इस बारे लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर ने बताया कि सैंज बाजार को जोड़ने के लिए विभाग प्रयासरत है और कार्य के टेंडर आमंत्रित किए गए हैं जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा : चमन

# भुट्टिको ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भुट्टिको परिसर में एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को भुट्टिको परिसर में एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के पश्चात जिस प्रकार से देश की छोटी छोटी रियासतों को इक्टठा करके उन्हें आज़ाद भारत के साथ मिलाया वह कोई सामान्य कार्य नहीं था, बल्कि इसमें कई प्रकार की चुनौतियां थी, जिनका सामना करते हुए सरदार पटेल ने पंडित नेहरू के साथ मिलकर एक सशक्त भारत का निर्माण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसे आज पूरा देश याद करता है, आज उनकी जयंती है हम उनके जन्म दिवस को एकता का प्रतीक दिवस के रूप में याद करते हुए इस देश को अखंड और अक्षुण रखने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रेमलता ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष हिमबुनकर ब्रह्मस्वरूप ठाकुर, भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, निदेशक ईंद्रा देवीआदि बुनकरों व सदस्यों ने भाग लिया।

# कुल्लू की डॉ. श्रुति मोरे को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार 2025

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू जिले से संबंध रखने वाली डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

हिमाचल के दुर्गम इलाकों में थेरेपी ऑन व्हील्स के माध्यम से बदल रही जिंदगियां दिव्यांगजनों के पुनर्वास और सशक्तिकरण के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को दिव्यांगता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर के राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्वारा विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा। मुंबई जैसी महानगरी और विदेश में करियर के आकर्षक अवसरों को छोड़कर डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व चंबा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों की सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने सांफिया फाउंडेशन की स्थापना कर समावेशी शिक्षा और पुनर्वास सेवाओं को पहाड़ों की दहलीज तक पहुंचाया।

### अनूठी पहल: थैरेपी ऑन व्हील्स

**डॉ.** श्रुति मोरे भारद्वाज द्वारा शुरू की गई अनूठी पहल थेरेपी ऑन व्हील्स ने क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। यह मोबाइल यूनिट दुर्गम गांवों में जाकर फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और नैदानिक सेवाएं प्रदान करती है, जहां पहले ऐसी सुविधाएं नहीं पहुंच पाती थीं। इसके साथ उनकी संस्था जिला अस्पताल कुल्लू में सरकार के सहयोग के लिए अर्ली इंटरवेंशन सेंटर का संचालन करती है।

# जलशक्ति के एसई कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्करज यूनियन (सम्बन्धित सीटू) ने अधीक्षण अभियन्ता जल शक्ति विभाग कुल्लू के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शकारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला अध्यक्ष चुनी लाल तथा सचिव सुरेश ने आरोप लगाया है कि कुल्लू शहर से लेकर शाढ़ाबाई तक चल रही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा ठेका मजदूरों को न ही समय पर वेतन भुगतान किया जा रहा है न ही ईपीएफ जमा किया जा रहा है, जो कि श्रम कानूनों का सरासर उल्लंघन है। उन्होने कहा कि वर्ष 2023 से लेकर अभी तक अलग अलग ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का लगभग 20 लाख रुपए का बकाया वेतन व ईपीएफ की राशि जमा नहीं की है। उन्होंने कहा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट बदाह में 18 मजदूरों को नवंबर 2024 व दिसंबर 2024 का वेतन ठेकेदार दवेंदर पाल के द्वारा नहीं दिया गया है। यही नहीं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भुंतर के 17 मज़दूरों का फरवरी और मार्च 2025 का वेतन अभी ठेकेदार नरेंद्र के द्वारा वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

इसी प्लांट में ठेकेदार अमित सूद के द्वारा सितंबर 2025 के 17 मजदूरों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जरड प्लांट के मज़दूरों का अप्रैल 2025 का वेतन भी ठेकेदार नरेंद्र द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मजदूरों के ईपीएफ भुगतान भी ठेकेदार के द्वारा समय पर नहीं भरा जा रहा है जबकि मजदूरों से उनके हिस्से का पैसा काटा जाता है। कुल्लू नेटवर्क में कार्यरत 14 मज़दूरों का 2023 व 2024 के 15 महीने के ईपीएफ का पैसा ठेकेदार गुरबचन द्वारा मजदूरों के ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। इसी प्रकार कुल्लू नेटवर्क में कार्य कर रहे 17 मजदूरों का दिसंबर 2024 से सितंबर 2025 तक 10 महीने का ईपीएफ का भुगतान ठेकेदार विकास महाजन द्वारा जमा नहीं किया गया है। शाढ़ाबाई प्लांट में भी ठेकेदार गुरबचन द्वारा इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 का 8 महीने का 12 मजदूरों के ईपीएफ का पैसा जमा नहीं किया गया है। भुंतर प्लांट में भी 17 मजदूरों का 7 महीनों का ठेकेदार अमित सूद द्वारा ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया। जरड़ प्लांट में भी मजदूरों का ठेकेदार अमित सूद के द्वारा वर्ष 2023 के 6 महीने का ईपीएफ जमा नहीं किया।

### कई बार की अधिकारियों से बातचीत, नहीं हुई कार्रवाई

इस संदर्भ में कई बार विभाग के अधिकारियों से बातचीत की गई अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने ने कहा कि यदि 14 नवंबर तक मजदूरों का वेतन व ईपीएफ का भुगतान नही किया जाएगा ,तो यूनियन अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का घेराव करेगी जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी जल शक्ति विभाग की होगी। इस दौरान धरने को सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम व सीटू जिला सचिव राजेश ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# बंजार में एक से 10 नवंबर तक लिंक सड़क रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान बंजार**

नगर पंचायत बंजार द्वारा मिनी सचिवालय चौक से लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेट बंजार तक सड़क की मरम्मत और पक्का निर्माण, पावर टाइल बिछाने व कंक्रीट डालने का कार्य किया जाएगा।



इस कारण यह मार्ग एक से 10 नवंबर तक सभी प्रकार के वाहनों और पैदल आवाजाही के लिए बंद रहेगा। उपमंडलाधिकारी बंजार ने बताया कि नगर पंचायत बंजार की ओर से सड़क सुधार कार्य के लिए आग्रह किया गया था। एक से 10 नवंबर तक इस मार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से बंद करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में केवल आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन आदि को जरूरत पड़ने पर आवागमन की अनुमति होगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि सड़क बंद होने की सूचना नगर पंचायत द्वारा उचित स्थानों पर बोर्ड व नोटिस लगाकर जनसाधारण को दी जाएगी। नगर पंचायत बंजार ने भी आम नागरिकों से अपील की है कि 2 नवंबर से 10 नवंबर तक पुराने बस अड्डे से मेला मैदान की ओर जाने वाली सड़क पर मरम्मत कार्य चलेगा, इसलिए लोग इस मार्ग पर वाहन या पैदल चलने से परहेज करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। नगर पंचायत ने नागरिकों और विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे कार्य में सहयोग करें ताकि सड़क का मरम्मत कार्य निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सके और यातायात जल्द सामान्य हो सके। जनहित में जारी इस आदेश के तहत बंजार के मुख्य मार्ग पर कुछ दिनों के लिए अस्थायी यातायात बंद रहेगा।

# राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के प्रति समर्पण का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के दिन को राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए उपायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता के संकल्प की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर इन दोनों विभूतियों के महान योगदान को स्मरण करते हुए सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने के प्रयत्न करने की शपथ दिलाते हुए अपने देश की एकता की भावना के साथ अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का संकल्प लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवकों ने सीखी खोज-बचाव की तकनीकें

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के पांच दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। यह शिविर 27 अक्तूबर से विकास खंड अधिकारी बंजार के सभागार में आयोजित किया गया था। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) पंकज शर्मा की अध्यक्षता में समापन हुआ, जिसमें विकास खंड अधिकारी मान सिंह बग्गा, कम्पनी कमांडर दिले राम और दमकल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 31 स्वयंसेवकों ने खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक उपचार और सीपीआर जैसी तकनीकें सीखी। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन और हवाई हमले के बचाव उपायों की जानकारी भी दी गई। पंकज शर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई दी और सेवा भावना के साथ समाज में सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी'

**अनंत ज्ञान, बंजार।** : देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता व अखंडता दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर शनिवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र में जिला स्तरीय 'रन फॉर यूनिटी' और अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं बंजार महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इस अवसर पर मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रानौत, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विधायक सुरेंद्र शौरी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से होगा और प्रतिभागी बंजार कला केंद्र तक दौड़ेंगे। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम होंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश की एकजुटता का संदेश हर घर तक पहुंचे।

# विष्णु भगवान 15 साल बाद मणिकर्ण में करेंगे शाही स्नान



आराध्या देव भगवान विष्णु के कारकून व देवलु।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

सजला गांव के आराध्य देव भगवान विष्णु 15 साल बाद धार्मिक कुंड मणिकर्ण में शाही स्नान करेंगे। आराध्यदेव 16 नवंबर को कारकूनों व देवलुओं सहित सजला से मणिकर्ण के लिए रवाना होंगे।

सजला के ग्रामीणों देवता के शाही स्नान की तैयारियों में जुट गए हैं। भगवान विष्णु के कारदार पन्ना लाल ठाकुर ने बताया कि देवता इससे पहले 2010 में शाही स्नान के लिए मणिकर्ण गए थे। उन्होंने बताया कि 15 साल बाद 16 नवंबर को देवता शाही स्नान करने जा रहें है। उन्होंने बताया कि 16 को देवता सजला से रवाना होंगे और शाम को सब्जी मंडी बांदरोल में रुकेंगे। 17 को देवता भुंतर में 18 को शॉट के जबकि 19 को मणिकर्ण पहुंचेंगे। 20 नवंबर को शाही स्नान होगा। 21 को शॉट, 22 को भुंतर 23 को सब्जी मंडी तथा 24 को देवता वापस देवालय पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इन दिनों गांव में देवता के शाही स्नान की तैयारी चल रही है। उन्होंने घाटी के सभी लोगों से देवता के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# पुस्तकालय में नए ब्लॉक की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे होंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरूल एस रवीश ने जिला पुस्तकालय कुल्लू की व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने जिला पुस्तकालय कुल्लू में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए इसको डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में नए ब्लॉक की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा स्थापित किए जाएंगे। पुस्तकालय में अतिरिक्त कंप्यूटर अथवा एंड्रॉयड टेबलेट की सुविधा उपलब्ध करवाकर, राउटर्स स्थापित करके बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक टेक्नोलॉजी से अध्ययन करने में सहायता मिले इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था करने तथा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों तथा अन्य पाठ्य सामग्री की कैटालॉगिंग करने की दिशा में भी योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाग लेते हुए भाजपा नेता व अन्य लोग।

देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जन्मजयंती पर भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कड़ी में जिला मुख्यालय ढालपुर में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बन कर लौह पुरुष को याद किया। जिला अध्यक्ष अमित सूद ने जानकारी देते हुए कहा कि यह मैराथन ऐतिहासिक ढालपुर मैदान से शुरू हुई और कॉलेज गेट से होते हुए वापिस रथ मैदान पर समाप्त की गई। रन फॉर यूनिटी के संयोजक पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोया था इस पदयात्रा के माध्यम से उसी भावना को आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि युवा 'एक भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के आदर्शों को अपना सकें और नशा मुक्ति, स्वदेशी अभियान जैसे मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक हों। जिला कुल्लू भाजपा के प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में शुरू किया गया हैं और 25 नवंबर तक इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधि आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को बंजार विधानसभा में भी माई भारत कार्यक्रम के तहत मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर तक प्रदेश के साथ-साथ जिला कुल्लू के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को भी आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। जिला अध्यक्ष अमित सूद ने इस मौके पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी परन्तु उस समय के कांग्रेसी नेताओं को उनके द्वारा उठाए कदम रास नहीं आए और उनकी सोच को दबाने के प्रयत्न लगातार किए जाते रहे। उन्होंने कहा की आज के एक भारत अखंड भारत के सपने की नींव वास्तव में सरदार पटेल द्वारा ही रखी गई थी। इस मौके पर बंजार के विधायक सुरेंद्र सौरी, ब्रिगेडियर कुशाल ठाकुर, सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी सभी जिला व मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर देश की एकता व अखंडता के प्रति संकल्प व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय केलांग में जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) का भव्य आयोजन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करना तथा सरदार पटेल के योगदान को याद करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने दीप प्रज्वलित कर किया इसके पश्चात उन्होंने पुलिस ग्राउंड, इस एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। उन्होंने स्वयं भी एकता दौड़ में भाग लिया और उपस्थित जनसमूह में उत्साह एवं जोश का संचार किया। यह दौड़ पुलिस ग्राउंड से प्रारंभ होकर केलांग बाजार, दुर्गा मंदिर मार्ग से होते हुए पुन: पुलिस ग्राउंड में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में कंगना रनौत ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत जब भारत अनेक रियासतों में विभाजित था, तब अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और राजनीतिक समझदारी के बल पर सभी रियासतों का विलय कर भारत को एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि एक सशक्त, एकजुट और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण तभी संभव है जब हम सभी एकता और समरसता की भावना से कार्य करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना,जिला परिषद अध्यक्ष वीना देवी,उपमंडलाधिकारी एवं परियोजना अधिकारी (आईटीडीपी) कल्याणी तिवाना, पूर्व विधायक रवि ठाकुर, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवक, युवा संगठन के सदस्य, महिला मंडलों की प्रतिनिधियां, स्थानीय नागरिक और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत एवं भारत माता की जय के नारों के साथ सरदार पटेल के एकता संदेश को आगे बढ़ाया।

**आयोजन** जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक केलांग में आयोजित

# स्थानीय उत्पाद व डेयरी उत्पादों को करें प्रोत्साहित: कंगना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक उपायुक्त कार्यालय केलांग के सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सांसद मंडी संसदीय क्षेत्र, कंगना रनौत ने की।

उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बैठक की अध्यक्ष सांसद कंगना रनौत एवं विधायक लाहौल स्पीति अनुराधा राणा का टोपी, शॉल पहना कर स्वागत किया। इस बैठक में स्वस्थ्य, जलशक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, बागवानी, उद्योग, पशुपालन, शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायत, लोक निर्माण, श्रम एवं रोजगार विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय कार्यों एवं प्रगति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की । इसमें विभिन्न योजनाओं की पूर्व बैठक की प्रगति पर चर्चा हुई तथा आज की बैठक में जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कुसुम योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, और अन्य जिला स्तरीय विकास कार्यक्रम शामिल थे। बैठक में पिछली बैठक की प्रगति और समीक्षा की गई और सभी विभागों को आगामी बैठक के लिए उचित तैयारी के साथ आने के निर्देश दिए गए। सांसद ने सभी विभागों के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष वीना देवी, सभी गैर-आधिकारिक सदस्य, एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला, एसडीएम केलांग एवं पी ओ आईटीडीपी कल्याणी तिवाना, एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, रश्मि शर्मा, बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग पवन राणा, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग अजय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रोशन लाल और अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने, शिक्षा के स्तर को उठाने, स्वच्छता कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने, सड़कों के निर्माण और रख-रखाव, तथा महिला एवं बाल कल्याण की प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

सांसद ने शिक्षा के महत्व पर विशेष ज़ोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह बाल विकास का समग्र मार्ग है जिसमें खेल-कूद, संगीत, कला और जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी शामिल है। उन्होंने बच्चों को जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए हर पहलू में उचित अनुभव व एक्सपोजर प्रदान करने का सुझाव दिया। उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद और डेयरी उत्पादों को प्रोत्साहित करने तथा इन उत्पादों के विपणन के लिए ई-कॉमर्स साइटों के माध्यम से बाजार सशक्तिकरण पर जोर दिया।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए सांसद व अन्य गणमान्य।

# लेखा अधिकारियों को पारदर्शिता व गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, काजा**

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय (मुख्यालय) से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालना में उप-मंडल स्तर पर पेंशन, जीपीएफ अदालत व लेखा पर कार्यशाला का आयोजन प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) कार्यालय हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा शुक्रवार को जनजातीय उप-मंडल काजा में किया गया।

इस कार्यशाला में पेंशन व सामान्य भविष्य निधि के मामलों में हकदारी कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता लाने व हितधारकों के मामलों को समय पर निपटाए जाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम, जो कि आहरण व संवितरण अधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों तथा कोष कार्यालय के अधिकारीयों के साथ लेखों से संबंधित जानकारियां साझा की गईं, ताकि जमीनी स्तर पर लेखांकन को सुदृढ़ किया जा सके और साथ ही पेंशन व सामान्य भविष्य निधि के मामलों को समय पर निपटान किए जाने के साथ-साथ लेखों की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। पेंशन अदालत कार्यशाला में जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल काज़ा के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं उसके प्रतिनिधियों ने सेमिनार/पेंशन अदालत में भाग लिया। इससे पूर्व नायब तहसीलदार काजा अशोक कुमार ने पेंशन अदालत कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन समय-समय पर किये जाने पर बल दिया गया। इस मौके पर प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) कार्यालय हिमाचल प्रदेश, शिमला के वरिष्ठ लेखा अधिकारी जुधिया राम चौधरी ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। वरिष्ठ लेखा अधिकारी जुधिया राम चौधरी द्वारा पेंशन व जीपीएफ पर पीपीटी प्रस्तुत की गई तथा पेंशन अदालत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर एवं स्पष्टीकरण दिए गए। इस दौरान उनके साथ सहायक लेखा अधिकारी प्रकाश चंद एवं वरिष्ठ लेखाकार संजय कुमार ने कार्यशाला में भाग लिया। इस मौके पर सहायक लेखा अधिकारी प्रकाश चंद द्वारा लेखों की गुणवत्ता एवं महत्वत्ता पर भी पीपीटी प्रस्तुत की गई। इस कार्यशाला को सफल बनाने में सभी डीडीओ के साथ समन्वय स्थापित कर इस आयोजन में सहयोग दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने करोड़ों के किए लोकार्पण व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम द्वारा सिरमौर जिले के श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए 29.50 करोड़ रुपए लागत की पांच विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने संगड़ाह तहसील के माइना बाग में 6.47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन और नोहराधार में 2.20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सब मार्किट यार्ड चरण-1 का उद्घाटन किया। उन्होंने दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली रेणुका जी-ददाहू बिरला सड़क, जल शक्ति विभाग उप-मंडल नोहराधार के अंतर्गत रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए 17.89 करोड़ रुपए की लागत से सिंचाई सुविधा और ग्राम पंचायत भराड़ी, नोहराधार के गांव चोकन, ठांडी, हरिजन बस्ती चुमानु और कुदाग के लिए 94 लाख की ग्रेविटी जलापूर्ति योजना रोंडी पुल का शिलान्यास किया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक अजय सोलंकी, उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत नेगी और अन्य गणमान्य माइना बाग में मौजूद थे।

### डिंपल शर्मा व पूनम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्होग की दो छात्राओं का चयन स्कूली बच्चों की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया गया। चयन के बाद स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य राधा कश्यप की अध्यक्षता में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी, कई अभिभावक उपस्थित रहे। स्कूल की छात्राओं डिंपल शर्मा और पूनम ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ चयनकर्ताओं ने उनका चयन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया। राज्य स्तर पर पूनम को कबड्डी में तीसरा स्थान प्राप्त और डिंपल शर्मा को भी इसी खेल में शीर्ष खिलाडियों में चयनित हुई। प्रधानाचार्य ने चयनित छात्राओं को सभी की तरफ से स्मृति चिन्ह, ट्रेक सूट और नकद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह इस स्कूल के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थीयों से शिक्षा के साथ खेलों और शिक्षा सहगामी गतिविधियों में हिस्सा लेना का आह्वान किया।

### सड़कों की खस्ताहालत पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सामाजिक कार्यकर्ता नाथूराम चौहान ने 31 अक्तूबर से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले को लेकर सड़कों की खस्ताहाल स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले में हजारों की संख्या में लोग श्री रेणुका जी पहुंचते हैं, मगर उससे पहले प्रशासन ने अधिकतर सड़कों की स्थिति को दुरुस्त करना उचित नहीं समझा जो बेहद निंदनीय है। नाथूराम चौहान ने कहा कि मुख्य रूप से सतौन-रेणुका जी सड़क की हालत दयनीय स्थिति में है और इसी सड़क से सबसे अधिक श्रद्धालु जिला सिरमौर के साथ-साथ पड़ोसी राज्य उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले में पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए था कि इस सड़क को प्रमुखता के आधार पर ठीक किया जाता जबकि लोग लगातार इसे ठीक करने की मांग भी उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सड़क के अलावा तीर्थ स्थल रेणुका जी को आने वाली अन्य सड़कों की स्थिति भी ठीक नहीं है जो दर्शाता है कि प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय मेले के बीच गंभीरता नहीं दिखाई उन्होंने कहा कि इससे पहले नवरात्र मेले के दौरान शक्तिपीठ त्रिलोकपुर में भी यही आलम देखने को मिला जहां त्रिलोकपुर- कालाअंब सड़क की स्थिति ठीक ना होने के चलते श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### 'रन फॉर यूनिटी' का किया भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला सोलन द्वारा शुक्रवार को 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया। यह दौड़ पीडब्ल्यूडी सोलन रेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर सपरून चौक तक गई और वापस रेस्ट हाउस पहुँचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. राजीव सहजल ने प्रतिभागियों को दौड़ के उद्देश्य और राष्ट्रीय एकता के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मिधर सूद और जिला सह-प्रभारी वंदना योगी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के योगदान और भारत की अखंडता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री अक्षय भरमौरी, वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम गुलेरिया, उपमहापौर मीरा आनंद, पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप, पूर्व विधायक लखविंदर राणा सहित अन्य जिला और प्रदेश भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में एनसीसी (बालक एवं बालिका विंग) की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रीय एकीकरण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर आधारित पोस्टर प्रदर्शित किए। साथ ही युवाओं में एकता एवं राष्ट्रप्रेम के संदेश को प्रसारित करने के लिए रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने इस अवसर पर कैडेट्स को अनुशासन, राष्ट्रीय एकजुटता, समरसता और राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान सी.टी.ओ. डॉ. भारती गुप्ता एवं डॉ. ईश्वर दत्त ने भी उपस्थित रहकर कैडेट्स को सामाजिक दायित्व एवं सामुदायिक सेवा की भावना के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया।

### विद्यार्थियों में जागरूकता व सेवा भावना बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अर्की में 24 से 30 अक्तूबर तक एनएसएस शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की सफाई, सामाजिक गतिविधियों और अधिकारियों के साथ संवाद में भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य राम चंद ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने कहा कि एन.एस.एस. योजना विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है। शिविर ने समर्पण और सहयोग की भावना को मजबूत किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं माई भारत, नाहन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और राष्ट्रीय एकीकरण में योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री के बाद प्रश्न-उत्तर सत्र और राजनीति शास्त्र के सहायक आचार्य प्रो. विजयेंद्र सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ करवाई गई। एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. प्रकाश शर्मा ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात महाविद्यालय से ग्राम श्लेच तक राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राहुल और सूर्यांश तथा कोलाज प्रतियोगिता में राहुल, श्रुति और नेहा ने क्रमशः पुरस्कार प्राप्त किए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### भाईचारे व सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को मनाते हुए माजरा पुलिस तथा मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था द्वारा हाफ मैराथन एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और स्लोगन के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा पुष्पा खंडूजा एवं संस्थापक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बच्चों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में पुलिस थाना माजरा के एएसआई आशीष कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी भी उपस्थित रहे। संस्था द्वारा एएसआई आशीष कुमार को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प भेंट किए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में भारत रत्न, लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस आयोजन में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प भेंट कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया। रन फॉर यूनिटी, नाहन बस स्टैंड स्थित बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर परिसर से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक स्थल पर संपन्न हुई। सांसद सुरेश कश्यप, विधायक पांवटा साहिब एवं प्रभारी सुख राम चौधरी, विधायक रीना कश्यप, जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कन्याल पूर्व विधायक बलदेव तोमर, जिला अध्यक्ष धीरज गर्ग, बलदेव भंडारी, विनय गुप्ता, नारायण सिंह चौहान, जिला व मंडल भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण, पांचों विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ता सहित सैकड़ों युवा युवा इस आयोजन में शामिल रहे।

# सोलन के बघाट बैंक से आपातकालीन जरूरत के लिए निकाल सकेंगे पैसा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** वित्तीय अनियमितताओं और डिफॉल्टरों की कारगुजारियों के चलते आरबीआई के प्रतिबंध झेल रहे बघाट बैंक के उन खाताधारकों को राहत मिली है जिन्हें आपात स्थिति के लिए पैसों की जरूरत है।

बैंक प्रबंधन ने 10 हजार से अधिक पैसे निकालने पर रोक के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को पत्र लिखकर रुपयों की निकासी की लिमिट 10 हजार से बढ़ाने का आग्रह किया था। ताकि बैंक से जुड़े ग्राहकों को बच्चों की फीस, घर के खर्चे और कारोबार करने में आसानी हो सके। पत्र में सबसे बड़ी बात यह कही गई थी कि बैंक के कस्टमर को अति जरूरत के समय में लेनदेन करने की इजाजत मिलनी चाहिए। यानी परिवार में मौत, शादी या मेडिकल एमरजैंसी के समय इस प्रतिबंध से छूट मिलनी चाहिए। आरबीआई ने इसी के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब अगर किसी को गंभीर बीमारी के इलाज, शादी, या किसी अन्य आपात स्थिति में पैसों की जरूरत है, तो वह सीधे पैसा नहीं निकाल सकेगा।

इसके बजाय बैंक खाताधारक का प्रपोजल तैयार कर आरबीआई या संबंधित प्राधिकरण को भेजेगा। प्रपोजल के स्वीकृत होने के बाद ही व्यक्ति को पैसा जारी किया जाएगा। खाताधारक को बैंक के माध्यम से अपनी आवश्यकता का पूरा विवरण और जरूरी दस्तावेजों के साथ प्रपोजल जमा करना होगा। बैंक ने इसके लिए एक कमेटी गठित की जाएगी ।जो यह जांच करेगी कि व्यक्ति को सच में पैसों की जरूरत है या नहीं। कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही प्रपोजल आगे भेजा जाएगा और मंजूरी के बाद ही भुगतान किया जाएगा।इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पैसा केवल वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे, न कि कोई इसका गलत फायदा उठाए। मेडिकल इमरजेंसी के मामलों में डॉक्टर की रिपोर्ट और अस्पताल का खर्च अनुमान पत्र। शादी के मामलों में निमंत्रण पत्र या प्रमाण पत्र, साथ में खर्च का विवरण। पहचान पत्र, बैंक स्टेटमेंट, और अन्य जरूरी प्रमाणपत्र। अगर कोई गारंटर है तो उसकी जानकारी भी देनी होगी।

### झूठी जानकारी पर जेल तक की सजा

**आरबीआई** ने साफ चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति झूठी जानकारी या फर्जी दस्तावेज लगाकर पैसा लेने की कोशिश करता है, तो उस पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल तक भेजा जा सकता है। बैंक प्रबंधन का कहना है कि यह नियम किसी को रोकने के लिए नहीं, बल्कि दुरुपयोग रोकने और सच्चे जरूरतमंदों की मदद के लिए है। आशंका है कि कुछ लोग नए नियमों के बावजूद पैसों की निकासी के लिए नए तरीके अपनाने की कोशिश कर सकते हैं। बैंक ने ऐसे मामलों पर निगरानी बढ़ा दी है और कहा है कि किसी भी गलत प्रयास को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीएससी सेंटरों में मनमाने पैसे वसूलने से लोग परेशान

**महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान, सोलन।** परवाणू में नगर परिषद के आसपास स्थित सीएससी (सेंट्रल सर्विसेज सेंटर) के मालिकों द्वारा सरकारी कामों के लिए आने वाले लोगों से मनमाने पैसे वसूलने की शिकायतें सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद और तहसील में काम करवाने के लिए अधिकांश मामलों में उन्हें इन सेंटरों का रुख करना पड़ता है। यहां टैक्स या अन्य काम के लिए 200 से 300 रुपए अतिरिक्त लिए जाते हैं। आधिकारिक नियमों की कमी और सरकारी रेट सूची न होने के कारण सेंटर वाले मनमाने शुल्क वसूलते हैं। विरोध करने पर सेंटर वाले धमकियां भी देते हैं और काम करने से मना कर देते हैं। कई लोगों ने मौखिक शिकायतें दी हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोग लिखित शिकायत देने से भी कतराते हैं, जिससे सेंटर वालों के हौसले और बढ़ जाते हैं। सहायक आयुक्त (प्रोटोकॉल) शेफाली शर्मा ने बताया कि अब तक उनके पास कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति लिखित शिकायत देगा तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस प्रकार की शिकायतें लिखित रूप में दें, ताकि प्रशासन प्रभावी कदम उठा सके।

## राष्ट्रीय एकता व भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम


थानों में आयोजित मिनी मैराथन के विजेता प्रतिभागी व मैराथन में हिस्सा लेते युवा।

अनंत ज्ञान, बद्दी

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एस.पी. कार्यालय बद्दी, थाना बरोटीवाला, थाना बद्दी, थाना मानपुरा, थाना नालागढ़ और थाना रामशहर में बड़े उत्साह के साथ रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिनके नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से देश की एकता सुनिश्चित हुई।

कार्यक्रम की सबसे खास विशेषता मिनी हाफ मैराथन दौड़ रही, जिसमें स्थानीय नागरिक, पुलिस कर्मचारी, विद्यार्थी और समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। एस.पी. कार्यालय बद्दी में माउंटेन वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें दित्य (कक्षा 9वीं) ने प्रथम, हिमांत (कक्षा 7वीं) ने द्वितीय और अंश यादव (कक्षा 7वीं) ने तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य थानों में भी छात्रों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया। थाना नालागढ़ में डीएसपी भीषम ठाकुर की अध्यक्षता में कुल 75 प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप सैणी, साउथ एशिया गेम्स के गोल्ड मेडल विजेता, उपस्थित थे। थाना रामशहर में एनएसएस छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने दौड़ में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्हों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। एसपी बद्दी विनोद धीमान ने सभी थानों में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला पुलिस टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि मैराथन के बाद सभी थानों में आयोजित जागरूकता बैठकों में नागरिकों, विद्यार्थियों और गणमान्य व्यक्तियों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

## हिल व्यू रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने क्रशर के विरोध में उठाई आवाज

अनंत ज्ञान, बद्दी

औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी में हिलव्यू अपार्टमेंट के पास बाल्द नदी के किनारे स्थापित होने वाले स्टोन क्रेशर का स्थानीय निवासी और हिलव्यू रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने विरोध जताया है। एसोसिएशन ने जिलाधीश सोलन, बीबीएनडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उद्योग विभाग और प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर क्रेशर को स्थानांतरित करने की मांग की है।

एसोसिएशन के सदस्यों व अपार्टमेंट के निवासियों ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिशा में अपार्टमेंट के पास क्रेशर स्थापित होने से रिहायशी इलाके में ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण बढ़ेगा। इससे अपार्टमेंट में रहने वाले सीनियर नागरिक, पढ़ने वाले छात्र और अन्य लोग प्रभावित होंगे। धूल और लगातार चलने वाली मशीनों की आवाज़ से अपार्टमेंट में रहना मुश्किल हो जाएगा। एसोसिएशन ने यह भी बताया कि वर्ष 2022 में भी अपार्टमेंट के समीप क्रेशर निर्माण को लेकर विरोध किया गया था और उस समय संबंधित विभागों ने इसकी मंजूरी नहीं दी थी। अब दोबारा अनुमोदन मिलने से निवासियों में चिंता बढ़ गई है। हिलव्यू रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का कहना है कि अपार्टमेंट कई सालों से बसाया गया है और इसमें दर्जनों परिवार, उद्योगपति, व्यवसायी और अधिकारी वर्ग के लोग अपने परिवारों के साथ रहते हैं। एसोसिएशन ने अपील की है कि क्रेशर को रिहायशी इलाके से दूर किसी सुरक्षित और उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि लोग शांति और स्वच्छ वातावरण में रह सकें। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों में वासु जम्वाल, कपिल, दीप आर्य, राघवेंद्र, डीपी सिंह, नवीन शर्मा, रवि, राजेंद्र जिंटा, नीरज सहित कई लोग शामिल हैं। उन्होंने संबंधित विभागों से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

# एनएसएस से नेतृत्व क्षमता होती है उत्पन्न: डॉ. प्रेम

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान



लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में शिविर के समापन पर स्वयंसेवी।

**अर्की।** अर्की में लक्ष्य पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आज भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रेम लाल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने की।

मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन, सहयोग और समर्पण की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा कि आज समाज को ऐसे युवा चाहिए जो अपने हित से ऊपर उठकर देश और समाज के कल्याण के लिए कार्य करें। डॉ. गुप्ता ने शिविर में सीखी गई शिक्षा और अनुभवों को जीवन में उतारने और समाज में स्वच्छता, साक्षरता तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि यदि युवा सही दिशा में प्रयास करें तो देश प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। कार्यक्रम प्रभारी मीना चौहान ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि दिनचर्या प्रतिदिन प्रार्थना, व्यायाम और प्रेरक विचारों से शुरू होती थी। इसके बाद स्वयंसेवियों ने सामाजिक एवं शैक्षिक सत्रों में भाग लिया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ गोद लिए वार्ड नंबर दो और सात में सफाई अभियान चलाया और नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, पेयजल स्रोतों एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित की। मीना चौहान ने बताया कि शिविर में पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा शिक्षण और जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। शिविर का उद्देश्य केवल सेवा कार्य तक सीमित नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करना भी था। कार्यक्रम में डॉ. प्रेम लाल, प्रधानाचार्य वीना गुप्ता, लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्य कुसुम गुप्ता और अन्य अध्यापक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया दम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में एंटी ड्रग एवं ड्रग दी एडिक्शन क्लब, हेल्थ एवं योग क्लब, रेड रिबन क्लब और प्रहरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में अंजना चौहान ने प्रथम, संचित शर्मा द्वितीय और हिमांशी ठाकुर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग में सुहानी वर्मा प्रथम, मिताली कौशल द्वितीय और पीयूष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर ब्लॉक हेल्थ कोऑर्डिनेटर एमके कौशल और पुलिस विभाग से कुलवंत सिंह ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और स्वच्छ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## डिजिटल बैंकिंग साइबर सुरक्षा के प्रति चेतावनी दी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा यशवंतनगर की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बड़ोंग में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक शितांशु वरमानी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीण लोगों को बैंकिंग सेवाओं, बचत योजनाओं, बीमा व पेंशन योजनाओं तथा डिजिटल बैंकिंग के उपयोग के बारे में जानकारी दी। वरमानी ने साइबर अपराधों से सावधान रहने और ओटीपी या पासवर्ड साझा न करने की चेतावनी दी। उन्होंने छात्रों को नियमित बचत करने और वित्तीय अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सपनों का संचय योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी गई।

# धनीराम शांडिल ने भूरेश्वर महादेव मेला का किया शुभारंभ

संजय राजन, अनंत ज्ञान

**सराहां।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने अपने सिरमौर जिला के प्रवास के दौरान दो दिवसीय भूरेश्वर महादेव मेला का विधिवत शुभारंभ किया।

उन्होंने भूर्शिंग मंदिर कथाड में भूरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सुख-समृद्धि की कामना की। स्वास्थ्य मंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग 10 लाख रुपए से निर्मित कमरों, पाठशाला तथा स्वच्छ पेयजल सुविधा स्थल का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की भूमि है और यहां के लोगों की देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकांश मेलों का आयोजन देव परंपराओं से जुड़ा है जो कि हमारी समृद्ध संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाती है। उन्होंने कहा कि यह स्थल धार्मिक केंद्र के साथ -साथ पर्यटन की दृष्टि से भी अति रमणीय है। ऐसे स्थलों के विकास से जहां एक ओर धार्मिक भावनाओं को बल मिलता है वहीं क्षेत्रीय लोगों की आय उपार्जन भी होती है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में इस क्षेत्र को प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इस दो दिवसीय मेले के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा कुश्ती आयोजन का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन के दौरान युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और खेल गतिविधियों से जुड़े रहने से युवा नशे की आदतों से भी बचे रहते है।

# कोटला बड़ोग में बनेगा आधुनिक नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र

## स्वास्थ्य मंत्री ने कोटला बड़ोग में नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र स्थल का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, नाहन


नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थल का निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल।

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने शुक्रवार को सिरमौर जिले के कोटला बड़ोग में बनने वाले आधुनिक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थल का दौरा कर स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय व अधिकारिता श्याम भगत नेगी तथा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण विभाग के निदेशक सुमित खिमटा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा करने के उपरांत बीघा भूमि का चयन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माण प्रकिया को जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए 5.34 करोड़ की धनराशि का प्रावधान प्रदेश सरकार द्वारा पहले ही किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध तथा नशा निवारण एवं पुनर्वास प्रयासो के तहत जिला सिरमौर के कोटला बड़ोग में उत्कृष्ट नशामुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा। हमारे युवा प्रदेश एवं देश का भविष्य है और केवल ऊर्जावान युवाओं से ही समृद्ध राष्ट्र की कल्पना संभव है। दुर्भाग्वश युवा पीढ़ी और हमारे समाज में नशा सेवन की प्रवृति बढ़ी है। इसके दृष्टिगत नशा निवारण एवं पुनर्वास सहित युवाओं को सही मार्गदर्शन प्रदान करने की नितांत आवश्यकता है।

इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एल आर वर्मा, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेश कपूर, मुख्य वास्तुकार राजीव शर्मा, एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. राकेश प्रताप, अधीक्षण अभियंता अरविंद शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन डॉ. संदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** सोलन जिले में बाल कल्याण व संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

# 14 बेसहारा बच्चों को गृह निर्माण के लिए मिली पहली किस्त

अनंत ज्ञान, सोलन


सोलन जिले में बाल कल्याण व संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आज सोलन में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल कल्याण एवं संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा बच्चों के समग्र विकास, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिला दंडाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत जिले में अब तक 6.55 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष में एकत्रित की गई है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि योजना के सभी लाभार्थियों की नियमित निगरानी की जाए और बच्चों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि जून 2025 तक 14 बेसहारा बच्चों को गृह निर्माण हेतु 15.30 लाख रुपए की प्रथम किश्त प्रदान की गई है, जबकि चार बच्चों को दत्तक माता-पिता को सौंपा गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत ज़िला सोलन में वर्तमान में दो बाल-बालिका आश्रम (कम चिल्ड्रन होम) संचालित हैं। इसके अतिरिक्त एक स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी और एक ओपन शेल्टर होम कथेड़ में कार्यरत है, जिनमें कुल 67 बच्चे रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली तक सभी बच्चों को 500 रुपये प्रतिमाह उत्सव भत्ता प्रदान किया जा चुका है। इन संस्थानों में बच्चों को वस्त्र, बिस्तर, खाद्य वस्तुएं और अन्य आवश्यक सामग्री समय-समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं तथा भोजन भी निर्धारित पोषण मानकों के अनुसार प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेसहारा बच्चों को भविष्य में यूको आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी पहचान स्थापित कर सकें। ज़िला दंडाधिकारी ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि बाल श्रमिकों की नियमित निगरानी करें और ऐसी किसी भी सूचना को तुरंत ज़िला श्रम अधिकारी अथवा पुलिस को दें। साथ ही यह जानकारी टोल फ्री नंबर 1098 पर भी दी जा सकती है। उन्होंने मीडिया से भी आग्रह किया कि इस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग और आईसीडीएस अधिकारियों को निर्देश दिए कि बद्दी और नालागढ़ क्षेत्र में ईंट भट्टों पर कार्यरत बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों तक लाया जाए ताकि वे शिक्षा का अधिकार प्राप्त कर सकें और मध्याह्न भोजन योजना से भी लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में इन बच्चों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखा जाए ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। अंत में, जिला दंडाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल संरक्षण अधिनियम का सख्ती से पालन किया जाए और समय-समय पर औचक निरीक्षण कर बाल मजदूरी और बाल भिक्षावृत्ति पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए। बैठक में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अकांक्षा डोगरा, ज़िला बाल कल्याण समिति के सदस्य जतिन साहनी, पुलिस उप-अधीक्षक अनिल धौल्टा, स्वास्थ्य विभाग की ज़िला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी पुरी, तथा आईसीडीएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पदम देव शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को दी उन्नत तकनीकों की जानकारी


कंडाघाट उपमंडल के सोनाघाट में किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** माउंट वैली डेवलपमेंट एसोसिएशन व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत सकोड़ी के मुख्यालय सोनाघाट में उच्च उत्पादकता कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें जिला सोलन के कंडाघाट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानी डॉ. अमित विक्रांत, डॉ. मीरा ठाकुर और डॉ. अनुराग शर्मा बतौर स्त्रोत व्यक्ति उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रतिभागी किसानों को एग्जास्टिंग सब्जियों की खेती, मिट्टी एवं पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले उत्पादों की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सतत फसल उत्पादन के लिए मिट्टी की उर्वरता व पोषण प्रबंधन, जैविक उत्पादों की तैयारी व खेतों में उपयोग, अधिक आय के लिए एग्जास्टिंग सब्जियों के व्यवसायिक उत्पादन के बारे में विशेष रूप से बताया। वैज्ञानियों ने फसल पर कम लागत की जानकारी के साथ फूलों की खेती को आय का एक विकल्प बताया। शिविर में एसोसिएशन के अजय ममगाई, अमित कुमार गिरी, राजत नेगी, विकास सिंह व आयुषी और उपस्थित कई किसानों ने खेती और फूलों की खेती में आने वाली कई समस्याओं के बारे में चर्चा की। वैज्ञानियों ने इसका समाधान बताया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। शिविर में क्षेत्र के 50 किसानों ने हिस्सा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### निरंकारी संत समागम में आत्ममंथन का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारंभ सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पावन उपस्थिति में हुआ। माता जी ने उद्घाटन सत्र में कहा, 'आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है, जिसे केवल मन और बुद्धि से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक रूप से करना होता है।' उन्होंने कहा कि प्रत्येक मानव के भीतर सत्य निवास करता है, जिसे जानने पर मन में सभी के प्रति प्रेम उत्पन्न होता है। सतगुरु माता जी ने सभी से आह्वान किया कि वे स्वयं का सुधार करें, ताकि मानवता की राह पर चलते हुए संसार में अमन और भाईचारे का वातावरण स्थापित हो सके। समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होकर दिव्य अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। समागम स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी और आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी का फूलों की माला और गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें फूलों से सजाई गई खुली पालकी में विराजमान कर शोभा यात्रा के रूप में मुख्य मंच तक ले जाया गया। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव और मानवता के संदेश का प्रतीक बना।

### सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पर्यटन निगम ने 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस सिलसिले में प्रबंध निदेशक डॉ. शालीन की अध्यक्षता में पंचकूला में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में मेले की रूपरेखा, बुनियादी ढांचे के सुधार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना और कलाकारों एवं शिल्पकारों की भागीदारी पर चर्चा की गई। डॉ. शालीन ने अधिकारियों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए और कहा कि इस बार मेले में देश-विदेश के कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मेले में पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा, यातायात और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। मेला फरीदाबाद में 31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। स्टॉल आवंटन प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से शुरू होगी।

### टोल प्लाजा परियोजनाओं पर केंद्रीय मंत्री ने की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम में पंचगांव चौक पर निर्माणाधीन टोल प्लाजा और मानेसर में प्रस्तावित फ्लाईओवर परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने एनएचएआई और जिला प्रशासन को समयबद्ध कार्रवाई और समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि पंचगांव टोल प्लाजा शिफ्ट करते समय स्थानीय ग्रामीणों की आवाजाही और प्रमुख मार्गों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए। सहरावन-पंचगांव के क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी आपत्तियों के समाधान और वैकल्पिक स्थल पर विचार करने को कहा। मानेसर फ्लाईओवर के निर्माण से पूर्व वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था और गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 352डी के निर्माण के बाद ही फ्लाईओवर कार्य शुरू करने पर जोर दिया। राव ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि स्थानीय नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास पर प्रभाव का संतुलित मूल्यांकन होना चाहिए।

### हरियाणा के स्वास्थ्य संस्थानों में सफाई अभियान कल से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान 2 नवंबर से 8 नवंबर तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि साफ-सुथरा और स्वच्छ वातावरण न केवल मरीजों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि अस्पतालों की समग्र कार्यप्रणाली और सेवा गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने अधिकारियों को सुनिश्चित करने को कहा कि वार्ड, आपातकालीन कक्ष, प्रसूति कक्ष, शौचालय और प्रतीक्षा कक्षों में नियमित सफाई हो और अस्पताल परिसर में कचरा न जमा हो। जैव-चिकित्सीय कचरे का निस्तारण निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार समय पर किया जाए। अभियान के दौरान गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी और हर प्रक्रिया का रिकॉर्ड रखा जाएगा। साथ ही अभियान की फोटो भी साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। आरती सिंह राव ने स्पष्ट किया कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनका उद्देश्य है कि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और मानक सुविधाओं वाले सरकारी अस्पतालों का लाभ मिल सके।

# हरियाणा में निवेश के लिए डेनमार्क का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सैनी से मिला

## कृषि, डेयरी और पशुपालन में सहयोग की संभावना, निवेशकों ने प्रदेश में परियोजनाओं में जताई रुचि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज उनके आवास संत कबीर कुटीर पर डेनमार्क की डेनिस फार्मर एब्रोड एसोसिएशन का 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में 20 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य फोकस पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास और अन्य संबंधित क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर था। डेनमार्क प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा में इन क्षेत्रों में निवेश की गहरी रुचि जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क के साथ कई परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिससे राज्य में तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सके।

सैनी ने बताया कि हरियाणा के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल अफ्रीकी देशों के दौरे पर गया है, जहां उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों और प्रणालियों का अध्ययन किया। इस अनुभव और विदेशी निवेश के सहयोग से हरियाणा में पशुपालन, कृषि और डेयरी क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गो-ग्लोबल अप्रोच के तहत विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उन्होंने हरियाणा में कई स्थलों का दौरा कर कृषि और पशुपालन गतिविधियों का अध्ययन किया है और राज्य में निवेश के अवसरों का विश्लेषण किया है। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी और पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने और सरकार के सहयोग से परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का आमंत्रण दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

# लेंस की रोशनी में चमका चंडीगढ़: फोटो 2025 में कला और रचनात्मकता का उत्सव



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज फोटोग्राफिक सोसायटी ऑफ चंडीगढ़ (पीएससी) की वार्षिक समूह प्रदर्शनी फोटो 2025 का उद्घाटन पंजाब कला भवन, सेक्टर 16 में किया। प्रदर्शनी में 27 प्रतिभाशाली फोटोग्राफरों के लगभग 120 आकर्षक फोटो प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें लैंडस्केप, पोर्ट्रेट, स्ट्रीट और फाइन आर्ट फोटोग्राफी शामिल हैं।

राज्यपाल ने कहा कि फोटोग्राफी क्षणों को सहेजती है और सामान्य में असाधारण सुंदरता को उजागर करती है। यह प्रदर्शनियां कला के माध्यम से नई दृष्टि और जिज्ञासा जगाती हैं।

पीएससी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया कि सभी सदस्य अपने श्रेष्ठ रचनात्मक कार्यों को साझा कर रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान डॉ. सुधीर सक्सेना, अमरबीर सिंह और प्रसिद्ध फोटोग्राफर धीरज पॉल द्वारा तीन नि:शुल्क फोटोग्राफी कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएँगी।

इसके अतिरिक्त, प्रत्येक सदस्य के 20 डिजिटल कार्यों को विशेष प्रोजेक्शन डिस्प्ले में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे दर्शकों को जीवंत और गतिशील अनुभव मिलेगा। सभी कला और फोटोग्राफी प्रेमियों को 31 अक्तूबर से 2 नवंबर तक, प्रात: 11 बजे से शाम 7 बजे तक, पंजाब कला भवन में इस रचनात्मक यात्रा का हिस्सा बनने का आमंत्रण दिया गया है।

# सीआईआई-आईडब्ल्यूएन ने आयोजित की 'वुमन वेलनेस समिट-2025'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सीआईआई इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) चंडीगढ़ ट्राइसिटी चैप्टर ने 'वुमन वेलनेस समिट-2025' का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। मुख्यातिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. राहतकर ने कहा कि महिलाओं का समग्र स्वास्थ्य शरीर, मन और आत्मा का संतुलन है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हर महिला का हक, जरूरत और आत्म-सम्मान है।

उन्होंने बताया कि एनसीडब्ल्यू संवेदनशील कार्यस्थलों, सुलभ परामर्श सेवाओं और टेली-काउंसलिंग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित कर रहा है। सम्मिट का थीम था 'वेलनेस रीडिफाइंड-माइंड, बॉडी, पर्पज', जिसमें नंदिनी चौधरी, रितिका सिंह, साक्षी कटयाल और डॉ. लिपि पाठक सहित कई विशेषज्ञों ने महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य, मानसिक बोझ और नीति ढांचे पर चर्चा की। कार्यक्रम में फ्री मैमोग्राफी और बोन डेंसिटी चेकअप कैंप भी आयोजित हुआ। महिला कल्याण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सीआईआई चंडीगढ़ यूटी के चेयरमैन तरनजीत सिंह भामरा ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

# गुरुग्राम में 'रन फॉर यूनिटी', केंद्रीय मंत्री ने दिलाई एकता की शपथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में भव्य 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। यह दौड़ स्टेडियम से शुरू होकर बख्तावर चौक तक गई और फिर वापस स्टेडियम पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, युवा, अधिकारी और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूती दी और रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर देश को सशक्त राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा कि पटेल जी का जीवन दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा में प्रयासों का उदाहरण है।

केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और बताया कि पटेल जी ने समाज में समानता, एकता और समरसता के मूल्यों को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर हम 'विकसित भारत - विजन 2047' की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

# हरियाणा में पराली प्रबंधन के लिए डीकम्पोजर पाउडर का इस्तेमाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने पराली और कृषि अवशेषों के प्रबंधन के लिए डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर का उपयोग करने का निर्णय लिया है। राज्य के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि यह तकनीक फसल अवशेषों को जलाने से रोकने के साथ-साथ मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने में भी मदद करेगी।

मंत्री ने शुक्रवार को हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक में पूसा डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर के 75,000 पैकेट खरीदने की मंजूरी दी गई। प्रत्येक पैकेट एक एकड़ क्षेत्र में उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रथम चरण में राज्य के 75,000 एकड़ धान-क्षेत्र में अवशेष प्रबंधित किए जा सकेंगे। यह पाउडर किसानों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। राणा ने कहा कि यह तकनीक कुछ ही दिनों में पराली, सब्जी और अन्य कृषि कचरे को विघटित कर उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद में बदल देती है। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और उसमें जैविक कार्बन की मात्रा में वृद्धि होती है।

उन्होंने यह भी बताया कि डीकंपोजर पाउडर मिट्टी में मौजूद कवक-जनित रोग और कीटों को नियंत्रित करने में मदद करता है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता घटाता है। इससे किसानों की लागत कम होगी और आय बढ़ेगी। वर्तमान में यह तकनीक प्रदर्शन के तौर पर प्रयोग की जा रही है। इसके परिणामों के आधार पर अगले वर्ष इसे पूरे राज्य में विस्तारित किया जाएगा। बैठक में प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा आदि उपस्थित थे।

## देश-विदेश

# पंजाब में आतंकी पन्नू के 3 गुर्गे पकड़े

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बैन संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने राज्य के दो गांवों भिसियाना और मननवाला के दो स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे थे। इस तरह संगठन के लोगों के साथ ये आरोपी देश विरोधी प्रचार कर रहे थे। इनका विदेश में बैठे आतंकियों से सीधा संबंध मिला है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को इस ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से यह साफ हो गया है कि गिरफ्तार आरोपियों ने लोगों को भड़काने और देश विरोधी भावनाएं फैलाने के मकसद से ये भडकाऊ नारे लिखे थे। उनका उद्देश्य पंजाब की शाति और सौहार्द को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस राज्य में शांति रखने के लिए प्रतिबद्ध है। डीजीपी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि एक बड़ी सफलता में काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा ने पुलिस के साथ मिलकर बैन संगठन सिखों फॉर जस्टिस के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने गांव भिसियाना और मननवाला के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे थे, इन्हें यूएसए में बैठे एसएफजे के मास्टरमाइंड गुरपतवंत सिंह पन्नू का समर्थन हासिल था।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, जांच में यह भी सामने आया है कि इन आरोपियों को विदेशी फंडिंग मिल रही थी। पंजाब में अशांती फैलाने के पीछे विदेशी नेटवर्क का हाथ था। जांच एजेंसियों ने इस बात के सबूत भी जुटा लिए हैं कि ये फंडिंग गैर-कानूनी स्त्रोतों से भेजी गई थी। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने बेहद तेजी से एक्शन लेते हुए इस प्रोपेगेंडा को समय रहते रोक दिया। (अनंत ज्ञान)

# सोना 1,196 रुपए और चांदी 2,359 रुपए हुई महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,196 रुपए बढ़कर 1,20,815 रुपए हो गया है।

कल सोने की कीमत 1,19,619 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इसी महीने 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। तब से इसका भाव 10,059 रुपए गिर चुका है। वहीं, चांदी 2,359 रुपए बढ़कर 1,49,142 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। 30 अक्तूबर को इसकी कीमत 1,46,783 प्रति किलोग्राम थी। इसी महीने चांदी 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से इसकी कीमत 28,958 रुपए कम हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# खड़गे बोले-आरएसएस पर लगे बैन, सरदार पटेल ने यही किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कांग्रेस की आलोचना को लेकर पीएम मोदी पर पलटवार किया। खड़गे ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बैन लगा देना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि यह मेरा विचार है और मैं खुलकर बोलूंगा कि आरएसएस पर बैन लगाना चाहिए। अगर पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचारों का सम्मान करते हैं तो ऐसा करें। देश में भाजपा-आरएसएस के कारण कानून-व्यवस्था की दिक्कतें हो रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने 18 जुलाई 1948 को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल के एक लेटर का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कहा था कि आरएसएस ने ऐसा माहौल बनाया, जिससे महात्मा गांधी की हत्या हुई।

दरअसल, एक पत्रकार ने खड़गे से पूछा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सरदार पटेल ने उस विचारधारा पर बैन लगाया, जिससे भाजपा निकली। अब फिर से एक लौह पुरुष की जरूरत है, जो उस विचारधारा पर प्रतिबंध लगाए। क्या आरएसएस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए?

खड़गे ने कहा कि भाजपा ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पटेल के बीच दरार पैदा करने की कोशिश की, जबकि उनके बीच अच्छे संबंध थे। दोनों एक-दूसरे की तारीफ करते थे। नेहरू ने भारत की एकता को आकार देने के लिए पटेल की सराहना की और पटेल ने नेहरू को देश के लिए एक आदर्श बताया था।

# कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति को 25 साल की सजा

**एजेंसी, कनाडा।** कनाडा में 2022 में हुई हत्या के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रिटिश कोलंबिया के सर्वोच्च न्यायालय की एक जूरी ने मंगलवार को बलराज बसरा को हत्या और आगजनी का दोषी ठहराया। सीबीसी की बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार, जांच दल का कहना है कि बसरा 17 अक्तूबर 2022 को एक गोल्फ क्लब में विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या के मामले में दोषी ठहराया जाने वाला तीसरा व्यक्ति है। दो अन्य दोषियों इकबाल कांग और डिआंड्रे बैप्टिस्ट को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी थी। कांग को आगजनी के लिए 17 साल की जेल और पांच साल की अतिरिक्त सजा सुनाई गई, जबकि बैप्टिस्ट को 17 साल तक पैरोल की पात्रता के बिना आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।तीनों दोषियों ने 38 वर्षीय विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या करने के बाद एक वाहन में आग लगा दी थी। संदिग्धों को कुछ समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। (अनंत ज्ञान)

# पाक से जुड़े हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

**एजेंसी, अमृतसर।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में 7 आरोपी-शमशेर सिंह उर्फ सीमा, अमनदीप सिंह उर्फ बॉबी, बलविंदर सिंह उर्फ काका, गुरदेव सिंह, करणप्रीत सिंह, हरमन सिंह और एक नाबालिग-पकड़े गए। सभी आरोपी अमृतसर के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 आधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं, जिनमें 9 ग्लॉक 9 एमएम और 6 .30 बोर शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलर से हथियार ले रहे थे और राज्य में सप्लाई कर रहे थे। डीजीपी पंजाब पुलिस ने कार्रवाई की पुष्टि की। पुलिस ने कैंट थाने में एफआईआर दर्ज की है और नेटवर्क के सभी लिंक उजागर करने में जुटी है। यह ऑपरेशन राज्य में बढ़ती हथियार तस्करी रोकने में अहम कदम है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली दंगे मामले की 3 नवंबर तक टली सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली 2020 दंगे मामले में शरजील ईमाम, उमर खालिद, मीरान हैदर और अन्य की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गुल्फीशा फातिमा अप्रैल 2020 से 5 साल 5 महीने से जेल में हैं और आरोप अभी तय नहीं हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि दंगे अचानक नहीं हुए बल्कि देश को कमजोर करने की साजिश थी। हाईकोर्ट ने पहले ही सभी आरोपियों की जमानत खारिज कर दी थी। शरजील इमाम की ओर से कहा गया कि जांच में 3 साल लग गए। उमर खालिद के वकील कपिल सिब्बल ने दावा किया कि दंगों के समय वह दिल्ली में मौजूद नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 3 नवंबर तक के लिए टाल दी। (अनंत ज्ञान)

# अभिनेता धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर फैलते ही उनके फैंस और फिल्म जगत में चिंता की लहर दौड़ गई। परिवार और करीबी सूत्रों ने बताया कि यह कोई गंभीर मामला नहीं है। धर्मेंद्र का यह अस्पताल आगमन रूटीन चेकअप के लिए किया गया। 90 साल की उम्र को देखते हुए डॉक्टरों ने एहतियात के तौर पर कुछ जांचें कराई। डॉक्टर उनकी सेहत का सामान्य निरीक्षण कर रहे हैं और वे बिल्कुल ठीक हैं। धर्मेंद्र ने 'शोले', 'चुपके चुपके', 'धरमवीर', 'ड्रीम गर्ल' और 'यमला पगला दीवाना' जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उनके फैंस को अब राहत मिली है कि अभिनेता सुरक्षित हैं। (अनंत ज्ञान)

# पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा हो: पीएम मोदी

**एजेंसी, वडोदरा**



प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की। एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन हुआ।

पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। कश्मीर को अलग संविधान से बांट दिया। कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा।

### नेहरू ने बांटा, जो अंग्रेज नहीं कर पाए कांग्रेस ने किया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता, बल्कि गुलाम मानसिकता अंग्रेजों से विरासत में मिली है। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो वंदे मातरम् राष्ट्र की एकता और एकजुटता की आवाज बना। अंग्रेजों ने वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन कभी सफल नहीं हुए।

मोदी ने कहा कि जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह कांग्रेस ने कर दिया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने समाज को विभाजित किया और ब्रिटिश एजेंडे को आगे बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 466 अंक गिरकर हुआ बंद, निफ्टी 166 .65 अंक लुढ़की

**एजेंसी, मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार में 31 अक्तूबर को लगातार दूसरे दिन गिरावट है, लेकिन यह एक दिन पहले की गिरावट से कम है। सेंसेक्स लाल निशान में 84,379.79 पर खुला और फिर पिछली क्लोजिंग से 498.8 प्वॉइंट्स टूटकर 83,905.66 के लो तक गया। निफ्टी भी गिरावट के साथ 25,863.80 पर खुला और फिर 166.65 प्वॉइंट लुढ़क कर 25,711.20 के लो तक गया। दिन में सेंसेक्स ने 84,712.79 और निफ्टी ने 25,953.75 का हाई देखा।

कारोबार बंद होने पर सेंसेक्स 465.75 पॉइंट्स या 0.55% गिरावट के साथ 83,938.71 पर और निफ्टी 155.75 प्वॉइंट्स या 0.60% गिरावट के साथ 25,722.10 पर सेटल हुआ। निफ्टी पर पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में हैं। (अनंत ज्ञान)

# इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर सोनिया, राहुल ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शुक्रवार को 41वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और लोकसभा के विपक्षी नेता राहुल गांधी ने इंदिरा गांधी को दिल्ली के उनके मृत्यु स्मारक शक्ति स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इंदिरा गांधी को 31 अक्तूबर 1984 को उनके ही दो बॉडीगार्ड ने हत्या कर दी थी। वे भारत की तीसरी और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने 1966 से 1977 और फिर 1980 से 1984 तक देश का नेतृत्व किया था। उनके मृत्यु स्मारक शक्ति स्थल की स्थापना उनकी मृत्यु के एक साल बाद 1985 में की गई थी।

उन्होंने आगे 13 अगस्त 1977 की शाम को याद करते हुए लिखा कि बारिश हो रही थी ,जब इंदिरा गांधी कार, जीप, ट्रैक्टर और फिर हाथी पर सवार होकर बिहार के सुदूर गांव बेलछी पहुंचीं। वहां उन्होंने जातीय हिंसा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। अगले ही दिन पटना में उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और कट्टर आलोचक जयप्रकाश नारायण से भी मुलाकात की थी। वहीं, कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया से इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते एक पोस्ट किया। इंदिरा गांधी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे खून का एक-एक कतरा देश को मजबूत करेगा।' वहीं, देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने संसद के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजली दी। (अनंत ज्ञान)

# नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री बन सकते हैं समलैंगिक रॉब जेटन

**एजेंसी, एम्सटर्डम।** नीदरलैंड्स में सेंट्रिस्ट लिबरल डेमोक्रेट्स 66 पार्टी (डी66) के नेता रॉब जेटन अगले पीएम बन सकते हैं। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, उनकी पार्टी को करीब 30 सीटें मिल सकती हैं, जो कट्टर दक्षिणपंथी नेता गीर्ट वाइल्डर्स की पार्टी फॉर फ्रीडम के बराबर है। अगर यह एग्जिट पोल असल आंकड़ों में बदलते हैं तो 38 साल के रॉब देश के सबसे युवा और पहले ओपनली गे (खुले तौर पर समलैंगिक) पीएम भी बनेंगे। जेटन की अगले साल उनके मंगेतर निकोलस कीनन से शादी होने वाली है। निकोलस अर्जेंटीना की पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी हैं। यह रिजल्ट गीर्ट वाइल्डर्स के लिए बड़ा झटका होगा। उन्होंने अपना चुनावी कैंपेन मुस्लिम अप्रवासियों, समलैंगिकों और जलवायु परिवर्तन की नीतियों के खिलाफ चलाया था। 2022 में नूपुर शर्मा ने जब पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान दिया था, तब गीर्ट वाइल्डर्स ने खुलकर उनका समर्थन किया था। (अनंत ज्ञान)

### फाइनेंस-अकाउंटिंग की निकाली जॉब्स, इसी वर्ष मिलेगी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस

# मस्क की स्टारलिंक ने शुरू की भारत में भर्ती

**एजेंसी, बेंगलुरु**




एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने भारत में हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है। कंपनी फाइनेंस और अकाउंटिंग रोल्स के लिए उम्मीदवार ढूंढ रही है। यह देश में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस लॉन्च करने की दिशा में बड़ा कदम है। माना जा रहा है कि स्टारलिंक की सर्विस 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में शुरू हो सकती है। सभी जॉब्स बेंगलुरु में हैं, जो स्टारलिंक का मुख्य ऑपरेशनल हब बनेगा। कंपनी ने पेमेंट्स मैनेजर, अकाउंटिंग मैनेजर, सीनियर ट्रेजरी एनालिस्ट और टैक्स मैनेजर जैसे रोल्स पोस्ट किए हैं। केवल लोकल कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकते हैं। रिमोट या हाइब्रिड ऑप्शन नहीं है।

स्टारलिंक भारत में ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेटअप कर रही है। कंपनी ने सिक्योरिटी ट्रायल्स शुरू किए हैं ताकि सरकारी नियमों का पालन हो सके। मुंबई में लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों को सर्विस का डेमो दिया गया है। यह सब स्पेक्ट्रम अलॉकेशन से पहले जरूरी है।

डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम्युनिकेशंस (ष्ठश्व) और ट्राई अभी स्पेक्ट्रम फ्रेमवर्क पर काम कर रहे हैं। स्टारलिंक ने मुंबई, चेन्नई और नोएडा में तीन गेटवे स्टेशन्स लगाने की मंजूरी मांगी है। कंपनी लॉन्च के बाद गेटवे नेटवर्क को 9-10 जगहों तक बढ़ाएगी। चंडीगढ़, कोलकाता और लखनऊ जैसे शहरों में नए साइट्स प्लान कर रही है। इससे हर कोने में कनेक्टिविटी मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत-आस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों ने बेन आस्टिन के सम्मान में बांधी काली पट्टी

**एजेंसी, मेलबर्न।** भारत और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिये बांह पर काली पट्टी बांधी। आस्टिन की यहां मंगलवार को अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई थी। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। उन्हें फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी। वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने वीरवार को उनकी मौत की पुष्टि की। बीसीसीआई ने एक्स पर एक तस्वीर के साथ लिखा,''आस्ट्रेलिया और भारतीय टीम ने उदीयमान क्रिकेटर बेन आस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधी है। आस्टिन की नेट अभ्यास के दौरान गेंद लगने से मौत हो गई थी।'' इससे पहले नवी मुंबई में महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में भारत और आस्ट्रेलिया की महिला टीमों ने भी बाजू पर काली पट्टी बांधकर खेला था। आस्टिन ने अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था, लेकिन 'नेकगार्ड' नहीं। इस हादसे ने आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज फिलीप ह्यूज की यादें ताजा करा दी। नवंबर 2014 को सिडनी में आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फिल ह्यूज ने दम तोड़ा था जब एक प्रथम श्रेणी मैच के दौरान उन्हें बल्लेबाजी करते समय बाउंसर कान के पास लगा था। (अनंत ज्ञान)

### रतिका सीलान नार्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की रतिका एस सीलान आस्ट्रेलिया में नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सातवीं वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की इस खिलाड़ी ने 6000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में कीवी मैडेन ली को को प्री क्वार्टर फाइनल में 9-11 11-8 11-8 11-2 से हराया। अब वह तीसरी वरीयता प्राप्त हांगकांग की बोबो लैम से खेलेंगी। इस बीच अंडोरा में पीएसए चैलेंजर 12 पियरे और वाकांस टूर्नामेंट में तन्वी खन्ना को तीसरी वरीयता प्राप्त नूर खफागी ने क्वार्टर फाइनल में हराया। (अनंत ज्ञान)

### पेरिस मास्टर्स : सिनर क्वार्टर फाइनल में, नंबर-1 की रैंकिंग बरकरार

**एजेंसी, पेरिस।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने गुरुवार को अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंदोलो को 7-5, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ सिनर ने अपनी इनडोर कोर्ट पर लगातार 23वीं जीत दर्ज की और दुनिया की नंबर-1 रैंकिंग पर दोबारा कब्जा करने की उम्मीदों को जिंदा रखा। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर को शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए यह टूर्नामेंट जीतना जरूरी है। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा, जिन्होंने 12वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को 7-6(6), 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया। सिनर इस सीज़न का पांचवां और करियर का 23वां खिताब जीतने की दौड़ में हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह विएना में एटीपी 500 खिताब जीता था। सिनर ने कहा, 'उम्मीद है मैं पूरी तरह रिकवर कर लूंगा, यही मेरी प्राथमिकता है। आज का मैच शानदार रहा।' उनका शेल्टन के खिलाफ रिकॉर्ड 6-1 है। इस बीच, डिफेंडिंग चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 15वीं वरीयता प्राप्त अलेजांद्रो डेविडोविच फोकीना को 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव से होगा, जिनके खिलाफ वह अब तक 7-14 से पीछे हैं। (अनंत ज्ञान)

### डारिया कसाटकिना का अलग अंदाज

**रूस।** डारिया कसाटकिना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



## ऑस्ट्रेलिया ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में किया चेज

# भारत ने दूसरा टी-20 चार विकेट से हारा

**एजेंसी, मेलबर्न**

टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 विकेट से हार गई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम 18.4 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई। शुभमन गिल (5 रन), संजू सैमसन (2 रन), तिलक वर्मा (जीरो) और सूर्यकुमार यादव (एक रन) पावरप्ले के अंदर पवेलियन लौट गए। ऐसे में अभिषेक शर्मा ने हर्षित राणा के साथ अर्द्धशतकीय साझेदारी करके स्कोर 125 तक पहुंचाया। अभिषेक ने 37 बॉल पर 68 रन बनाए। 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 3 विकेट झटके। जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट स्टोयनिस को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलने के बाद रन लेते मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड।

**काम न आई अभिषेक शर्मा की 68 रन की पारी**

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे, पहला मैच रहा बेनतीजा

**इस** जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला होबार्ट में 2 नवंबर को खेला जाएगा। पहला मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था।

## जेमिमा की मानसिक दृढ़ता थी शानदार हमने ऑस्ट्रेलिया की तरह नहीं खेला : हीली

**एजेंसी, नवी मुंबई**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढ़ता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम ऑस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी।

हीली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा,''हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे, लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली।''



उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां कीं जो आमतौर पर टीम नहीं करती है। उन्होंने कहा,''हमने कई बार जरूरत से ज्यादा खराब गेंदें फेंकी और शायद हमने जो मौके बनाए, उनका फायदा नहीं उठा पाए। हम आम तौर पर जितने आक्रामक होते हैं, उतने आक्रामक नहीं थे और यह ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसा प्रदर्शन नहीं था। यह जानते हुए कि हमने इस विश्व कप में कितना अच्छा खेला है, मुझे निराशा हो रही है।''

उन्होंने कहा,''हमने उसे कुछ मौके दिए जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसने शानदार पारी खेली। उसकी मानसिक दृढता बेमिसाल थी और उसे इसका पूरा श्रेय जाता है।'' हीली ने कहा कि उनकी टीम ने जो कैच टपकाए, उससे मैच की तस्वीर बदल गई। उन्होंने कहा,''इससे मैच की दिशा ही बदल गई। शायद सेमीफाइनल का दबाव था या एकाग्रता की कमी या कुछ और। मैं नहीं जानती।'' हरमनप्रीत कौर और जेमिमा के बीच 167 रन की साझेदारी के बारे में उन्होंने कहा,''दोनों बेहतरीन क्रिकेटर हैं और लंबे समय से भारत के लिए खेल रहे हैं। यह अच्छी विकेट थी और बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। हमने अपनी ताकत पर नहीं खेला और उनको मैच में दबाव बनाने का मौका दे दिया।''

हीली ने इस बात का स्वागत किया कि अब रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल से एक नया वनडे चैंपियन निकलेगा, लेकिन यह भी कहा कि कैलेंडर में और वनडे मैच होने चाहिए।

उन्होंने कहा,''लोग कहते हैं कि यह सबसे करीबी मुकाबलों वाला वनडे विश्व कप था और मैं इसे मानती हूं। अब एक नया चैंपियन निकलेगा। यह देखना बहुत अच्छा लगा कि भारत में इसे कितना अच्छा समर्थन मिला है, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें घरेलू मैदान पर घरेलू दर्शकों के सामने एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में खेलने का अवसर मिलना बहुत खास होगा।'' उन्होंने कहा,''उम्मीद है कि कैलेंडर में और वनडे देखने को मिलेंगे। अधिक द्विपक्षीय सीरीज खेली जाएंगी।'' (अनंत ज्ञान)

## सचिन तेंदुलकर समेत खेल जगत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तारीफों के बांधे पुल

**एजेंसी, नवी मुंबई**

सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में देश के समूचे खेल जगत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर तारीफ की है जिसने महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके ऑस्ट्रेलिया पर यादगार जीत दर्ज की।



जेमिमा रौड्रिग्स ने शानदार पारी खेलते हुए भारत को तीसरी बार महिला वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचाया। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया का विश्व कप में लगातार 15 जीत का अपराजेय अभियान भी खत्म हो गया। तेंदुलकर ने जीत के बाद एक्स पर लिखा,''शानदार जीत। शानदार प्रदर्शन जेमिमा रौड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर। श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी से मैच को जीवंत बनाये रखा।'' उन्होंने आगे लिखा, ''तिरंगे का परचम लहराते रहो।'' भारत के पूर्व कोच और महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा,''आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बेहतरीन जीत। जेमिमा रौड्रिग्स का संयम और ताकत से भरा जबर्दस्त प्रदर्शन। यह पारी परिपक्वता और आत्मविश्वास की बानगी देती है।''

युवराज सिंह ने लिखा,''कुछ जीत स्कोरबोर्ड के आंकड़ों से भी ऊपर होती है और यह उनमे से एक है।'' उन्होंने एक्स पर लिखा,''जब पूरी दुनिया देख रही थी और काफी दबाव था, ऐसे में हरमनप्रीत कौर ने असल कप्तान की तरह संयम और दृढ़ता से भरी पारी खेली। वहीं, जेमिमा रौड्रिग्स ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक खेली।'' पूर्व तेज गेंदबाज और कमेंटेटर इरफान पठान ने कहा,''भारतीय महिला टीम की इस पारी को देखना सुखद रहा। जेमिमा रौड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर का शानदार प्रदर्शन। रिचा घोष की पारी भी अहम रही।'' खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा,''यह भारत की नारीशक्ति है।'' (अनंत ज्ञान)

## हरमनप्रीत के आउट होने के बाद मुझे फिर से फोकस करने में मिली मदद : रौड्रिग्स

**एजेंसी, नवी मुंबई**

अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली।



दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। जेमिमा ने मीडिया से कहा,''मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है।'' उन्होंने कहा,''जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली, क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैंने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिये मैं ही रन बनाऊंगी, मुझे टिककर खेलना है।''

जेमिमा ने कहा,''इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।'' प्रेस कॉन्फ्रेंस में बार-बार रो पड़ी जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा,''मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी। मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।''

उन्होंने कहा,''मैं खुदा से बात कर रही थी, क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिये कर देते हैं।'' इस पारी से पहले जेमिमा कठिन दौर से गुजर रही थी और टीम से बाहर भी हुई लेकिन उसके साथी खिलाड़ी उसके साथ डटे रहे।

उन्होंने कहा,''कोई अपनी कमजोरियों के बारे में बात नहीं करना चाहता। टूर्नामेंट की शुरुआत में काफी बैचेनी से गुजर रही थी। अपनी मां को फोन करके पूरा समय रोती रहती थी, क्योंकि जब आप इन हालात से गुजर रहे होते हैं तो कुछ सूझ नहीं पड़ता।'' (अनंत ज्ञान)

## पाक में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर हुई तारीफ

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

नवी मुंबई के मैदान में शुक्रवार को जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे बड़े मंच पर अपने जीवन की यादगार पारी खेली और उनकी नाबाद 127 रन की पारी की बदौलत भारत ने वीरवार को यहां सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर महिला विश्व कप के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अब दो नवंबर को फाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा जिससे टूर्नामेंट को नया विजेता मिलेगा।

**कहा-ये लड़कियां तो हमारी पुरुष टीम को भी हरा देंगी**

रोड्रिग्स की नाबाद शतकीय पारी ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड के शतक पर भारी पड़ गई। बहरहाल एक तरफ जहां भारत समेत पूरी दुनिया में भारतीय महिला टीम के प्रदर्शन की तारीफ हो रहे है तो पड़ोसी देश पाकिस्तान भी टीम इंडिया की तारीफ करने पर मजबूर हो गया। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज इंजमाम उल हक से लेकर कामरान अकमल और तेज गेंदबाज शोएब अख्तर जाइए पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने टीम इंडिया की तारीफों के पुल बांधे है।

अख्तर ने कहा कि भारत के महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया की जमकर पिटाई की है। यह कुछ ऐसे पिटाई है, जैसे किसी को बोरी में भरकर पीटा जाता है। आज ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारतीय महिला टीम इन इसी तरह से पीटा है। इसी तरह इंजमाम ने कहा कि खेल में हार और जीत इस खेल का हिस्सा हैं, लेकिन टीम इंडिया ने आज जिस तरह का खेल दिखाया और बल्लेबाजी की, यह अद्भुत था। इसी तरह कामरान अकमल ने कहा कि मैंने अपने जीवन में जितनी भी क्रिकेट देखी है, लेकिन मैंने कभी इस तरह का मुकाबला नहीं देखा था। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व भारतीय हॉकी गोलकीपर फ्रेडरिक का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और म्युनिख ओलंपिक 1972 की कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य मैनुअल फ्रेडरिक का शुक्रवार को सुबह बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं। वह पिछले दस महीने से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। केरल के कन्नूर में 20 अक्तूबर 1947 को जन्मे फ्रेडरिक ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रदेश के पहले खिलाड़ी थे। उनके अलावा केरल से पीआर श्रीजेश ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है और वह भी हॉकी गोलकीपर रहे हैं। काफी पहले बेंगलुरु में आ बसे फ्रेडरिक एक साल पहले पत्नी शीतला के निधन के बाद से अवसाद में भी थे। उनकी बेटी फ्रेशना ने कहा,''डैड का सुबह निधन हो गया। वह पिछले दस महीने से कैंसर से जूझ रहे थे और एक।'' उन्होंने कहा,'' हमने बहुत कोशिश की लेकिन उन्हें पीलिया भी हो गया था जिससे उनका लिवर प्रभावित हुआ और उनकी हालत बिगड़ गई।' फ्रेडरिक को 2019 में खेलों में आजीवन उपलब्धियों के लिये मेजर ध्यानचंद पुरस्कार भी दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

## भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर बने इलमपार्थी एआर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युवा शतरंज खिलाड़ी इलमपार्थी एआर को बोस्निया और हर्जेगोविना में जीएम4 बिजेलजीना 2025 शतरंज महोत्सव में अपना अंतिम नॉर्म हासिल करने के बाद भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर बन गए।



चेन्नई के 16 वर्षीय खिलाड़ी इलमपार्थी ने दिसंबर 2023 में वियतनाम में हनोई टूर्नामेंट में अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म और इसके बाद 2024 में सिंगापुर इंटरनेशनल ओपन में उन्होंने दूसरा नॉर्म हासिल किया।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने 'एक्स' पर लिखा, ''भारत के लिए 90वां ग्रैंडमास्टर। देश के 90वें ग्रैंडमास्टर बनने के लिए सभी जरूरी योग्यता पूरी करने पर इलमपार्थी ए आर को बधाई। आपको और भी कई उपलब्धियां और देश को गौरवान्वित करने में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।''

इलमपार्थी ने रिल्टन कप (2024-25) के दौरान 2500 ईएलो रेटिंग का आंकड़ा पार किया और बोस्निया में अंतिम नॉर्म ने उनके ग्रैंडमास्टर खिताब को पक्का कर दिया। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 'एक्स' पर लिखा, ''इलमपार्थी को ग्रैंडमास्टर के रूप में घोषित करते हुए खुशी हो रही है। वह कुछ मौकों पर खिताब से चूक गए थे, लेकिन हर बार उन्होंने वापसी की और कड़ी मेहनत की।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत की उम्मीदों के लिए अहम प्रज्ञानानंदा, अर्जुन और गुकेश

**एजेंसी, पणजी (गोवा)**

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शनिवार से शुरू हो रहे फिडे विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे जिसमें दुनिया की शीर्ष तीन रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी अनुपस्थित रहेंगे।

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के अलावा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना की जोड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेगी। विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

पर सबसे अहम चीज यह है कि इस टूर्नामेंट से 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालीफिकेशन स्थान सुनिश्चित होंगे। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले साल होने वाले विश्व चैंपियनशिप मैच का खिलाड़ी तय होगा। गोवा में अगले चार हफ्तों तक 80 देशों के 206 शीर्ष शतरंज खिलाड़ी आठ दौर वाले एकल एलिमिनेशन नॉकआउट टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक मैच में निश्चित समय में दो क्लासिकल बाजियां होंगी।

अगर क्लासिकल बाजियों के बाद स्कोर बराबर रहता है तो खिलाड़ी तीसरे दिन रैपिड और ब्लिट्ज टाई-ब्रेक की एक श्रृंखला खेलेंगे, जिससे यह तय होगा कि कौन आगे बढ़ेगा। भारत के शीर्ष तीन खिलाड़ियों में गुकेश विश्व चैंपियन हैं और उन्हें अगले साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए कैंडिडेट्स चक्र से गुजरने की जरूरत नहीं है, जिससे उन पर दबाव कम होगा। प्रज्ञानानंदा की अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह लगभग पक्की है, जबकि एरिगेसी अगले साल की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं। कैंडिडेट्स से तय होगा कि अगले विश्व चैंपियनशिप मैच में गुकेश को कौन चुनौती देगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के तीन स्थान दांव पर लगे हैं तो ऐसे में अनुभवी विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा के भी कट बनाने की अच्छी संभावना है। इसके अलावा युवा निहाल सरीन और अरविंद चितंबरम भी इस प्रतियोगिता में प्रबल दावेदार होंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 24 भारतीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शीर्ष 50 खिलाड़ियों को दूसरे दौर में सीधे प्रवेश दिया गया है जबकि शेष 156 खिलाड़ी पहले दौर से ही प्रतिस्पर्धा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**सलाह** भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार बोले-

## मेरा एक ही संदेश था कि अच्छे से करना 'फिनिश'

**एजेंसी, नवी मुंबई**

घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद कभी भारत के लिए नहीं खेल सके भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अपनी टीम को उनका एक ही संदेश था कि अच्छे से 'फिनिश' करना है और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने वही किया।





जीत के लिए रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स के नाबाद 127 रन और हरमनप्रीत की 89 रन की पारी और तीसरे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर तीसरी बार महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। मजूमदार ने जीत के बाद कहा,'' कोई बड़ा संदेश नहीं था। हम हमेशा एक-दूसरे से कहते रहते हैं कि फिनिश अच्छे से करना है। हम आम तौर पर शुरुआत अच्छी करते हैं, लेकिन फिनिशिंग पर काम करने की जरूरत रहती है। आज वही दिन था।''

ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन पर अंगुलियां उठी थीं, लेकिन मजूमदार अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले उन्होंने व्हाइटबोर्ड पर एक ही बात लिखी,'' हमें फाइनल में पहुंचने के लिए बस एक रन अधिक बनाना है।'' उन्होंने युवा क्रांति गौड़ और श्री चरणी पर भरोसा रखा जो काम आया। मजूमदार ने कहा,''क्रांति ने पदार्पण के बाद से शानदार प्रदर्शन किया है। वह प्रतिदिन सीख रही है। रेणुका ठाकुर उसका बखूबी साथ दे रही है।''

उन्होंने जेमिमा पर भी पूरा भरोसा रखा और उसे तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला मास्टर स्ट्रोक रहा। उन्होंने कहा,''मुझे हमेशा से लगता था कि जेमिमा हालात के अनुरूप अपने खेल में बदलाव का माद्दा रखती है और इस एक फैसले से काफी फर्क पड़ा।'' उन्होंने कहा,''हरमन सारे समय शांतचित्त होकर खेली और मुस्कुराती रही। दीप्ति ने सभी की हौसलाअफजाई की और स्मृति भी जोश से भरी रहती है। सभी को अपनी भूमिका पता है और इससे मदद मिलती है।'' (अनंत ज्ञान)